

हिन्दी दैनिक
# रोजनामा इन्डो गल्फ
www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com
सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम
पटना,सोमवार 02 सितम्बर 2024 वर्ष : 02 अंक : 111 पृष्ठ -12 PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 मूल्य - ₹ 3 पटना संस्करण



## ब्रीफ न्यूज

### झारखंड : आबकारी कांस्टेबल भर्ती की शारीरिक परीक्षा के दौरान कुछ अभ्यर्थियों की मौत



एजेंसी

**नइ दिल्ली:**झारखंड में आबकारी कांस्टेबल की भर्ती के लिए जारी शारीरिक परीक्षा के दौरान कुछ अभ्यर्थियों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया कि अभियान के दौरान 10 अभ्यर्थियों की मौत हुई है ।पार्टी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के ह्यकुप्रबंधनह्ल के कारण ये मौतें हुई हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि झारखंड आबकारी कांस्टेबल प्रतियोगी परीक्षा के तहत शारीरिक परीक्षा रांची, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, पूर्वी सिंहभूम और साहेबगंज जिलों के सात केंद्रों पर आयोजित किया गया था ।इसमें कहा गया है, ह्यद्युर्भाग्यवश, शारीरिक परीक्षा के दौरान कुछ केंद्रों पर कुछ अभ्यर्थियों की मौत हो गई। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और मौत के पीछे के कारण का पता लगाया जा रहा है ।पुलिस के मुताबिक, सभी केन्द्रों पर चिकित्सा दल, दवाइयां, एम्बुलेंस और पेयजल सहित पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

# 'भारत लिख रहा सफलता की कहानी'

# जानें पीएम मोदी ने वर्ल्ड लीडर्स फोरम में और क्या कहा?

## पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज एक अलग ही सक्सेस स्टोरी लिख रहा है. जहां भारत में हमने सुधार का असर अपनी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर देखा है.

एजेंसी

**नई दिल्ली:**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (31 अगस्त) को भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े अवसरों की भूमि बताते हुए कारोबार क्षेत्र में सुधार, स्थिर नीति वाली व्यवस्था और विकास का वादा किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन हमारा मंत्र रहा है. जहां देश के लोग भी हमारे इस सेवाभाव को देख रहे हैं. देश के लोग बीते 10 सालों में देश की उपलब्धियों को देख रहे हैं. इसलिए आज भारत के लोग एक नए विश्वास से भी भरे हुए हैं.ह्यईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरमह्ल को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विश्वास खुद पर, विश्वास देश की प्रगति पर, विश्वास नीतियों पर, विश्वास निर्णयों पर और विश्वास नीयत पर भी है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि बीते सालों में हम भारतीयों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने में सफल हुए हैं. हमारी सरकार ने भारत के करोड़ों-करोड़ नागरिकों के जीवन को छुआ है. देश




के नागरिकों को सुशासन देना हमारा संकल्प है.10 सालों में हमारी अर्थव्यवस्था करीब 90% बढ़ी- पीएम मोदीकार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में वैश्विक अर्थव्यवस्था 35% बढ़ी है. लेकिन इन्हीं 10 सालों में हमारी अर्थव्यवस्था करीब 90% बढ़ी है. ये वो ग्रोथ है, जो हमने हासिल की है. जिसका हम वादा करते हैं और ये ऐसे ही आगे भी जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यहां भारत के उज्ज्वल भविष्य को लेकर बेहतरीन संवाद हुए होंगे. ये संवाद तब हुए, जब भारत को लेकर पूरा विश्व एक विश्वास से भरा हुआ है.'भारत में सुधार का असर अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर दिखा'पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज एक अलग ही सक्सेस स्टोरी लिख रहा है. जहां भारत में हमने सुधार का असर अपनी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर देखा है. हमने गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घरों को स्वीकृति दी. वढर की घोषणा की, 1 लाख करोड़ रुपये के एग्रीकल्चर इंफ्रा फंड के विस्तार का फैसला हुआ. बेहतर क्वालिटी के बीजों की 100 से अधिक किस्में जारी की. साथ ही 2 लाख करोड़ रुपये के पीएम पैकेज की घोषणा हुई, जिसका सीधा फायदा 4 करोड़ से ज्यादा युवाओं को मिलेगा.'तीसरे कार्यकाल के 100 दिनों से भी कम समय में कई बड़े फैसले लिए'पीएम मोदी ने आगे कहा कि इन 100 दिन के भीतर ही देश में 11 लाख ग्रामीण सामान्य परिवारों से 11 लाख नई लखपति दीदी बनी हैं. हालांकि, अभी हमारी तीसरी बार की सरकार बने 100 दिन भी पूरे नहीं हुए हैं. हम भौतिक मूलढ़ांचे को आधुनिक बनाने में जुटे हैं. हम सामाजिक अवसंरचना का विस्तार कर रहे हैं.

# ओडिशा: पटनायक ने सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा




एजेंसी

**ओडिशा** में सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने शनिवार को कहा कि राज्य शांति एवं सद्भाव के लिए जाना जाता है ।विधानसभा में, गृह विभाग के लिए अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान पटनायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद से राज्य में कई सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं ।उन्होंने कहा, ह्यह्यइस सरकार के सत्ता में आने के कुछ समय बाद ही सांप्रदायिक घटना हुई, बालासोर जिला और राज्य के अन्य हिस्सों में भी कई सांप्रदायिक घटनाएं हुईं। हाल में खुर्दा जिले में एक सांप्रदायिक घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।उन्होंने कहा कि ओडिशा सांप्रदायिक शांति एवं सद्भाव के लिए जाना जाता है तथा इसे हर कीमत पर बनाकर रखा जाना चाहिए। पटनायक ने यह भी दावा किया कि सरकार ने राज्यपाल रघुबर दास के बेटे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जिसने पुरी में रथ यात्रा के दौरान एक अधिकारी पर कथित तौर पर हमला किया और उसे अपमानित किया ।उन्होंने कहा कि क्या राज्यपाल, मंत्री, सांसद या विधायक के बेटे होने का मतलब यह है कि उसे अभियोजन से छूट प्राप्त है और यदि ऐसा है तो ओडिशा के लोगों को बताया जाए कि कुछ लोग कानून से ऊपर हैं। पटनायक ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, कानून से ऊपर कोई नहीं था।

# भाजपा संसदीय बोर्ड तय करता है कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा : हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी

एजेंसी

**हरियाणा:**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए लाडवा से उम्मीदवार के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम घोषित किये जाने के एक दिन बाद, उन्होंने (सैनी ने) शनिवार को कहा कि यह भाजपा का संसदीय बोर्ड तय करता है कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा ।सैनी ने संवाददाताओं से कहा, मैं करनाल से विधायक हूं...भाजपा संसदीय बोर्ड तय करेगा कि मुझे कहां से चुनाव लड़ना है। कोई भी व्यक्ति चाहे वह कितना भी बड़ा



क्यों न हो, यह दावा नहीं कर सकता कि वह किसी विशेष सीट से चुनाव लड़ेगा। मैं मुख्यमंत्री हूं, यहां तक ??कि मैं भी यह दावा नहीं कर सकता कि मैं कहां से चुनाव लड़ूंगा ।मुख्यमंत्री, बड़ौली द्वारा लाडवा से उनके चुनाव लड़ने की घोषणा पर पत्रकारों के सवाल का जवाब दे रहे थे। शुक्रवार को करनाल में अपने रोड शो के दौरान सैनी से पत्रकारों ने पूछा कि करनाल से पार्टी का उम्मीदवार कौन होगा, इस पर उन्होंने जवाब दिया, मैं करनाल से भी चुनाव लड़ूंगा, आप क्यों चिंतित हैं ?यह पूछे जाने पर कि क्या वह दो सीटों से नामांकन दाखिल करेंगे, सैनी ने सीधा जवाब देने से बचते हुए कहा, मैं करनाल से भी चुनाव लड़ूंगा। इस बीच, सैनी ने कांग्रेस के हरियाणा मांगे हिसाब अभियान पर फिर से निशाना साधा और उस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

# सरकार बाढ़ से निपटने में नाकाम रही : मायावती

एजेंसी

**उत्तर प्रदेश:**बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने सरकार पर देश के विभिन्न हिस्सों में उत्पन्न बाढ़ की समस्या से निपटने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि सरकारों को सिर्फ राहत ही नहीं, बल्कि बाढ़ निवारण पर भी ध्यान देना चाहिए ।मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, देश के विभिन्न राज्यों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से उपजी स्थिति से सही से नहीं निपट पाने के कारण लाखों परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है ।ऐसी तबाही लोगों का जीवन बर्बाद



कर देती है। उन्होंने कहा, सिर्फ राहत ही नहीं, बल्कि सरकारों को बाढ़ निवारण पर भी समुचित ध्यान देना चाहिए। गौरतलब है कि गुजरात और त्रिपुरा समेत देश के कई राज्यों में विशेषकर मध्य व पश्चिमी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश तथा बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं।

# ओडिशा: स्पीकर ने आंगनवाड़ी में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर उपमुख्यमंत्री को बयान देने को कहा

एजेंसी

**ओडिशा:**ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री पार्वती परिदा को आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को घटिया गुणवत्ता वाला ह्यछटुआह्ल (खाद्य पदार्थ) उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर बयान देने का निर्देश दिया ।विधानसभा अध्यक्ष ने परिदा को निर्देश दिया कि वह पिछले पांच वर्षों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए चलाए गए कार्यक्रमों तथा दोषी आपूर्ति एजेंसियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में सदन में बयान दें ।परिदा के पास



महिला एवं बाल विकास विभाग का प्रभार भी है। विधानसभा अध्यक्ष का यह निर्देश कई विधायकों द्वारा यह आरोप लगाए जाने के बाद आया कि पूरक पोषण कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को घटिया गुणवत्ता वाला छटुआवितरित किया जा रहा है।

# जम्मू कश्मीर में सत्ता में आने पर नेशनल कॉन्फ्रेंस अफस्पा हटाने को प्राथमिकता देगी : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी

**जम्मू कश्मीर:**नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह जम्मू कश्मीर से अफस्पाहटाने को प्राथमिकता देगी और कश्मीरी युवाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न को समाप्त करेगी ।अब्दुल्ला ने 2012 में तत्कालीन जम्मू कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रहते हुए विवादास्पद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) को हटाने की वकालत की थी ।उन्होंने यहां तक ??घोषणा की थी कि उनके



कार्यकाल के दौरान अफस्पा को हटा दिया गया होता, लेकिन इस प्रस्ताव को सेना की ओर से कड़े विरोध का सामना करना पड़ा ।अब्दुल्ला ने प्रमुख राजनीतिक कार्यकताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा, पार्टी (नेशनल कॉन्फ्रेंस) अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराती है। सत्ता में आने पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार अफस्पा को हटाने को प्राथमिकता देगी, जिससे हमारे युवाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न पर रोक लगेगी ।पार्टी के घोषणापत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि यह वास्तव में जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है।

# ओडिशा: धर्मेंद्र प्रधान ने 156 साल पुराने रेवेंशा विश्वविद्यालय का नाम बदलने का सुझाव दिया

एजेंसी

**ओडिशा :**केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को ओडिशा के सबसे पुराने शैक्षणिक संस्थानों में से एक रेवेंशा विश्वविद्यालय का नाम बदलने का सुझाव दिया। हालांकि,प्रधान ने स्पष्ट किया कि 156 साल पुराने संस्थान का नाम बदलने का सुझाव उनकी निजी राय है ।प्रधान ने कटक में स्वशासन दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ह्यह्यनाम परिवर्तन की आवश्यकता है। रेवेंशा, जिनके नाम पर




विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है,उन्होंने अकाल के दौरान जो किया, उससे ओडिशा के लोगों को नुकसान हुआ ।संबलपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने यह भी बताया कि 1866 का विनाशकारी अकाल ओडिशा के तत्कालीन आयुक्त टी.ई. रेवेंशा के कार्यकाल में पड़ा था। प्रधान ने कहा, ह्यह्यअकाल में ओडिशा के कई लोग मारे गए थे। यह आपदा ब्रिटिश अधिकारियों की प्रशासनिक विफलता के कारण आई थी, जिनमें टी.ई. रेवेंशा भी शामिल थे। ओडिशा के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का नाम ब्रिटिश आयुक्त के नाम पर क्यों रखा जाना चाहिए?

# केसी त्यागी का जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा, राजीव रंजन प्रसाद को मिली जिम्मेदारी




एजेंसी

**पटना:**जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि त्यागी ने निजी कारणों की वजह से इस्तीफा दिया। लेकिन माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के खिलाफ टिप्पणियों की वजह से त्यागी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से विदाई की गयी है। हालांकि, इन सभी अटकलों को त्यागी ने खारिज कर दिया है ।जेडी(यू) नेता केसी त्यागी ने कहा, 'मैं अभी भी पार्टी के साथ हूं। मैं पार्टी का राजनीतिक सलाहकार हूं। नीतीश कुमार के प्रति मेरी राजनीतिक प्रतिबद्धता है। मैं न तो परेशान हूं, न ही हताश या निराश हूं। मैं खुश हूं।' इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए त्यागी ने कहा, 'मैंने पार्टी प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं, मैंने कल नीतीश कुमार को पत्र लिखा, उन्होंने मुझे फोन किया और मुझसे पार्टी के सलाहकार के रूप में काम जारी रखने का आग्रह किया।'त्यागी के इस्तीफे के बाद राजीव रंजन प्रसाद जेडी(यू) का नया राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर राजीव रंजन ने नीतीश कुमार का आभार जताया।

# हिमंत बिस्वा सरमा से नाखुश हैं भाजपा के आका?

## जुमे की नमाज पर बवाल के बीच कांग्रेस MP का असम CM पर बड़ा बयान

एजेंसी

**नई दिल्ली:** असम विधानसभा में जुमे की नमाज का ब्रेक खत्म करने को लेकर सियासत गरमाती जा रही है. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार (30 अगस्त) को असम विधानसभा में शुक्रवार को दो घंटे के नमाज ब्रेक को रद्द करने का ऐलान किया. उन्होंने कहा कि इससे प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी और औपनिवेशिक युग की प्रथाओं का खात्मा होगा. असम सीएम के इस फैसले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने बड़ा हमला बोला है. आईएएनएस के मुताबिक, डॉ सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि मुझे लगता है, "असम सरकार और मुख्यमंत्री हिमंत सरमा को इन चीजों में ज्यादा दिलचस्पी है. उन्हें डेवलपमेंट, प्रोग्रेस, राहत का काम करने, लोगों को सुविधाएं दिलाने और



जनकल्याणकारी नीतियों में कोई विश्वास नहीं है." उन्होंने कहा, "सरमा को लगने लगा है कि उनकी नई पार्टी बीजेपी के जो आका हैं, उनसे खुश नहीं हैं. ऐसे में ज्यादा वफादारी दिखाने के चक्कर में वह यह सब हरकतें कर रहे हैं. इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है.सदियों से चली आ रही परंपराओं को रोकना ठीक नहीं: सैयद नसीर हुसैन कांग्रेस राज्यसभा सांसद ने यहां तक दावा किया कि जब असम में विधानसभा चुनाव होंगे तो बीजेपी को हार का मुंह देखना पड़ेगा. सैयद नसीर हुसैन ने कहा, "आने वाले चुनाव में वह हारने वाले हैं, इसलिए वह डिवाइड और पोलराइजेशन के मुद्दे के जरिये सियासत कर रहे हैं. हिंदुस्तान में हर समुदाय और हर धर्म के लोग रहते हैं. सदियों से चली आ रही उनकी सभ्यताएं और मान्यताएं हैं. उसको रोकना और उसको खत्म करना यह किसी भी समाज के लिए ठीक नहीं होगा.वहीं, असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार (31 अगस्त) को पत्रकारों से बात करते हुए जुमा नमाज ब्रेक खत्म किए जाने को अकेले लिया गया फैसला नहीं बताया. उन्होंने कहा, "हमारी विधानसभा के हिंदू और मुसलमानों ने मालास नियम समिति में बैठकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दो घंटे का ब्रेक ठीक नहीं है. हमें इस दौरान भी काम करना चाहिए. यह प्रथा 1937 में शुरू हुई और कल से बंद कर दी गई है. यह सर्वसम्मत निर्णय है. ये सिर्फ मेरा अकेले का फैसला नहीं है.

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के गोपालगंज पहुंचने पर किया गया अभिनन्दन, गदा देकर किया गया सम्मानित

## गोपालगंज में भाजपा अध्यक्ष सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल का वैश्य महासभा ने लड्डूओं से तौला





**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने थावे माता मंदिर में की पूजा अर्चना, माता से मांगा प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद
- भाजपा को सुदृढ बनाना सामूहिक प्रयास से संभव : डॉ. दिलीप जायसवाल

**पटना, 1 सितंबर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज गोपालगंज पहुंचे। गोपालगंज पहुंचने पर कार्यकताओं और आम लोगों ने उनका भरपूर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध थावे माता मंदिर में माता की पूजा की और प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। डॉ. जायसवाल आज अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गोपालगंज पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष गोपालगंज के श्याम पैलेस में जिला कमिटी द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। यहां उनका सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अभिनन्दन किया। यहां प्रदेश अध्यक्ष को गदा देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि हम सबको अपने-अपने स्तर पर भाजपा को सुदृढ़ बनाना है और यह कार्य सामूहिक प्रयास से ही सम्भव है। उन्होंने लोगों से सदस्यता अभियान में बढ़ -चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि इस बार लक्ष्य भले ही एक करोड़ सदस्य बनाने का रखा गया है , लेकिन इस लक्ष्य को हमसभी को मिलकर पार करना है। इस अवसर पर मंत्री जनक राम, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी , विधायक कुसुम देवी, विधायक रामप्रवेश राय, पूर्व विधान पार्षद आदित्य नारायण पांडे, जिलाध्यक्ष संदीप गिरी, संतोष रंजन राय, विनोद सिंह, सतपाल नरोत्तम, संतोष पाठक,अशोक भट्ट एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे ।इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल गोपालगंज स्थित अंबेडकर चौक पहुंचे, जहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में उनकी अतुलनीय भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं ।इसके बाद डॉ. जायसवाल अखिल भारतीय वैश्य महासभा गोपालगंज के द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए जहां उनका लड्डूओं से तौलकर अभिनंदन किया गया। इस क्रम में प्रदेश अध्यक्ष भावविभोर नजर आए। उन्होंने सभी लोगों को धन्यवाद दिया। गोपालगंज के दौरे के क्रम में बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. जायसावल थावे में थावे बाजार व्यवसायी संघ के द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। यहां व्यापारियों ने जोश के साथ उनका भव्य स्वागत किया। यहां के व्यापारियों ने थावे की प्रसिद्ध मिठाई पडूकिया से तौलकर उनको सम्मानित किया। उन्होंने व्यापारियों से चर्चा करते हुए उम्मीद जताई कि व्यापारी बंधुओं का समर्थन हमेशा मेरे साथ रहा है और यह स्नेह एवं सहयोग आगे भी इसी प्रकार बना रहे। इससे पहले गोपालगंज जाने के क्रम में नौतन विधानसभा क्षेत्र के कटैया में पूर्व मंत्री सह विधायक नारायण शाह सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ,श्री महेश्वर हजारी द्वारा देवकीनंदन खत्री जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ।



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

बाबू देवकीनंदन खत्री की स्मृति उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित माननीय मंत्री सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ,श्री महेश्वर हजारी द्वारा देवकीनंदन खत्री जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ।वहां पर उपस्थित विभिन्न वक्ताओं द्वारा एवं आम जनमानस द्वारा बाबू देवकीनदन खत्री के जन्म स्थान माली नगर के विकास हेतु माननीय मंत्री जी से अनुरोध किया गया जिस पर माननीय मंत्री जी ने उन्हें हर संभव तरीके से इस क्षेत्र को विकसित करने हेतु आश्वस्त किया गया ।विदित हो कि माली नगर प्रखंड कल्याणपुर अंतर्गत ही बाबू देवकीनंदन खत्री का जन्म हुआ था ।इनके द्वारा लिखित उपन्यास चंद्रकांता पर बनी हिंदी धारावाहिक चंद्रकांता काफी चर्चित एवं मशहूर हुआ था। उक्त मौके पर कार्यक्रम के आयोजन कर्ता पूर्व मुखिया गिरीश शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष खुशबू कुमारी ,एमएलसी शैलेश कुमार एवं अन्य गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

# स्कार्पियो सवार दंपति के अपहरण के प्रयास मामले में 11 शराब धंधेबाजों पर दर्ज की गयी FIR



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर/ताजपुर :- समस्तीपुर जिले के बंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहीमाबाद में ठगवा चौक के समीप स्कार्पियो पर सवार दंपति के अपहरण के प्रयास मामले में शराब के 11 धंधेबाजों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। स्कार्पियो पर सवार महिला मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना के मालपुर अगरैल निवासी ममता देवी के आवेदन पर बंगरा थाना में दर्ज गयी प्राथमिकी में कहा गया है कि महिला के पति राजीव रंजन उर्फ राकेश महतो की मालपुर में खाद की दुकान है।उसके पति समस्तीपुर जिला के वैनी थाना क्षेत्र के चंदौली गांव के अभिषेक कुमार, रितेश राय, तरुण कुमार, कुंदन राय, मनीष झा उर्फ मुटी झा, धीरज राय, हरेंद्र राय, कपूरीग्राम के छोटू सिंह, मुरारी सिंह, चकहाजी के रौशन सिंह, धर्मपुर के कृति यादव के साथ अवैध शराब का धंधा भी करता था। कुछ दिन पूर्व उसके पति राजीव रंजन का पैसा के लेन देन को लेकर उक्त धंधेबाजों के साथ विवाद हो गया था। करीब एक महीना पहले सभी ने घर पर जाकर उसके पति को शराब का धंधा करने के लिए दस लाख रुपये रंगदारी देने की मांग की थी। नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी थी ।30 अगस्त की सुबह करीब सात बजे महिला अपने पति एवं चालक आवाबकरपुर कोआही (पातेपुर) निवासी अरुण बैठा के साथ अपनी स्कार्पियो से वैनी थाना से अपने घर जा रही थी। उसी क्रम में रहीमाबाद में 5-6 बाइक पर सवार 15-16 लोगों ने ओवरटेक कर गाड़ी रोकवा गाली गलौज करने के साथ फायरिंग की। वे बोल रहे थे कि राजीव को गोली मार दो। इसके बाद राजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह उसके पति के कनपटी में पिस्टल सटाकर गाड़ी से उतार लिया। बोला कि तुमको कई बार रंगदारी देने को कहा लेकिन आजतक नहीं दिया। आज नहीं छोड़ेंगे। तब मैं गाड़ी से उतरकर छोटू सिंह के सामने जाकर पति को जान से नहीं मारने और छोड़ देने की विनती करने लगी। तब सभी बदतमीजी करने लगे और भय दिखाकर पर्स से एक लाख रुाये ले लिया। गले से सोने का चैन धीरज राय मोबाइल छीन लिया।

हल्ला होने पर काफी ग्रामीण जुट गए तब सभी फायरिंग करते हुए भागने लगे। भागने के दौरान ग्रामीणों ने अभिषेक एवं रितेश को पकड़ लिया गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। आवेदन में महिला ने यह भी कहा है कि उसके पति मुसरीघरारी थाना में शराब कांड में पूर्व से वांछित हैं। इसलिए पुलिस के आने से पहले वहां से हट गए। महिला ने आवेदन में बताया कि उसे पूरा विश्वास है कि रंगदारी के दस लाख रुपये नहीं देने पर उसके पति को जान से मारने की नीयत से हमला किया तथा भय दिखाकर एक लाख रुपये छीन लिया।

# आरक्षण में क्रीमीलेयर के मामले में दलित, पिछड़ों को गुमराह कर रही राजद : शिवेश राम

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- आरक्षण के मुद्दे पर राजद का धरना सिर्फ नौटंकी मात्र : शिवेश राम
- भाजपा आरक्षण में क्रीमीलेयर के साथ नहीं, बाबा साहेब के विचारों के साथ : शिवेश राम
- भाजपा दलितों , गरीबों, पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने में लगी है : विधायक निक्की हेंब्रम

पटना, 1 सितंबर। भाजपा प्रदेश महामंत्री शिवेश राम ने राजद द्वारा आरक्षण के मुद्दे पर चलाए जा रहे धरना कार्यक्रम को सिर्फ नौटंकी बताते हुए कहा कि राजद आरक्षण में क्रीमीलेयर के मामले में दलित, पिछड़ों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी, जिसके बाद भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने स्पष्ट कर दिया कि देश मे जो भी आरक्षण मिलता है वह छूआछूत के आधार पर मिलता है न कि गरीबी के कारण। बाबा साहेब ने भी संविधान के जरिए जो अधिकार दिए हैं उसमें भी यही है। भाजपा इसी बात को स्वीकार भी करती है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महामन्त्री शिवेश राम ने कहा कि दुर्भाग्य है कि बिहार में तेजस्वी यादव हों या इंडी गठबंधन के लोग हों वह बार-बार प्रदेश और देश के लोगों खासकर दलित, पिछड़ों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य धारा से काटकर अलग करने की कोशिश की जा रही है,जिसका भाजपा विरोध कर रही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा गरीब- गुरबा, खासकर दलित समुदाय के विकास के लिए काम कर रही है। आरक्षण के मुद्दे पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बहुत मजबूती के साथ खड़े हैं। 2015 में भी ऐसा ही एक विषय आया था ,तब पीएम मोदी ने साफ तौर पर कहा था कि हम भी बाबा साहेब के विचारों के साथ खड़े हैं ।श्री राम ने विरोधियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि जब बाबू जगजीवन राम पीएम बनने वाले थे तब इंडी गठबन्धन के घटक दलों ने इसका विरोध किया था। हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी उस समय जगजीवन राम के साथ खड़े थे । उस समय कांग्रेसियों ने उनको पीएम बनने से रोकने का काम किया था। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन वाले उस समय कहां थे ?प्रदेश महामंत्री ने साफ किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार कभी भी आरक्षण के मामले को लेकर समझौता नहीं कर सकती। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि देश मे जब भी आरक्षण लागू किया गया उसमे भाजपा का सबसे बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि रामसुंदर दास जब दूसरी बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने वाले थे तब राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने धोखे से उन्हें हटाने का काम किया था। आज उसी लालू यादव की पार्टी राजद, समाज को बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राजद में शुरू से परिवार के लिए ही आरक्षण है ।किसी दलित को आज तक बढ़ाने का काम नहीं किया गया। दलित नेता रमई राम को जो उपहारस्वरूप सोने का मुकुट दिया गया था वह भी लालू यादव ने छिनने का काम किया था। भाजपा

## राजद का धरना-प्रदर्शन सिर्फ सियासी ड्रामा : डॉ भीम सिंह

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना, 1 सितंबर। भाजपा के राज्सभा सांसद सह चन्द्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भीम सिंह ने पटना समेत अन्य जिलों में राजद की ओर से दिए गए धरना-प्रदर्शन को सियासी ड्रामा बताया। उन्होंने कहा कि आरक्षण और क्रीमी लेयर के नाम पर राजद के लोग जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं, लेकिन जनता अब उसके झांसे में नहीं आने वाली है।

डॉ भीम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहते देश में आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री ने खुद कई बार कह चुके हैं। इतना ही नहीं, केंद्र की मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट के उस मंतव्य को भी ठुकरा चुका है, जिसमें रउ/रळ आरक्षण कोटे में क्रीमी लेयर का प्रावधान करने की बात कही गयी थी। केंद्र सरकार ने साफ कह दिया कि रउ/रळ आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से आरक्षण के पक्ष में मुस्तैदी से खड़ी रही है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर यूपीएससी ने लेटरल एंट्री के तहत निकाली गयी बहाली को वापस भी ले लिया। उन्होंने साफ लब्जों में कहा कि जनता ने पिछले दिनों ही इंडी गठबंधन समर्थित भारत बंद को ठुकरा दिया था। इसके बाद अब राष्ट्रीय जनता दल का धरना-प्रदर्शन के नाम पर यह नया सियासी ड्रामा है। भाजपा सांसद ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में काफी दम-खम के साथ सरकार चल रही है। दोनों सरकारें गरीबों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों, एससी-एसटी के हित में लगातार काम कर रही हैं। राजद के इस सियासी ड्रामे को जनता अच्छे से समझ चुकी है। 2025 के विधानसभा चुनाव में इस बार राजद जीरो पर आउट होगी।

# 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का 15वां स्थापना दिवस मनाया गया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**



48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (रइ) ने धूमधाम से अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया। यह कार्यक्रम वाहिनी के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें वाहिनी के समस्त अधिकारी, जवान और उनके परिवारजन उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि संदीक्षा अध्यक्षा द्वारा दीप प्रज्वलित से हुई, जिसके बाद महोदया ने जवानों द्वारा लगाई गईं सभी स्टालों का उद्घाटन किया जिसमें बल के गोविन्द सिंह भंडारी (कमांडेंट), विवेक ओझा (उप कमांडेंट), संतोष कुमार निमोरिया (उप कमांडेंट) और मोहोद मनीष देवानंद (सहायक कमांडेंट) तथा डी सी एल आर जयनगर, बी डी ओ जयनगर और बशुप्ति साथ साथ नेपाल रेलवे अधिकारी सरवन लाल मीणा और राजेश संबल उपस्थित रहे । जवानों द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार के लजीज खाने तथा मनोरंजन के स्टॉल लगाए गए। जवानों ने अपने अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वाहिनी के कमांडेंट गोविन्द सिंह भंडारी ने अपने उद्बोधन में सशस्त्र सीमा बल के उद्देश्यों और उनके द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने वाहिनी के जवानों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की, जिन्होंने सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई है ।कार्यक्रम के दौरान कई खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और जवानों द्वारा आत्मरक्षा के कौशल का प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही, वीरता और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कई जवानों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीक्षा अध्यक्षा ने वाहिनी की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य में और भी अधिक तत्परता से देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ वहां के निवासियों के बीच विश्वास और सहयोग का माहौल बनाया है ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद जवानों और उनके परिवारों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया ।सशस्त्र सीमा बल (रइ) के बारे में:

# सिवान के जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र सिंह के सेवानिवृत होने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अशोक कुमार पाण्डेय बन

**संवाददाता**
**मोहम्मद आरिफ**



सिवान महाराजगंज 1सितम्बर रविवार। सिवान के जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह 31अगस्त को सेवानिवृत हो गए जिनके सेवानिवृति के बाद सिवान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री अशोक कुमार पाण्डेय को जिला शिक्षा पदाधिकारी की कमान विभागीय आदेशा अनुसार सौंपी गई है। श्री पाण्डेय कमान संभालते ही जिले की शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने और जिले के सभी स्कूलों को सुचारू रूप से संचालन करने का अपील सभी पदाधिकारी और शिक्षको से की और लापरवाही पर कारवाई करने की बात कही।

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार भारत का कद बढ़ रहा हैं :- अरविन्द सिंह



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**पटना, 1 सितम्बर:-** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का कद लगातार बढ़ रहा हैं। मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की रूस और यूक्रेन की हाल की यात्राओं से साफ हैं कि वे एकमात्र वैश्विक नेता हैं जिनकी बात दोनों देशों ने सुनी हैं। आज भारत की ओर विश्व के सारे देश आशा भरी निगाहों से नजरे गड़ाई हुईं हैं। मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज ग्लोबल साउथ की सबसे बड़ी आवाज बन गया है। और हर देश आज के समय में महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत की राय पर विचार करता है और सुनता है। श्री अरविन्द ने कहा कि मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया हैं। इसके साथ ही रूस उन 16 देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने हमारे मा प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है। इन देशों में यूएई, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, मालदीव और बहरीन जैसे मुस्लिम देश भी शामिल हैं। इससे साफ जाहिर हैं की अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार भारत का कद बढ़ रहा हैं और भारत विश्व गुरु बनकर उभर रहा है।

# राजद नेता निशांत के आवास पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## पार्टी के नये पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**



मधुबनी जिला के हरलाखी में राजद नेता निशांत शेखर के आवास नहरनिया गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सबसे पहले नव मनोनीत चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 बी. के यादव, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव व प्रधान महासचिव दानीश इकवाल सहित अन्य कार्यकताओं को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर बिहार प्रदेश के राजद नेता निशांत ने कहा कि नए मनोनीत पदाधिकारी को पार्टी में शामिल होने से निश्चित रूप से पार्टी को मजबूती मिलेगी. उन्होंने कहा कि हम सभी एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू यादव व तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे. उन्होंने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए हम सभी को बूथ स्तर पर कार्य करना होगा. वहीं राजेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार आरक्षण विरोधी है. वह कभी नही चाहती कि बिहार के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले. वहीं राजद नेत्री प्रिया राज ने कहा कि एनडीए की सरकार में महिलाएं सुरक्षित नही है. रेप, हत्या, डकैती की घटना आम हो गयी है. मौके पर अशेश्वर यादव. मो. आलम शेख, प्रवेज आलम, नौशाद अहमद, अभिजीत मंडल, मो असरारुल,शरीफ सल्फी, सफीकुल्ला अंसारी, ईरशाद, अतबुल शेखा, विमल कुमार मंडल, बबलू यादव, धीरज कुमार,मो.शकील सहित दर्जनों कार्यकताएं मौजूद थे.

# राष्ट्रीय जनता दल मधुबनी एवं झंझारपुर के द्वारा संयुक्त तौर पर अंबेडकर प्रतिमा स्थल जिला समाहरणालय मधुबनी के समक्ष अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**

राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित गणना करवाने एवं बिहार में जाति गणना के बाद बढ़ाए गए 65% आरक्षण को संविधान की 9 वीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल मधुबनी एवं झंझारपुर के द्वारा संयुक्त तौर पर अंबेडकर प्रतिमा स्थल जिला समाहरणालय मधुबनी के समक्ष एक दिवसीय धरना राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव के अध्यक्षता एवं झंझारपुर जिला अध्यक्ष बीर बहादुर राय के संचालन में राज्यसभा सांसद डॉ.फैयाज अहमद, भारत भूषण मंडल, उमाकांत यादव, रामावतार पासवान, सुरेंद्र प्रसाद यादव,राम बहादुर यादव, राजकुमार यादव, रामकुमार यादव, अरूण कुमार चौधरी, राजेंद्र यादव, इंद्रभूषण यादव इंद्रजीत राय, रविरंजन कुमार राजा, रेणु यादव, बबिता यादव, संतोष यादव,वीना देवी, के उपस्थित ने दिया गया।धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ.फैयाज अहमद ने कहा कि



17 महीना के महागठबंधन सरकार ने ओबीसी, एससी और एसटी के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया था, राजद इसे अनुसूची 9 में शामिल करने की बात कही थी. मामला विचाराधीन है. हम जानते थे कि भाजपा ऐसा नहीं चाहती थी. वह आरक्षण को खत्म करना चाहती थी, इसलिए उसने इसे अनुसूची 9 में शामिल नहीं किया.' राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव ने कहा कि 1990 में मंडल कमीशन की अनुशंसा लागू करने के समय से हीं राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद जातिगत जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। केन्द्र की यूपीए सरकार के समय लालू जी एवं अन्य समाजवादी नेताओं की मांग पर जातिगत जनगणना हुई भी परन्तु फाइनल रिपोर्ट आते-आते केन्द्र में भाजपा की सरकार बन गई, जिसने जातिगत जनगणना के आंकड़े को प्रकाशित नहीं किया और उसे फ्रीज कर दिया। तेजस्वी यादव के पहल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भी प्रधानमंत्री से मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना कराने की मांग की थी। पर केन्द्र की सरकार राजी नहीं हुई। विधायक भारत भूषण मंडल ने कहा कि तेजस्वी यादव को जब सत्रह महिने सरकार में रहने का मौका मिला तो उनके पहल पर बिहार में जातिगत जनगणना कराई गई और उसके आधार पर बिहार में दलितों, पिछड़ों अतिपिछड़ों के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ा कर 65 प्रतिशत किया गया। पूर्व विधायक रामावतार पासवान ने कहा कि महागठबंधन सरकार में सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। भाजपा के इशारे पर आरक्षण की इस व्यवस्था को न्यायालय में चुनौती दी गई। राज्य सरकार की नकारात्मक रवैए और न्यायालय में सही तरीके से बातों को नहीं रखने के कारण न्यायालय ने इस पर रोक लगा दिया है। सभा को सुधीर यादव , रुदल यादव, हरिमोहन मंडल, फुलहसन अंसारी, प्रदीप प्रभाकर,सुरेंद्र कुमार चौधरी, नवल किशोर यादव, अजीतनाथ यादव, संजय कुमार यादव, दानिश इकबाल, सीताशरण यादव,धर्मेंद्र यादव, डॉ. धनवीर यादव, अनिल कुमार पासवान, उमेश यादव, देवेंद्र यादव, चरित्र सदा, रामवरण राम,रामसागर पासवान, पप्पू यादव, राम बहादुर यादव, शिवशंकर यादव, सचिन चौधरी, सचिन कुमार यादव, संजीव कुमार यादव,अमित यादव, विजय यादव, बिट्टू यादव, जिबछ यादव, गुलाबकांत यादव, अमित यादव,चंद्रशेखर झा सुमन, सहित अन्य ने संबोधित किया।

# पटना/ रोजनामा इंडो गल्फ ,कार्यालय संवाददाता :- रोहित कुमार

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- **संविधान को खत्म करने की साजिस चल रही है इसके खिलाफ सभी एक जुट हो जाये क्योंकि आरक्षण समाप्त करने की मंशा है**
- **वक्फ संशोधन विधयेक पर भाजपा के द्वारा किये जा रहे साजिस पर नीतीश कुमार चुप्प क्यों है – राजद**

पटना 01 सितम्बर 2024

देश भर में जातिगत जनगणना कराने एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सेवाकाल वाली बिहार की महागठबंधन सरकार के सत्रह महिने में बढ़ाई गई 65 प्रतिशत आरक्षण सीमा को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर एवं उक्त मांगों के प्रति केन्द्र की एनडीए सरकार के नकारात्मक रवैए के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में पटना जिला इकाई के द्वारा पटना जिलाध्यक्ष श्री दीनानाथ सिंह यादव के अध्यक्षता में बिहार राजद राज्य कार्यालय के समीप विशाल धरना दिया गया है। इस धरना को प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानन्द सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री अब्दुबारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री उदय नारायण चैधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्री जयप्रकाश नारायण यादव, श्री भोला यादव, बिन्नू यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ0 सुनील कुमार सिंह, राज्य सभा सांसद श्री संजय यादव, पूर्व सांसद श्री विजय कृष्ण, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सतीस कुमार, श्री अशोक कुमार सिंह, श्री अनील सहनी, विनोद श्रीवास्तव, श्री मुजफ्फर हुसैन राही, पूर्व मंत्री श्री विजय प्रकाश, प्रदेश कोषाध्यक्ष सह विधायक मो0 कामरान, विधायक श्री रीतलाल यादव, श्रीमति रेखा पासवान, श्री फतेहबहादुर सिंह, युसूफ सलाउद्दीन, श्री डब्लू सिंह, विधान पार्षद कारी मो0 सोहैब, डॉ0 उर्मिला ठाकुर, श्रीमति मुन्नी रजक, मुख्य प्रवक्ता श्री शक्ति सिंह यादव, प्रवक्ता एजाज अहमद, श्रीमति सारीका पासवान, मधु मंजरी, अरूण यादव, पूर्व विधायक, आजाद गांधी, रविन्द्र सिंह, अबु दोजाना, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, मुकुन्द सिंह, बल्ली यादव, निराला यादव, खुर्शीद आलम सिद्दीकी,




प्रो0 कुमार चन्द्रदीप, भाई अरूण, प्रमोद राम, निर्भय अम्बेदकर, डॉ0 प्रेम कुमार गुप्ता, के.डी. यादव, नन्दू यादव, देवकिशुन ठाकुर, प्रदीप मेहता, श्याम नन्दन पासवान, जेम्स कुमार यादव, बाढ़ जिलाध्यक्ष श्रीमति नमीता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष महताब आलम, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश यादव, श्रीमति रितू जायसवाल, डॉ0 मोहित कुमार, अरविन्द सहनी, महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी, अनील साधू, अशोक कुमार गुप्ता, पटना जिला के प्रधान महासचिव मो. अफरोज आमल, शेखर यादव, भाई नरेन्द्र, उमेश पंडित, सलमान अख्तर, अकबर अली परवेज, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, अरूण कुमार सिंह सहित पटना जिला के जिला पदाधिकारी प्रखण्ड अध्यक्ष के अलावा हजारों की संख्या में धरना में लोग शामिल थे।इस अवसर पर धरना को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना और 65 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था को 9वीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए कटिब्द्ध है और यह मुद्दा जन-जन से जुडा हुआ है। जब बिहार में महागठबंधन सरकार थी तो हमने जातिगत गणना करवाया और जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी तय करते हुए 65 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को लागू किया और इसे कहीं चैलेंज नहीं किया जा सके इसके लिए बिहार सरकार के कैबिनेट ने केन्द्र के पास आरक्षण व्यवस्था को मजबूत रखने की दृष्टिगत 9वीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रस्ताव भेजा लेकिन केन्द्र सरकार ने इसपर चुप्पी साध ली। भाजपा के लोग नहीं चाहते है कि अंतिम पैदान पर खड़े लोगों को उसका अधिकार मिले ये पीढ़ी दर पीढ़ी वैसी ही स्थिति में देखना चाहते है और चन्द लोगों के बिच सत्ता की मलाई का मजा ले रहें है जिसमें जनता दल (यू) के नेता भी शामिल है। जबकि विरासत के हमारे नेताओं और महापुरूषों ने इस तरह के अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाया। आज भी दलित समाज का बेटा घोड़ी पर नहीं बैठ सकता और मंदिर में पुजा नहीं कर सकता है। जब भी जातिगत जनगणना की बात कि जाती है। तब कहीं न कहीं गिनती को ये लोग समाज बाटने वाली बात कहते है। इन लोगों को बताना चाहिए की जाति का टाईटल लगाने की और अपने जाति में शादी और अन्य बाते समाज के ही बिच के जाति को खोज कर ही क्यों किया जाता है। इस तरह का कार्य करने वाले बतायेगें कि क्या लालू प्रसाद और तेजस्वी ने इस व्यवस्था को कायम किया है या पहले से चला आ रहा है। तेजस्वी ने आगे कहा कि बिहार के सभी लोग एक जूट हो जाईए क्योंकि ये लोग आरक्षण को समाप्त करने के लिए संविधान की व्यवस्था को खत्म करना चाहते है। इसी कारण लगातार भाजपा के द्वारा संविधान पर हमला किया जाता है। भाजपा ने जातिगत जनगणना और 65 प्रतिशत आरक्षण को रोकने की दृष्टिगत जो साजिस की है उसके लिए भाजपा के साथ-साथ जनता दल (यू) और एन.डी.ए. के अन्य सभी दल बराबर के दोषी है। आपने देखा होगा कि लेटरल इंटीज्के बहाने यू.पी.एस.सी. के अधिकार क्षेत्र को कम करने और आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने की जिसे हमलोगों ने विफल कर दिया। इन्होंने मिशाल के रूम में कहा कि जो सोवत है वह खोवत है ।

# महाराजगंज सांसद जर्नादन सिंह सिग्रीवाल ने मौनिया बाबा मेले का उदघाटन किया




**संवाददाता**
**मोहम्मद आरिफ**

सिवान महाराजगंज 1सितम्बर रविवार। उतर बिहार के प्रसिद्ध मौनिया बाबा मेले का महाराजगंज सांसद जर्नादन सिंह सिग्रीवाल ने विधिवत पूजन व उदघाटन मेला नियंत्रण कक्ष महाराजगंज सुमन चौक से किए। वही मेले मे आए सारधालू गण का अभिवादन स्वीकार और स्वागत किए। और मेले मे विधि व्यवस्था का जायजा भी लिए। मेले को हर साल की भांति इस साल भी शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मेला संपन्न करने की अपील की। वही महाराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , महाराजगंज प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी और महाराजगंज थाना प्रभारी मेले का विधी व्यवस्था को फ्लैग मार्च कर मॉनिटरिंग कर रहे थे। इस मौक पर, सांसद जर्नादन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व विधायक हेमनारायण साह, महाराजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष शारदा देवी, मोहन पदमाकर, मेला समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार, भाजपा नेत्री सुप्रिया कुमारी, शक्ति शरण प्रसाद, राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता इत्यादि मौजूद थे

# एलआईसी अभिकर्ता को पितृशोक

**संवाददाता**
**मोहम्मद आरिफ**

सिवान महाराजगंज दुरौंधा 1सितम्बर रविवार । दुरौंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत सवान विग्रह निवासी एलआईसी अभिकर्ता संजय पाण्डेय के पिता सेवानिवृत पशु चिकित्सक श्री रमाकांत पाण्डेय 70 वर्षीय का निधन हो गया। उनका एक सप्ताह पूर्व ब्रेन हेमरेज हुआ था जिनका ईलाज गोरखपुर के प्राइवेट रचित अस्पताल मे चल रहा था जहा उनकी मृत्यु हो गई। गोरखपुर से शव आते ही घर मे कोहराम मच गया। वे सामाजिक और मिलनसार व्यक्ति थे। उनके मृत्यु पर शोक संवेदना प्रकट, दुर्गेश कुमार, सुधांशु सिंह,,बीरेंद्र प्रसाद, रविन्द्र सिंह, संतोष पाण्डेय, परमेश्वर सिंह,बिरेंद्र पाण्डेय इत्यादि ने की

# चेहल्लुम के अवसर पर मजलिस का आयोजन किया गया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

गुड़गांव, शहर के गुड़गांव स्थित व्हाइट हाउस सेक्टर 57 में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 31 अगस्त शनिवार मध्य रात्रि को चेहल्लुम के अवसर पर एक मजलिस का आयोजन किया गया।। बताते चले की लगभग 15 वर्षों से मजलिस - ए -अजा का आयोजन सी -ए सैयद एस आई मेहदी ( नेहाल ) के तत्वाधान में होता चला आ रहा है। मजलिस का आगाज शकील हैदर रिजवी एवं सोजखानी आदिल अख्तर और उनके हमनवा के द्वारा हुई।सैयद हसनैन मेहदी और सादिक रिजमी ने अपना कलाम पढ़ कर लोगो का मन मोह लिया। इस अवसर पर टाटा से तशरीफ लाए जनाब खतीब- ए - आले इमरान जनाब सादिक अली साहब किबला ने मजलिस में बयान किया के हुसैन मुझ से है और मैं हुसैन से हूं।कर्बला में यजीदी फौज और हजरत इमाम हुसैन अःसः के बीच जो जंग हुई उसकी



मिशाल पूरी दुनिया में देखने को मिल रही है ।हजरत इमाम हुसैन अः सः ने इस्लाम को बचाने के लिए अपने 72 साथियों के साथ अपनी कुबार्नी दी। कर्बला में हजरत इमाम हुसैन अः सःऔर उनके 72 साथियों में सबसे छोटा 6 माह का अली असगर को यजीदी फौज ने तीन दिनों तक भूखा प्यासा रखकर बेरहमी से मार डाला जिसकी मिशाल आज भी पूरी दुनिया में मौजूद है हजरत इमाम हुसैन के मानने वाले आज भी मौजूद हैं और यजीदी फौज का नामोनिशान भी मिट गया। मजलिस में शहजाद गोपालपुरी और फिरोज हैदर ने नौहा पढ़ा। इस अवसर पर जहीर हैदर,सैम हुसैनी, याकूब इस्माइल, गालिब हसन,शकील हैदर,समीर हैदर,सी ए सैयद जाफर,गुलाम हसनैन,काजिम रजा, शादाब रिजवी, अब्बास मेंहदी, सैयद मोहम्मद ने मातम कराया।इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे

# मधुबनी में लेट्स इंस्पायर बिहार सेमिनार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन रिजनल सेकेंडरी स्कूल के मीटिंग हाल में किया गया






**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**

मधुबनी में लेट्स इंस्पायर बिहार सेमिनार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन रिजनल सेकेंडरी स्कूल के मीटिंग हाल में किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि आईजी आईपीएस विकाश वैभव रहे। उनको मिथिला के परंपरा के अनुसार पाग डोप्ता से सम्मानित किया गया।लेट्स इंस्पायर बिहार के जरिए बिहार के युवाओं को बिहारी अस्मिता की याद दिलाते हुए अपना, अपनों का एवं बिहार का भविष्य सुधारने के लिए प्रेरित कर रहे। लेट्स इंस्पायर बिहार के जरिए युवाओं को जागृत करने के उद्देश्य से कार्यक्रमों में सम्मिलित होते हैं।अपने कर्तव्य और कर्मों के बूते, बिहार की पुलिसिंग में खासा नाम अर्जित करने वाले वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव की चर्चा, अब देश स्तर पर हो रही है। बेहद शालीन, शौम्य, सरल, सहज, मृदुल और मिलनसार विकास वैभव ने बिहार में बड़े बदलाव का शंखनाद किया है। गौरतलब है कि बिहार के इस बहुचर्चित आईपीएस विकास वैभव ने एक नई मुहिम का आगाज किया है और इस मुहिम को आसमानी फलक देने के लिए वे बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा भी कर रहे हैं। उन्होंने बिहार के युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें सही राह दिखाने के लिए, एक बड़ा संकल्प लिया है। विकास वैभव लेट्स इंस्पायर' बिहार नाम से एक महा अभियान चला रहे हैं।

आईपीएस विकास वैभव ने शिक्षा के प्रति युवाओं को मोटिवेट करने व उद्यमिता, शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस अभियान को शुरू किया है। विकास वैभव ने कहा कि बचपन से ही वे बड़े आशावादी रहे हैं। जब भी वे किसी समस्या को देखते हैं, तो उन्हें लगता है कि समस्या में सकरात्मक परिवर्तन हो सकता है। अगर आपकी सोच ईमानदार हो और मजबूत ईच्छाशक्ति हो, तो कुछ भी संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अगर हम प्रेरित करें, तो कुछ भी असम्भव नहीं है। जीवन के हर विशिष्ट और महत्वपूर्ण क्षेत्र में, नैसर्गिक परिवर्तन संभव है।वैभव ने कहा कि शिक्षा, समता और वही मुकाम और वैभव दिलाना है। उद्यमिता पर मनुष्य के जीवन का सारा इसके लिए युवाओं का शिक्षित होना शौर्य, मूलता और प्रासंगिकता टिकी बहुत जरुरी है। मधुबनी में उन्होंने रीजनल सेंटर पब्लिक स्कूल गार्गी महिलाओं को संबोधित किया, मिल्लत टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में युवाओं के साथ जन संवाद किया।मंच पर उपस्थित थे शिक्षाविद डॉक्टर आर एस पांडे प्राचार्य मनोज झा डॉ कैलाश भारद्वाज डॉक्टर भारती झा डॉक्टर उदय भूषण निराला राजू झा प्रत्यूष परिमल एवं अन्य।

## ब्रीफ न्यूज

# इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन का विस्तार: पत्रकारिता के नए आयाम




नई दिल्ली:इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (क्रम्अ) ने हाल ही में अपनी गतिविधियों और उद्देश्यों का विस्तार करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। इस संस्था ने देशभर में पत्रकारों के अधिकारों और उनके संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

एसोसिएशन ने डिजिटल युग में पत्रकारिता के सामने आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरूआत की है, जिससे नए और पुराने पत्रकारों को मीडिया के बदलते परिदृश्य में कुशलता से काम करने का अवसर मिल सके। क्रम्अ के नेशनल सेक्रेटरी जनरल, श्री मोहम्मद जहांगिर ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा, उनके अधिकारों की रक्षा, और स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को प्रोत्साहन देना है। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि हम सभी पत्रकारों को एक मंच पर एकजुट कर उनकी आवाज को मजबूत बना सकें, ताकि वे बिना किसी दबाव के सच्चाई को उजागर कर सकें।"इसके अलावा, एसोसिएशन ने कई नई योजनाओं की घोषणा की है, जिनमें पत्रकारों के लिए बीमा योजना, आपातकालीन सहायता और कानूनी परामर्श जैसी सुविधाएं शामिल हैं। क्रम्अ की यह पहल न केवल पत्रकारों को सशक्त बनाएगी, बल्कि पत्रकारिता के पेशे में एक नई ऊर्जा का संचार भी करेगी।श्री जहांगिर ने आगे कहा, "हमारी कोशिश है कि हम देश के हर कोने में पत्रकारों तक पहुंच सकें और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर सकें।"इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन की ये नई पहलें पत्रकारिता को एक नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होंगी। संस्था का यह प्रयास भारतीय पत्रकारिता को और अधिक सशक्त और स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

# ब्रह्माकुमारी के पांच दिवसीय एजुकेशन विग के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने माउंट आबू पांच सदस्यीय टीम रवाना

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**कफील एकबाल**



मोतिहारी 1 सितंबर ब्रह्मकुमारी के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में 5 सितंबर से 9 सितंबर तक आयोजित पांच दिवसीय एजुकेशन विग के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए बीके अशोक वर्मा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम पोरबंदर एक्सप्रेस से माउंट आबू के लिए रवाना हुआ। टीम में अरेराज महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर विजय शंकर पांडे ,प्रोफेसर रंजना पांडे, राजकुमारी गुप्ता, एवं सुरेंद्र कुमार हैं ।रवाना होने के पहले सेवा केंद्र पर सभी लोगों को सेवा केंद्र प्रभारी बीके विभा बहन ने तिलक लगाकर विदा किया। कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि आप लोग बड़े भाग्यशाली है कि शिक्षक दिवस के दिन के कार्यक्रम में भाग लेने विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक जगह जा रहे है ।वर्तमान में माउंट आबू वह जगह है जहां स्वयं परमात्मा अवतरित होकर ईश्वरीय ज्ञान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग जितने दिन वहां रहेंगे वहां के सभी कार्यक्रमो में निश्चित रूप से भाग लेंगे। वहा बडा ही सुंदर-सुंदर वर्ग चलता है। कहा कि शिक्षा में कैसे आध्यात्मिक शक्ति को भरकर देश में शिक्षा क्रांति लाई जा सकती है ,उसके लिए वहां विशेष वर्ग चलेगा ।उन्होंने कहा भारत की भूमि आध्यात्मिक भूमि है गुरुकुल शिक्षा पद्धति देश में काफी प्रसिद्ध रहा है आज विश्व उस पद्धति का अनुसरण कर रहा है इन तमाम बातों पर वहां क्लास चलेगा और आप लोग शक्ति संपन्न होकर वहां से लौटेंगे और उस शक्ति को यहां आम लोगों में बाटेंगे जिससे लोगों का कल्याण होगा। उक्त अवसर पर सेवा केंद्र में बीके अनिता बहन बी के प्रतिमा जायसवाल ,बीके पूनम बहन, बीके सारिका बहन के अलावा बीके शिवपूजन भाई बीके हरिशंकर भाई आदि मौजूद थे।

# अल्लामा इकबाल की लिखी हुई नजम आज भी दिल को छू जाती है,

**आता है याद मुझ को गुजरा हुआ जमाना,**

==========================



आता है याद मुझ को गुजरा हुआ जमाना
वो बाग की बहारें वो सब का चहचहाना
आजादियाँ कहाँ वो अब अपने घोंसले की
अपनी खुशी से आना अपनी खुशी से जाना
लगती है चोट दिल पर आता है याद जिस दम
शबनम के आँसुओं पर कलियों का मुस्कुराना
वो प्यारी प्यारी सूरत वो कामनी सी मूरत
आबाद जिस के दम से था मेरा आशियाना
आती नहीं सदाएँ उस की मिरे कफस में
होती मिरी रिहाई ऐ काश मेरे बस में
क्या बद-नसीब हूँ मैं घर को तरस रहा हूँ
साथी तो हैं वतन में मैं कैद में पड़ा हूँ
आई बहार कलियाँ फूलों की हंस रही हैं
मैं इस अँधेरे घर में कि स्मत को रो रहा हूँ
इस कैद का इलाही दुखड़ा किसे सुनाऊँ
डर है यहीं कफस में मैं गम से मर न जाऊँ
जब से चमन छुटा है ये हाल हो गया है
दिल गम को खा रहा है गम दिल को खा रहा है
गाना इसे समझ कर खुश हों न सुनने वाले
दुखते हुए दिलों की फरियाद ये सदा है
आजाद मुझ को कर दे ओ कैद करने वाले
मैं बे-जबाँ हूँ कैदी तू छोड़ कर दुआ ले !

**मोहम्मद नूर आलम,**
**(क्राइम रिपोर्टर)**

# पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मोतिहारी के बापू प्रेक्षागृह में हुआ सम्मान समारोह

कफील एकबाल

मोतीहारी 1 सितंबर मोतिहारी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह के 75 वर्ष की उम्र होने के उपलक्ष में नगर के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में अनोखा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।दरअसल सम्मान समारोह सांसद श्री सिंह के 6 विधानसभा क्षेत्र से चयनित 75-75 विशेष लोगों का सम्मान था ।कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया ।सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन मे कहा कि राधामोहन सिंह महान व्यक्ति हैं ।इस वर्ष लोकसभा चुनाव के लिए तीन नामो की मांग मोतिहारी सीट के लिए केंद्रीय आला कमान ने की थी और राधा मोहन सिंह ने अपना नाम छोड़कर तीन नये नाम दिये थे। केंद्रीय नेतृत्व ने राधा मोहन सिंह के नाम पर मोहर लगाई और एक बार पुणः इनको मोतिहारी क्षेत्र की जनता की सेवा का मौका मिला। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे पिपरा कोठी का कृषि फार्म हो या रेलवे स्टेशन का काया कल्प या जिले का केंद्रीय विश्वविद्यालय या फिर देश में किसानों के सम्मान मे पेंशन देने का कार्य हो यह सब राधा मोहन सिंह की ही देन है। उन्होंने अपने कद को बहुत छोटा कहा और राधा मोहन सिंह को बहुत बड़ा नेता कहा ।राधा मोहन सिह ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे मोतिहारी की जनता ने सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री तक बनाया, इस एहसान को मैं भूल नहीं सकता हू और



जो भी मुझे कार्य करने का मौका मिला उस काम को मैंने किया। मोतिहारी के लोगों का प्यार और सम्मान मिला है। उन्होंने इस सम्मान समारोह के बारे में कहा कि यह सम्मान समारोह मेरे लिए नहीं है बल्कि मेरे सभी विधानसभा से चुने हुए लोगों का सम्मान करने का आयोजन है। संबोधित करने वालो मे कुलपति, कुछ कृषि पदाधिकारी और राजनेता थे। कार्यक्रम में जिले के सभी विधायक गण मौजूद थे। निर्दलीय विधान परिषद महेश्वर सिंह राधामोहन सिंह को विशेष उपहार दिये। जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, नगर निगम उपाध्यक्ष डॉ लालबाबू के अलावा कई अन्य जनप्रतिनिधियों ने राधा मोहन सिंह को जन्मदिन का उपहार दिया लेकिन मूल कार्यक्रम था छः विधानसभा से जितने लोग सभा हाल में बैठे थे सभी को सम्मानित किया गया। शुरू में सूची बनी थी लेकिन उस सूची को राधा मोहन सिंह ने बंद करके जितने लोग हाल में उपस्थित सभी लोगो को सम्मान का चादर ,थैला, मिष्ठान आदि देकर सम्मानित किया । उक्त मौके पर ब्रह्माकुमारी संस्था की वरिष्ठ राजयोगीनी बीके मीणा दीदी, बीके विभा एवं एक अन्य दीदी उपस्थित थी उन लोगों ने मंच पर जाकर राधा मोहन सिह को विशेष उपहार दिया और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में डॉक्टर हेना चंद्रा, साईकलिग एसोसिएशन के सचिव सिद्धार्थ वर्मा और टीम के सदस्य तथा फिल्म निमार्ता और अभिनेता राजा सौरभ वर्मा भी सम्मानित किये गये। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र से भी लोगों को भी सम्मानित किया गया। उपस्थित 95 वर्षीय एक कुशवाहा बिरादरी के डॉक्टर भी थे। उनके साथ का संस्मरण भी राधा मोहन सिंह ने सुनाया ।मोतिहारी का यह कार्यक्रम अनोखा था। जन्मदिन था सांसद राधा मोहन सिंह का लेकिन उन्होंने बहुत कुछअधिक नहीं कहा और जनता के प्रति आभार प्रकट किया ।उक्त मौके पर डॉक्टर वीरेंद्र पांडे के पौत्र द्वारा निर्मित राधामोहन सिंह के ऊपर वृत्त चित्र को भी दिखाया गया जो काफी सराहनीय था ।कार्यक्रम 3 घंटे का था और पूरा हॉल भरा हुआ था सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया गया था सभी की चेकिंग करके सभा भवन में प्रवेश दिया जाता था ।

## संक्षिप्त डायरी

### हथियार सप्लायर गिरफ्तार



**पटना** । सिटी में मालसलामी पुलिस ने हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया है। 2 पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस, 4 मैगजीन, 3 मोबाइल और एक बाइक बरामद हुआ है। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात वरीय अधिकारियों के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चल रहा था। इस दौरान बाइक सवार 2 युवक पुलिस को देखते ही भागने लगे। टीम ने दोनों को खदेड़कर पकडा। तलाशी के दौरान 1 पिस्तौल, 2 मैगजीन, 2 जिंदा कारतूस मिला। दोनों आरोपी नाबालिग है। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने सप्लायर अविनाश कुमार उर्फ मुरारी (30 )को नाम बताया। जिसे पुलिस ने पटना सिटी से गिरफ्तार कर लिया। अविनाश के पास से देसी पिस्तौल, 2 मैगजीन और 5 कारतूस मिला है। इस धंधे में और कौन-कौन शामिल है। हथियार की सप्लाई कहां-कहां की जाती है। इस पर जांच की जा रही है।

### अमृतलाल मीणा ने नए मुख्य सचिव का पदभार संभाला



**पटना।** बिहार में शीर्ष नौकरशाही का चेहरा बदल गया है। शनिवार को अमृत लाल मीणा ने नए मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाली। देर शाम वो दिल्ली से पटना पहुंचे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इसके बाद सचिवालय पहुंचकर उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले शुक्रवार को राज्य सरकार ने डीजी विजिलेंस ब्यूरो आलोक राज को डीजीपी का प्रभार सौंपा था। दोनों अधिकारी 1989 बैच के हैं। इसके अलावा एडीजी कमजोर वर्ग आर. मल्लार विजी को बिहार पुलिस अकादमी राजगीर का निदेशक बनाया गया है। वहीं, बिहार पुलिस अकादमी राजगीर के निदेशक रहे भृगु श्रीनिवासन एनएसजी के डीजी बने हैं। केंद्रीय कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा को अपने मूल कैडर, बिहार लौटने की मंजूरी केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने शुक्रवार 30 अगस्त को दी थी। केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने राज्य सरकार के अनुरोध पर यह निर्णय लिया है। वर्तमान मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा का आज कार्यकाल खत्म हो गया है। उन्होंने सेवा के अंतिम दिन अपना चार्ज विकास आयुक्त को सौंप कर सचिवालय से विदा हो गए। अमृतलाल मीणा पूर्व सीएम लालू प्रसाद के साथ नीतीश कुमार के भी खास हैं। पीएम मोदी के भी वो करीबी माने जाते हैं। 31 अगस्त 2025 को रिटायर होंगे।

### हर 10 वर्ष पर आरक्षण की समीक्षा जरूरी : मांझी




**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने फिर चिराग पासवान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान ही पूरे इंडिया की राजनीति नहीं कर रहे हैं। प्रत्येक 10 वर्षों पर आरक्षण की समीक्षा जरूरी है। हमारे पास 18 जातियों के 3500 से अधिक लोग मिलने आए थे। निकट भविष्य में ये लोग सड़क पर आ रहे हैं। कारण, एक ही आदमी मलाई खा रहा है। हर तरह का लाभ ले रहा है। जज, इंजीनियर, कलेक्टर, एसपी, इंजीनियर, इंजीनियर इन चीफ हो रहा है। 76 वर्ष बीत गए। आखिर कबतक चलेगा। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि 10 वर्षों में आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए। जिससे मालूम चले कि किस वर्ग को कितना लाभ पहुंचा है। इससे जो वर्ग पिछड़ा है, उसके विकास में मदद मिलेगी। हमारी पार्टी एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर के खिलाफ है। मांझी शनिवार को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के सदस्यता अभियान की शुरूआत के मौके पर बोल रहे थे। मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कार्यकताओं से पार्टी और नेता की आइडियोलॉजी को लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

### पुल की रेलिंग से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दो की मौत

**सुपौल** । जदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरियापट्टी के समीप रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार बाइक पुल के रेलिंग से टकरा गई। घटना में बाईक पर सवार एक लड़के की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में एक 18 वर्षीय युवक है, जबकि दूसरा 16 वर्षीय नाबालिग लड़का है। इधर, मौत की खबर सुनते ही मृतकों के परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। दोनों मृतक की पहचान जदिया थाना क्षेत्र के मानगंज पूर्वी वार्ड 10 निवासी मंगल ऋषिदेव के 18 वर्षीय पुत्र विजय ऋषिदेव और विनोद ऋषिदेव के 16 वर्षीय पुत्र विकेश ऋषिदेव के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा बताया जा रहा है कि घर से बाइक पर सवार होकर दोनों कोरियापट्टी बाजार के लिए निकले थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। वही जदिया थाना से त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक ही बाईक पर दोनों लड़के सवार हो कर जा रहे थे।

# पटना में डेंगू के मरीज 300 के पार: 33 मरीज मिले



**पटना।** समेत राज्य के विभिन्न जिलों में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को पटना में 33 नए मरीज मिले। यह इस सीजन में सबसे ज्यादा है। राज्य में डेंगू के 53 नए मामले सामने आए हैं। जनवरी से अब तक राज्य में कुल 728 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। 315 मामले केवल पटना के हैं। इनमें सबसे ज्यादा कंकड़बाग के 56 मरीज हैं। बाकीपुर के 40, नूतन राजधानी के 26, अजीमाबाद के 49, पटना सिटी के 12, पाटलिपुत्रा के 26 मामले हैं। स्टेट प्रोग्राम आफिसर डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि घरों में जमे पानी में लार्वा की तलाश हो रही है। मुजफ्फरपुर में जांच टीम को घर और स्कूल के अंदर मच्छरों का लार्वा मिला है। टीम ने घर और स्कूल से सैंपल लिया था। पटना में कई इलाके डेंगू के लिए हॉट स्पॉट बने हुए हैं। इनमें मछुआटोली, कंकड़बाग, अगमकुआं, सिपारा, झाऊगंज, बहादुरपुर, कुम्हरार, मुसल्लहपुर हॉट, महेंद्रू, भागवत नगर आदि शामिल है।

# पत्नी-साली को मारी गोली, फिर सुसाइड

## दंपती की मौतः पटना में पति के साथ नहीं जाना चाहती थी महिला, 2 महीने से ससुराल में था आरोपी

**पटना** । बाढ़ में एक शख्स ने अपनी पत्नी और साली को गोली मार दी। फिर खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वारदात में गर्भवती पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साली की हालत गंभीर है। स्थानीय सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घरेलू विवाद में गोली चलाने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना पंडारक के बिहार बीघा की है। आरोपी दीपक कुमार(28) बिहार शरीफ का रहने वाला था। वो अपने ससुराल में ही रहता था। आज सुबह पति-पत्नी में लड़ाई हुई। गुस्से में आकर उसने पत्नी लक्ष्मी देवी (24) पर फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुनते



ही बड़ी बहन गुड़िया कुमारी (30) बचाने आई, लेकिन दीपक ने उसे भी गोली मार दी। फिर खुद को गोली मार ली। लक्ष्मी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुड़िया की हालत गंभीर है। गुड़िया देवी भी प्रेग्नेंट है। वारदात के बाद आरोपी ने खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौत हो गई। बाढ़ एसडीपीओ अपराजिता लोहान ने बताया कि घरेलू विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। दीपक करीब 2 महीने से अपने ससुराल में ही रह रहा था। पहले उसने अपने घर में पत्नी से मारपीट की थी। जिसके बाद वो अपने मायके आ गई थी। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि दीपक अपनी पत्नी को घर ले जाना चाहता था। 2 महीने से इसलिए ससुराल में था। वो उसके साथ नहीं जाना चाह रही थी। तो बदले की भावना से उसने गोली चला दी। मौके से 3 खोखे और हथियार बरामद हुआ है। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

**3 साल पहले हुई थी शादी**

दीपक कुमार और लक्ष्मी देवी की शादी 3 साल पहले हुई थी। दोनों का 2 साल का एक बेटा है। पत्नी 8 महीने की गर्भवती थी। लक्ष्मी देवी के पिता नहीं है। इस वजह से बड़ी बहन गुड़िया देवी अपनी मां के साथ ही रहती थी। गुड़िया देवी भी 3 महीने की गर्भवती है। घटना के वक्त घर में सिर्फ दोनों बहन ही थी। मां खेत पर गई थी।

# गायब छात्रा 6 दिन बाद कोलकाता में मिली

## परिवार बोला-हमारे पैसों से इंवेस्टिगेशन, दरोगा की डिमांड पर बुक कराई स्कॉर्पियो, डीएसपी का इनकार

**पटना** । 24 अगस्त को गायब हुई छात्रा को पुलिस ने 6 दिन बाद कोलकाता से सकुशल बरामद कर लिया है। पटना पुलिस ने देर रात ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। अब पुलिस लड़की से पूछताछ करने की तैयारी में है। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। इधर परिजनों का आरोप है कि हमारे पैसों से ही इन्वेस्टिगेशन पूरी हुई है। दरोगा की डिमांड पर स्कॉर्पियो बुक कराई। कोलकाता में रहने-खाने का सारा खर्च हमने ही दिया है। वहीं, डीएसपी साकेत कुमार ने इससे इनकार किया है। डीएसपी का कहना है 'पुलिस पर जो भी आरोप लगाए गए, उसकी जांच के लिए छात्रा के पिता से फोन पर बात हुई। इस बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा। वो जैसे ही पटना आएंगे, उनसे डिटेल्स में पूछताछ की जाएगी। जो विधि सम्मत कार्रवाई होगी, वो की जाएगी।' नीट की तैयारी करने वाली स्टूडेंट 24 अगस्त को अपने घर से सुबह बिना



कुछ बताए संदिग्ध हालत में गायब हो गई थी। पिता ने शास्त्री नगर थाने में केस दर्ज कराया। खुद सुराग लगाकर पुलिस को कोलकाता का कनेक्शन भी बताया। पटना के उस युवक को भी पकड़कर पुलिस को सौंपा, जो इस घटना में बड़ी कड़ी था।

अब मामला लड़की को कोलकाता से बरामद करने का था। परिजनों का आरोप है कि शास्त्री नगर थाने की पुलिस ने पैसा नहीं होने की बात कहकर हाथ खड़े कर दिए थे। लड़की की बरामदगी के लिए परिवार वालों से ही डिमांड कर दी। डिमांड एक स्कॉर्पियो गाड़ी की बुकिंग और 4 दरोगा के कोलकाता में रहने खाने के खर्च की थी। बेटी के लिए पीड़ित परिवार को पुलिस की हर शर्त माननी पड़ी। 25 अगस्त से पटना पुलिस के 4 दरोगा को लेकर लड़की के पिता कोलकाता पहुंचे थे। काफी मशक्कत के बाद लड़की मिली। गायब स्टूडेंट की बड़ी बहन ने कहा, ' पटना पुलिस के 4 सब इंस्पेक्टर (दो महिला और दो पुरुष) 25 अगस्त से ही पापा के साथ स्कॉर्पियो बुकिंग कराकर कोलकाता गए थे। स्कॉर्पियो को 12 रुपए प्रति किलो मीटर के हिसाब से पैसे देने पड़े, नाइट स्टे और ड्राइवर का खर्च अलग है।' गायब स्टूडेंट की बड़ी बहन ने बताया, 'पुलिस वालों की डिमांड पर महंगे होटल में 3 कमरा बुक करना पड़ा। सबका खर्च मेरे पापा ने दिया। अलग-अलग रूम में सभी को ठहराया गया। एक में दोनों महिला पुलिसकर्मी और दूसरे में दोनों पुरुष पुलिस कर्मी और तीसरे रूम में मेरे पापा ड्राइवर साथ थे। पुलिस अपनी गाड़ी भी नहीं ले गई। डिमांड करके स्कॉर्पियो गाड़ी की बुकिंग कराई। 24 अगस्त से ही छात्रा अपने घर से सुबह बिना कुछ बताए संदिग्ध हालत में गायब हो गई। जिसे ढूंढने के लिए 25 अगस्त को शास्त्रीनगर थाने की पुलिस टीम कोलकाता के लिए निकली। बड़ी बहन का कहना है कि अब तक लगभग 1 लाख रुपए पीड़ित परिवार के खर्च हो चुके हैं।

# हेलमेट नहीं पहनने पर कार चालक का चालान



**पटना** । ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट नहीं पहनने पर कार मालिक का चालान काट दिया। 1000 रुपए का जुमार्ना लगाया है। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित हैरान है। उन्होंने अधिकारियों से ऑनलाइन शिकायत की है, लेकिन अभी तक इसे सुधारा नहीं गया है। बाइपास थाना क्षेत्र के बेगमपुर निवासी गौरव कुमार ने बताया कि 31 अगस्त को मोबाइल पर एक मैसेज आया। जिसे ट्रैफिक पुलिस की ओर से भेजा गया था। जब ओपन करके देखा तो होश उड़ गए। हेलमेट नहीं पहनने पर कार का चालान काट दिया है। एक सप्ताह से कार को गैराज से बाहर ही नहीं निकाला हूं। उन्होंने आगे कहा कि चालान पर बाइक सवार महिला और पुरूष की फोटो है। जबकि नंबर मेरे कार का है। फोटो में साफ दिख रहा है कि बाइक के पीछे बैठी महिला ने हेलमेट नहीं पहन रखा है। उसकी गाड़ी का नंबर BR01EV/259 8 है। जो एम्स गोलंबर के पास 30 अगस्त की बताई जा रही है। जबकि कार का नंबर BR01FV/259 8 है। विभाग को EV और FV में अंतर ही समझ में नहीं आया।

# बिहार पशु विज्ञान विवि में पौधरोपण

## हमारी संस्कृति और परंपरा में पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है : राज्यपाल

**पटना।** किसानों को सम्मानित किया गया राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में पौधरोपण किया। विवि सभागार में हुए समारोह में राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण के लिए पेड़-पौधों के साथ-साथ पशु भी आवश्यक हैं। सर्वजन के तहत वे सभी प्राणी आते हैं जिनमें जीवन और प्रजनन क्षमता है। इसके अंतर्गत पेड़-पौधे और पशु-पक्षी सहित समस्त जीव आते हैं और उनका संरक्षण हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपरा में पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे ऋषियों और मनीषियों ने भी प्रकृति के सानिध्य में रहने तथा अधिकाधिक पेड़ लगाकर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया है। अपने घरों में तुलसी का पौधा लगाकर उसकी पूजा, वट वृक्ष की पूजा आदि अनेक प्रकार की पूजा पद्धतियां हमें प्रकृति से



जोड़ती हैं और इससे उसका संरक्षण होता है। हजारों वर्षों की इस परंपरा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मां के साथ जोड़कर ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान शुरू किया और अपनी मां के नाम पर पौधा लगाकर प्रकृति के संरक्षण का आह्वान किया है। हमें इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयत्नशील है। हमारा देश पेरिस सम्मेलन के निर्णयों के प्रति भी कटिबद्ध है। बिहार का वन क्षेत्र राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी कम है। इस राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने का दायित्व हम सबका है। हमें अधिकाधिक पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने वैज्ञानिकों और बिहार के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, पशु विज्ञान विवि के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने भी संबोधित किया।

# जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से केसी त्यागी का इस्तीफा

## इजराइल को मदद और अग्निवीर पर सवाल उठाए थे, इससे भाजपा नाराज थी, राजीव रंजन को जिम्मेदारी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से राष्ट्रीय महासचिव किशन चंद त्यागी (केसी त्यागी) ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 'अमर उजाला' से बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि 1984 से इस तरह की भूमिका में रहा। वह कर्पूरी ठाकुर, बीजू पटनायक आदि का जमाना था। तब इस भूमिका को निभा रहा हूं। अब हर समय बात करने की उम्र नहीं रही, इसलिए राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी छोड़ दी है। जनता दल यूनाईटेड के महासचिव आफाक अहमद खान ने चिट्ठी जारी कर यह जानकारी दी। कहा कि केसी त्यागी ने प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया गया है। उन्होंने पद छोड़ने का कारण निजी बताया है। उनकी जगह राजीव रंजन प्रसाद को जदयू का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के





साथ लंबे समय तक काम कर चुके किशनचंद त्यागी को जनता दल यूनाईटेड (खउ्र) की 22 मई 2023 एक बार फिर इज्जत के साथ पद पर वापसी हुई थी। इस बार उन्हें विशेष सलाहकार बनाया गया, लेकिन मुख्य धारा में रखने के लिए राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी दी गई। राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता के पद से उन्हें मार्च महीने में हटाया गया था, तब उन्होंने कहा था कि वह पार्टी के किसी जिम्मेदारी वाले पद पर खुद काम नहीं करना चाहते हैं। 1989 में हापुड़-गाजियाबाद सीट से पहली बार जनता दल के प्रत्याशी किशन चंद त्यागी को लोगों ने जिताकर संसद भेजा। राजनीति में सक्रिय होने और स्थानीय होने का उन्हें पूरा लाभ मिला। हालांकि उनका कार्यकाल दो साल ही रहा। इस दौरान वह जनता के बीच ही उपलब्ध रहे। 73 वर्षीय केसी त्यागी पहली बार चौधरी चरण सिंह की पार्टी लोकदल से 1984 में गाजियाबाद-हापुड़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़े और कांग्रेस के केदारनाथ सिंह से हार गए। वह दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें 22.5 फीसदी वोट मिले।

**1989 में जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव बने**





दूसरी बार 1989 में जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव बने और गाजियाबाद से चुनाव लड़ा। उन्होंने कांग्रेस के कद्दावर नेता और सांसद बीपी मौर्य को हरा दिया। 1991 में वह इसी सीट से तीसरी बार जनतादल के टिकट से चुनाव लड़े और भाजपा के रमेश चंद तोमर से हार गए। वह करीब 24 हजार वोटों से हार गए। इसके बाद 1996 में वह समाजवादी पार्टी के टिकट से गाजियाबाद सीट से चौथी बार चुनाव लड़े लेकिन उन्हें हार का समाना करना पड़ा। इस चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहे। 2004 में मेरठ सीट से जनतादल यूनाइटेड के टिकट पर चुनाव लड़े लेकिन हार का सामना करना पड़ा। 2012 में बिहार से राज्यसभा सांसद बने। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के खास लोगों में हैं। वह जिले के मोरटा गांव के रहने वाले हैं।

# ब्लॉक प्रमुख को अखंडता और गोपनीयता की उपजिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

**मथुरा।** रालोद भाजपा गठबंधन के नवनिर्वाचित पंचायत प्रमुख प्रतीक भरंगर को केबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और राज्य सभा सांसद तेजवीर सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी ने अखंडता और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। बलदेव विकास खंड बलदेव के ब्लॉक प्रमुख उपचुनाव की वोटिंग पिछले सप्ताह को हुई थी, जिसमें 93 बीडीसी सदस्य में से दो उम्मीदवार में से प्रतीक भरंगर पुत्र राजपाल भरंगर निवासी नगरा रतिया 89 बोट मिले, अजीत सिंह पुत्र जवाहर निवासी नगला डोम को कुल 3 बोट मिले, एक बोट निरस्त हुआ। आज चौधरी चरण सिंह सभागार में शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। इस मौके पर केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि विकास कार्यों के लिए ज्यादा से ज्यादा सहयोग होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में विकास की जो योजनाएं चल रही है, उनको ब्लॉक प्रमुख तेजी से पूर्ण करायेंगे। वहीं नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर ने कहा क्षेत्र में पुराने रह गए अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा और विकास की गंगा बहाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, विधायक सादाबाद गुड्डू चौधरी, विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश, जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र सिंह, राजपाल सिंह, रामवीर सिंह, भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष राजकुमार तौमर, नगर पंचायत अध्यक्ष डा. मुरारी लाल अग्रवाल, पूर्व विधायक नबाव सिंह, पूर्व विधायक प्रेम सिंह दरोगा, कन्हैया सिकरवार, लेखराज सिंह प्रधान, सोनू सिकरवार, चंद्रवीर भरंगर, संतोष पहलवान आदि मौजूद रहे।







## संक्षिप्त डायरी

### दो करोड से होगा पौराध्णिक कुंडों का सौदर्यीकरण

**मथुरा।** छाता विधान सभा क्षेत्र के विध्भिन्न गांवों में पडने वाले सभी पौराघ्णिक कुंडों का सरकार जीर्णोद्धार कराएगी। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। सरकार ने दो करोड की धनराघ्शि स्वीकृति दे दी है। जिससे सभी कुंडों के सौंदर्यीकरण का रास्ता साफ हो गया है। विधान सभा क्षेत्र में आने वाले सभी पौराघ्णिक कुंडों की सूरत जल्द बदली हुई नजर आएगी। इसके लिए कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण के प्रस्ताव पर सरकार ने मोहर लगा दी है, जिसमें उन्होंने सभी कुंडों के सौंदर्यीकरण की मांग की थी। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि सरकार सभी कुंडों के सौंदर्यीकरण के लिए करीब दो करोड़ की धन राघ्शि खर्च करेगी। जिससे कुंडों को उनकी पौराणिक पहचान मिलने में अहम योगदान मिलेगा। इन कुंडो में ब्रज चौरासी कोस यात्रा में जाने वाले यात्री आचमन करते हैं । इनमें से कई कुंडों का अघ्स्तित्व खतरे में हैं। इस योजना से उन कुंडों को जीवन दान मिलेगा और यहां आने वाले यात्री ब्रज की संस्कृति एवं पौराघ्णिक महत्व से रूबरू हो सकेंगे।

### यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने रखे सुझाव

**मथुरा।** महानगर की बिगड़ती लचर यातायात व्यवस्था को लेकर उतर प्रदेश उद्योग व्यापार मङल के एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को एसपी यातायात से मुलाकात के दौरान व्यवस्था मे सुधार की मांग की शहर मे हर रोज लगाने वाले जाम एव शहर मे जगह जगह नो एंट्री के नाम पर व्यापरियो का शोषण एवं व्यापारिक वाहनो के लिये नो एंट्री जोन में वाहन पास के साथ समय मे परिवर्तन की मांग की। व्यापारियों ने शहर के होलीगेट से छता बाजार एवं विश्राम बाजार चौक बाजार होकर मंडी रामदास से डीग गेट तक मार्ग को वन वे मार्ग करने की मांग की। इसके अतिरिक्त यातायात व्यवस्था में सुधार के लिये तमाम सुझावों से एसपी को अवगत कराया। व्यापारियों ने कहा कि नो एन्ट्री जोन में बाहर के चार पहिया वाहनों का प्रवेश कैसे हो पा रहा है सभी एन्ट्री पाइंट पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। इस मुलाकात में ट्रैफिक सीओ एवं इंस्पेक्टर के साथ प्रदेश मंत्री प्रयागनाथ चतुर्वेदी महानगर अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी , महानगर महामंत्री मुदुल अगवाल प्रेस वाले, महानगर उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, पीयूष शर्मा, सुरेन्द्र चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

### पांच वर्षीय बालिका को कोकिलावन छोड़ गए परिजन

**मथुरा।** एक पांच वर्षीय बालिका को परिजन कोकिलावन में छोड गए। ग्रामीणों को बालिका बिलखती हुई मिली। पुलिस के माध्यम से बालिका को अपना घर आश्रम में शरण दी गई जिसके बाद उसे चाइल्ड लाइन भेजा गया। कोकिलावन में रात के समय एक करीब पांच वर्षीय बालिका रोते हुए सड़क पर ग्रामीणों को मिली। जिस पर ग्रामीण समुंदर सिंह ने उसे कोकिलावन चौकी पहुंचाया। पुलिस ने बालिका से पूछताछ करने का प्रयास किया लेकिन वह कुछ भी नहीं पता सकी। माना जा रहा है कि धाम में कल भीड़ भी नहीं थी ऐसे में बालिका के गुम होने या बिछड़ने की कम ही संभावना है। बालिका की सुरक्षा के लिए उसे अपना घर आश्रम भेज दिया गया। शनिवार को बालिका को चाइल्ड लाइन की टीम के सुपुर्द कर दिया गया।

### रोप वे: ब्रज में बरसाना बन रहा पर्यटकों का नया ढिकाना

**मथुरा।** ब्रज में बरसाना अब पर्यटकों का नया ठिकाना बन रहा है। बरसाना में रोप वे शुरू होने के बाद यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। चार दिन में सात हजार से अधिक लोगों ने रोप वे का सफर किया। श्रीजी के धाम बरसाना में स्थापित रोप वे को श्रद्धालु काफी पसंद कर रहे हैं। बुजुर्ग इसके जरिये अपनी दर्शन यात्रा को आसान बना रहे हैं। वहीं युवाओं के लिए यह पर्यटन और रोमांच का केंद्र बन गया है। 26 अगस्त की शाम को सीएम ने इसका उद्घाटन किया था। 27 अगस्त से इसका आम श्रद्धालुओं के लिए संचालन शुरू किया गया। 30 अगस्त तक सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने इसमें सफर किया। ब्रह्मांचल पर्वत पर विराजमान रोप में घूमने के बाद सेल्फी लेते हैं। यह एक सेल्फी पाइंट भी बन गया है। लाडली किशोरी राधा रानी के भक्तों को 251 सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़ रहीं हैं। बरसाना में 15.89 करोड़ रुपये की लागत से मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधीन पीपीपी मॉडल पर विकसित रोप वे प्रोजेक्ट श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है 210 मीटर लंबे इस रोप वे में 12 ट्रॉली संचालित राधाष्टमी पर हजारों भक्तों को मिलेगी सहूलियत राधाष्टमी पर हजारों भक्तों को रोप वे की सहूलियत मिलेगी। दरअसल, देश भर से इस दिन वृद्ध श्रद्धालु भी मन में राधारानी के दर्शन की इच्छा लेकर आते हैं। मगर, विशेष पर्वों पर अधिक भीड़ के चलते वह सीढ़ियों पर चढ़ नहीं पाते थे। इस दफा उन्हें राधाष्टमी पर रोप वे के सफर का लाभ मिल सकेगा। प्रत्येक ट्रॉली में छह सवारी बैठती हैं जमीनी तल से रोपवे की ऊंचाई 30 मीटर है।

## मथुरा में 21 सेंटर पर चल रही परीक्षा, अभ्यर्थियों के कलवा और माला उतरवाए गए

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का शनिवार को अंतिम दिन है। 5 दिन तक चली इस परीक्षा के अंतिम दिन सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यहां 21 केंद्रों पर परीक्षा चल रही हैं। जिसमें अलग अलग जिला और राज्यों के हजारों परीक्षार्थी शामिल हुए। 3 जोन 21 सेक्टर में किया हुआ है परीक्षा केंद्रों को विभाजित पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को 21 सेक्टर, 21 स्टेटिक, तीन जोन में विभाजित किया गया है। सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोन में सीओ और मजिस्ट्रेट प्रशासन ने तैनात किए हैं। प्रत्येक केंद्र पर इनके साथ 15 पुलिस कर्मी भी तैनात हैं। इसके अलावा प्रत्येक केंद्र पर एक PRV गाड़ी भी तैनात की गई है। सभी परीक्षा केंद्र CCTV कैमरों से लैस हैं। अलग अलग जिले और राज्य से आ रहे परीक्षार्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के अलग अलग जिलों के अलावा अलग अलग राज्यों से भी परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। मथुरा में 30 हजार परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। यहां 23, 24, 25 और 30 अगस्त को परीक्षा हुई। पांचवें दिन की परीक्षा 31 अगस्त को सुबह 10 बजे शुरू होगी। प्रत्येक दिन दो पालियों में परीक्षा चल रही हैं।





परीक्षार्थी बोले बहुत मेहनत की है इस बार न हो रद्द पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों का कहना है परिणाम कुछ भी रहे लेकिन पेपर रद्द नहीं होने चाहिए। परीक्षार्थियों ने बताया कि वह ज्यादातर प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में परीक्षा रद्द होने से उन्हें मायूसी हाथ लगती है।

उफरवरी में हुई परीक्षा कर दी थी रद्द उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा फरवरी में भी हुई थी। लेकिन पेपर लीक हो जाने के चलते रद्द कर दी गई थी। जिसके बाद 6 महीने में पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिए गए थे। इसीलिए अगस्त में इस बार परीक्षा 5 दिन कराई गई। जिसमें प्रत्येक दिन दो पालियों में परीक्षा हो रही है।

## अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने टोल प्लाजा बूथ में मारी टक्कर



**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार की दोपहर को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। यहाँ जाबरा टोल प्लाजा पर नोएडा से आगरा की तरफ जा रही पिकअप गाड़ी नियंत्रित होकर टोल बूथ में घुस गई। जिस समय पिकअप गाड़ी टोल बूथ में घुसी उस समय वहां एक कर्मचारी बैठा हुआ था। जिसमें कर्मचारी बाल-बाल बचा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी में सवार चालक परिचालक को हिरासत में ले लिया। वही गाड़ी की टक्कर मारने वाली घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें टोल कर्मचारी बाल बाल बचता हुआ दिखाई दे रहा है।

## सिस्टम की लापरवाही ने ली बच्चे की जान

**मथुरा।** सिस्टम की लापरवाही और अनसुनी ने बालक की जान ले ली। ग्रामीणों की लगातार शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने उनकी नहीं सुनी। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि घटना के बाद भी कार्यदायी संस्था और जिला प्रशासन का कोई अधिकारी पीड़ित परिवार को सांत्वना देने तक नहीं पहुंचा है। बलदेव क्षेत्र के गांव नेरा में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। करीब तीन महीने पहले 12 फीट का एक गड्ढा कार्यदायी संस्था की ओर से खोदा गया था। इसके बाद बरसात शुरू हो गई। गड्ढे में पानी भर गया और कार्यदायी संस्था ने भी कार्य को रोक दिया। इसी गड्ढे में एक बालक गिर गया और उसकी मौत हो गई। शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि जल निगम के जेई और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कई बार इस बात से अवगत कराया गया था कि यह गड्ढा मंदिर के पास है। मंदिर पर ग्रामीण और बच्चे प्रतिदिन आते हैं। गड्ढे से कोई भी हादसा हो सकता है। हर बार सिर्फ आश्वासन मिला लेकिन किसी तरह कोई व्यवस्था नहीं की गई। बच्चे की मौत की सूचना के बाद भी जिला प्रशासन या कार्यदायी संस्था का कोई अधिकारी पीड़ित परिवार तक नहीं पहुंचा है। मृतक बालक अपने पिता की इकलौती संतान थी और परिवार बेहद गरीब है।

## कोसी ड्रेन का पानी भरने से फसलें खराब हो रहीं, किसान अधिकारियों से लगा रहे समाधान की गुहार

**मथुरा।** मथुरा के चौमुहा क्षेत्र के कई गांव के किसान राजीव भवन पहुंचे। अपने खेतों में ड्रेन ओवरफ्लो होने से भरे पानी की समस्या से अधिकारियों को जानकारी दी। किसानों ने कहा कि उनके खेतों में कोसी ड्रेन का पानी भर गया है। जिससे फसल जल मग्न हो गई है। ग्रामीणों ने मांग कि ड्रेन में बने बांध को तोड़ दिया जाए। तो खेतों में भरे पानी की समस्या का समाधान हो सकता है। किसानों कहा कि कोसी ड्रेन में गांव पारसोली चौमुहा पर ड्रेन में पक्का बांध लगा हुआ है। बारिश होने पर ड्रेन ओवरफ्लो हो जाता है और उसका पानी खेतों में पहुंच जाता है। जिससे इस समय करीब 500 बीघा जमीन ड्रेन के पानी की चपेट में है और पूरी तरह से जलमग्न हो गई है। छाता तहसील के अंतर्गत गांव बिलौठी, सेमरी, अकबरपुर आदि गांव के किसान राजीव भवन पहुंचे और इस बारे में मुख्य विकास अधिकारी को शिकायत पत्र दिया। किसानों का कहना है कि हमारे खेतों में ड्रेन का पानी भरा होने से पानी से फसल खराब हो रही हैं।



बांध की वजह से ड्रेन के पानी से करीब 500 बीघा फसल में पानी भरा हुआ है। ऐसे में अगर कोसी ड्रेन में लगे बांध को खुलवाया जाए, पानी की निकासी हो सकती है। किसानों ने बताया कि एसडीएम छाता, मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी मथुरा को भी अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों ने कहा कि एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कह रही है, लेकिन यहां किसानों की फसल पूरी तरह से चौपट हो रही है और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है। जिससे अन्नदाता पूरी तरह से बर्बाद होने की कगार पर है।

## भ्रष्टाचार: पवित्र तीर्थ क्षेत्र में मीट उत्पाद बेचने के जारी कर दिये लाइसेंस

### तथ्य छुपाकर कर करा लिए रजिस्ट्रेशन बोले जिम्मेदार

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और मथुरा के 22 वार्डों के अधिकांश क्षेत्र को तीर्थ स्थल घोषित किया है। नगर निगम, पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग से कुछ लोगों ने प्रतिबंधित पवित्र तीर्थ क्षेत्र में मीट उत्पाद बेचने के 11 लाइसेंस जारी करा लिये। यह लाइसेंस नियम विरुद्ध जारी किये गये हैं। इस बात का खुलासा होने के बाद विभाग में हड़कंप मचा है। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत उपर तक कर दी है। अब विभाग इस गलती को एक दूसरे पर डालने में लगे हैं और जिम्मेदारी लेने से भाग रहे हैं। इस कारोबार में लगे लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कार्यवाही के बाद भी वह लगातार प्रतिबंधित क्षेत्र में मीट उत्पाद बेचते रहे। नगर निगम, पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से ठीक पहले तीन दुकानों पर कार्यवाही की थी और यहां 50 किलोग्राम मीट जब्त किया था। दुकानों को सीज किया गया था और इस कारोबार में लगे लोगों को चेतावनी दी गई थी। हालांकि इसके बाद भी रजिस्ट्रेशन निरस्त नहीं किये गये। जन्माष्टमी के बाद एक बार फिर इसी क्षेत्र में और इन्हीं दुकानों पर कार्यवाही की और मीट जब्त किया गया। जब कारोबार करने वालों पर कार्यवाही करने का दबाव बढा तो खुद जिम्मेदार विभागों की पोल खुल कर सामने आ गई। प्रतिबंधित क्षेत्र में मीट उत्पाद बेचने के 11 लाइसेंस खुद खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जारी किये गये थे। जिन्हें आधार बना कर ये लोग प्रतिबंधित क्षेत्र में धडल्ले से मीट का कारोबार कर रहे थे। जानकारों कहना है कि खाद्य विभाग भ्रष्टाचार को लेकर सदैव सुर्खियों में रहा है। चैकिंग के नाम पर या तो लीपापोती की जाती है। छापामार कार्यवाही भी छोटे और मझोले कारोबारियों के यहां की जाती है । और रसूखदार धन्ना सेठ अजगरों के यहां कार्रवाई करने में तो विभाग के अधिकारियों की आवाज बंद हो जाती है। या यह कह सकते हैं। कि उनसे विभाग के बड़े बड़े स्वार्थ सिद्ध होते हैं।


## संकीर्तन भवन में ठाकुरश्री वंशीवट बिहारी गिरधारी लाल जू महाराज का अष्टदिवसीय वार्षिक महोत्सव धूमधाम से संपन्न













**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** वंशीवट क्षेत्र स्थित संकीर्तन भवन में श्रीसंकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट (झूंसी) के तत्वावधान में चल रहा ठाकुरश्री वंशीवट बिहारी गिरधारी लाल जू महाराज का अष्टदिवसीय वार्षिक महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत ठाकुर विग्रहों को नए वस्त्र धारण कराए गए।साथ ही संतों व भक्तों के द्वारा उनका वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।इससे पूर्व प्रख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य गोपाल भैया महाराज ने अपनी सरस वाणी के द्वारा देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को ब्रह्मलीन संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज द्वारा रचित ग्रंथ भागवत चरित की कथा श्रवण कराई। महोत्सव में पधारे श्रीगोरीलाल कुंज के अध्यक्ष श्रीमहंत किशोरदास देवजू महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन संत प्रवर प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की श्रीधाम वृन्दावन, गौ एवं संतों के प्रति अपार निष्ठा थी।वे इनकी सेवा, रक्षा एवं उत्थान के लिए पूर्णतः समर्पित थे।उन जैसी पुण्यात्माएं ही हमें पृथ्वी पर ईश्वर के होने की अनुभूति कराती हैं। प्रख्यात भागवताचार्य आचार्य गोपाल भैया महाराज एवं आचार्य विनय त्रिपाठी ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव ब्रह्मलीन संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज समस्त धर्म ग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे।उन्होंने वेदव्यासजी द्वारा रचित श्रीमद्भागवत महापुराण का ब्रजभाषा में अनुवाद कर श्रीभागवत चरित नामक ग्रंथ की रचना की।इसीलिए वे व्यासावतार कहे जाते हैं। आचार्य मंगेश दुबे एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि ब्रह्मलीन प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज श्रीकृष्ण रसोपासना के रससिद्ध संत थे।उनकी ब्रज वृन्दावन, गिरिराज गोवर्धन एवं श्रीयमुना महारानी में अपार निष्ठा थी। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. राम सुदर्शन मिश्रा, राज नारायण द्विवेदी (राजू भैया), पण्डित बिहारीलाल शास्त्री, मीरा रामानुज दासी, भागवताचार्य मुकेश मोहन शास्त्री, आचार्य बुद्धि प्रकाश शास्त्री, आचार्य पंकज मिश्रा, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।



# पहाड़ों की चादर ओढ़े मेघालय



शिलांग भारत के उत्तर–पूर्वी राज्य मेघालय की राजधानी है। भारत के पूर्वोत्तर में बसा शिलांग हमेशा से पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। इसे भारत के पूरब का स्कॉटलैण्ड भी कहा जाता है। पहाड़ियों पर बसा छोटा और खूबसूरत शहर पहले असम की राजधानी था। असम के विभाजन के बाद मेघालय बना और शिलांग वहां की राजधानी। लगभग 1695 मीटर की ऊंचाई पर बसे इस शहर में मौसम हमेशा खुशगवार बना रहता है। मानसून के दौरान जब यहां बारिश होती है, तो पूरे शहर की खूबसूरती और निखर जाती है और शिलांग के चारों तरफ के झरने जीवंत हो उठते है।

शिलांग के अधिकांश लोग खासी नामक जनजाति के हैं। इस जनजाति? के ज्यादातर लोग ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। खासी जनजाति के बारे में दिलचस्प बात यह है कि इस जनजाति में महिला को घर का मुखिया माना जाता है। जबकि भारत के अधिकांश परिवारों में पुरुष को प्रमुख माना जाता है। इस जनजाति में परिवार की सबसे बड़ी लड़की को जमीन जायदाद की मालकिन बनाया जाता है। यहां मां का उपनाम ही बच्चे अपने नाम के आगे लगाते हैं।

चेरापुंजी भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य मेघालय का एक शहर है। यह शिलांग से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह स्थान दुनिया भर में मशहूर है। हाल ही में इसका नाम चेरापूंजी से बदलकर सोहरा रख दिया गया है। वास्तव में स्थानीय लोग इसे सोहरा नाम से ही जानते हैं। यह स्थान दुनियाभर में सर्वाधिक बारिश के लिए जाना जाता है। इसके नजदीक ही नोहकालीकाई झरना है, जिसे पर्यटक जरूर देखने जाते हैं। यहां कई गुफा भी हैं, जिनमें से कुछ कई किलोमीटर लम्बी हैं। चेरापूंजी बांगलादेश सीमा से काफी करीब है, इसलिए यहां से बांगलादेश को भी देखा जा सकता है।

ऐसा नहीं है की जब भी आप को अपनी छुट्टियाँ मज़ेदार बनानी हो आप गोवा या किसी हिल स्टेशन की ओर निकल पड़ें। भारत के उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में भी आपको बेहद सुकून और शांति के अहसास का आनंद मिल सकता है। जी हाँ, अगर आप को माइंड रिफ्रेश करना हो और कुछ दिनों के लिए आप भाग दौड़ से दूर स्ट्रेस फ्री मूड में रहना चाहते हैं तो मेघालय से अच्छी कोई जगह हो ही नहीं सकती।

मेघालय यानि 'बादलों का घर', जिसका नाम ही इतना ताज़गी भरा हो सोचिये ज़रा वो जगह भी कितनी शानदार होगी। मेघालय में जो रुहानी राहत और मानसिक शांति मिलती है वो तो बस अनमोल ही है। यहाँ की मनोरम वादियाँ देख कोई भी इसकी खूबसूरती का कायल हुए बिना नहीं रह पायेगा। मेघालय की प्राकृतिक सुन्दरता ही है जो पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती है। यहाँ का वातावरण भी बहुत ही मनमोहक और ताज़गी से भरपूर होता है। बारिश के दिनों में तो वर्षा से भरे बादलों के बीच मेघालय की पहाड़ियां बहुत दिल लुभावनी दिखाई देती हैं।

मेघालय में घूमने के लिए बहुत सी शानदार जगहें हैं जहाँ प्रकृति की असली सुन्दरता बहुत ही भव्य रूप में नज़र आती है।

शीतल शिलॉंग

मेघालय का कैपिटल शिलॉंग पर्यटकों का सबसे महत्वपूर्ण टूरिज्म डेस्टिनेशन है। और भला ऐसे कैसे हो सकता है कि आप भारत के उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में जायें और शिलॉंग न देखें । शिलॉंग जाये बिना तो आपके घूमने का मज़ा अधुरा ही रह जायेगा। शिलॉंग की लाजवाब खूबसूरती और यहाँ की ऊँची-ऊँची पहाड़ियां आप का दिल चुरा लेंगी। शिलॉंग जाने के लिए बारिश का मौसम बहुत ही उत्तम होता है। शिलॉंग की किसी पर्वत चोटी पर खड़े हो कर पूरे शहर का अद्वितीय नज़ारा लिया जा सकता है। शिलॉंग में अनेक मनोरम स्थल हैं जिन में वार्ड लेक, लेडी हैदरी पार्क, पोलो ग्राउंड और मिनी चिड़ियाघर प्रमुख हैं। लेकिन यहाँ पर सबसे ज़्यादा प्रसिद्द है एलीफैंट वाटर फॉल जो बहुत ही खूबसूरत है और साथ ही यहाँ पर लोग एयर बैलून का भी पूरा लुत्फ़ उठाते हैं।

चंचल चेरापूंजी

चेरापूंजी नाम सुनते ही बचपन में पढ़ा जियोग्राफी का वो चैप्टर याद आ जाता है ना जिसमे हमने पढ़ा था 'चेरापूंजी में सबसे ज़्यादा बारिश होती है'। सोचिये कितना रोमांच भरा होगा ऐसी जगह को हकीकत में देखना । चेरापूंजी पर्यटकों का फेवरेट स्पॉट है। चेरापूंजी में माकडॉक और डिमपेप घाटी का दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है। चेरापूंजी की बारिश की बूंदे तन-मन को ऐसे भिगो देंगी की दिल ताज़गी से भर उठेगा। चेरापूंजी का सबसे आकर्षक स्थान है नोहकलिकाई झरना। हजारों फीट ऊपर से गिरता यह दूधिया सफ़ेद झरना बहुत ही मनमोहक और खूबसूरत है। इसके अलावा चेरापूंजी का माउलंग सीम पीक एक ऐसा स्थान है जो यात्रियों के लिए रहस्य, रोमांच, साहस और सौंदर्य से भरा हुआ है। दूर एक हज़ार मीटर ऊंचाई से गिरता झरना, घने वृक्षों से घिरा जंगल, बादलों के पास बसा बांग्लादेश यहां से दिखाई देता है।





मेघालय में पाई जाने वाली गारो पहाडियों में तो मानसून के मौसम में घूमने का मज़ा दोगुना हो जायेगा। मानसूनी सीजन के वक्त यहाँ बादल हमेशा बने रहते हैं। खासी और जेंतिया पहाड़ी की ऊंचाई पर एक विशेष प्रकार का मौसम रहता है, जिसमें हल्की ठंडक हद्द्ढ्हद्ध है। विंटर में यहां तेज़ सर्दी पड़ती है। इसके साथ ही रामकृष्ण का मंदिर, नोखालीकाई वॉटर फॉल, वेल्श मिशनरियों की दरगाहें, ईको पार्क, डबल ड्रेकर रूट ब्रिज और चेरापूंजी मौसम विभाग वैधशाला देखने लायक स्थान हैं। चेरापूंजी में होने वाली तेज़ बारिश से यहाँ की चट्टानों में दरार पड़ गई है और सभी ढलानों पर झरने का दृश्य बेहद मनोरम है।

मेघालय देश के उत्तरी पूर्व क्षेत्र का खूबसूरत राज्य है जिसे देख कर लगता हैं मानो इसने पहाड़ की चादर ओढ़ रखी हो। इस राज्य का एक तिहाई हिस्सा घने जंगलों से भरा है। इस राज्य को पूरब का स्काटलैंड कहा जाता है। यहां पूरे देश के मुकाबले बहुत ज्यादा बारिश होती है।



मेघालय बायोडाइवरसिटी यानी जैविक विविधता से भरपूर है। यहां पौधे, जीव-जन्तु और पक्षियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। मेघालय में खेती में प्राथमिकता दी गई है। यहां की मुख्य फसलें हैं- केला, मक्का, अनानास, आलू और चावल। मेघालय की शिलांग चोटी को यहां के निवासी भगवान का निवास स्थल मानते हैं।

पर्यटकों का यहां हर समय तांता लगा रहता है। इस राज्य की खूबसूरती और इसके मनमोहक दृश्य के कारण पर्यटक खिंचे चले आते हैं। यहां तीन वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी और दो नेशनल पार्क हैं। ट्रैकिंग, हाइकिंग और पर्वतारोहण के दीवानों के लिए यह जगह बेहतर है। यहां यूमियान लेक में वॉटर स्पोर्ट्स का मजा लिया जा सकता है। यहां के लोगों में वॉटर स्पोर्ट्स काफी लोकप्रिय है।

चूना पत्थर और बलुआ पत्थर से बनी लगभग 500 गुफाएं यहां मौजूद हैं। जिनमें से कुछ ऐसी भी हैं, जो देश की सबसे लंबी और गहरी गुफा है। ये गुफाएं देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इस राज्य का सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल है चेरापूंजी। यहां के अद्भुत प्राकृतिक दृश्य पूरे उत्तरी-पूर्व भारत में सबसे अनोखे और दर्शनीय हैं।

यहां कई वाटरफॉल हैं। जैसे शेदेथम फॉल्स, विनिया फॉल्स, एलिफेंट फाल्स, नोहकालीलाई, स्वीट फॉल्स, विशप्स फाल्स और लैंगशियांग फॉल्स। इन झरनों की खूबसूरती देखते बनती है। मेघालय को खैसिस, जैंटिया और गैरो हिल्स के अनुसार विभिन्न भागों में बांटा गया है। यहां कई नदियां हैं, जिनमें कुछ मौसमी हैं। इनमें से कुछ नदियां खूबसूरत वाटरफॉल बनाती हैं।

मेघालय घूमने का सबसे अच्छा मौसम है गर्मियां। वैसे आप मेघालय कभी भी जाएं गर्म कपड़ों की जरूरत हमेशा पड़ती है। सड़क, रेल और हवाई यातायात के साथ यहां हेलिकॉप्टर सेवा भी उपलब्ध है, जो शिलांग से गुवाहाटी को जोड़ती है।

# आरबीआई ने यूको बैंक पर की बड़ी कार्रवाई, लगाया 2.68 करोड़ का जुर्माना

## - आरबीआई के दिशानिर्देश का अनुपालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई


**नई दिल्ली ।**

बैंकिंग रेगुलेटर रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक पर बैंकिग रेगुलेशन एक्ट 1949 और उसके निर्देशों का पालन नहीं करने के चलते 2,68,30,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई के मुताबिक यूको बैंक पर बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 के सेक्शन 26ए के प्रावधानों के उल्लंघन, एडवांस पर ब्याज दरों, बैंक के करंट अकाउंट्स में अनुशासन, डिपॉजिट पर ब्याज दरें और कमर्शियल बैंकों और चुनिंदा फाइनेंशियल इंस्टीट्युशन के फ्रॉड क्लासिफिकेशन और उसकी रिपोर्टिंग को लेकर आरबीआई की ओर से जारी किए गए दिशानिर्देश का अनुपालन नहीं करने के चलते ये कार्रवाई की गई है। आरबीआई ने कहा कि उसने यह कार्रवाई उसे मिले अधिकारों के तहत की है। आरबीआई ने बताया कि बैंक के सुपवाइजरी जांच के बाद उसे शो कॉज नोटिस भी जारी किया गया था। बैंक को नोटिस भेजकर पूछा गया कि उस पर क्यों ना ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी लगाया जाए। नोटिस पर बैंक के जवाब के बाद आरबीआई ने पाया कि पेनल्टी लगाने की कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके बाद बैंक पर मॉनिटरी पेनाल्टी लगाया गया। आरबीआई के अनुसार यूको बैंक फ्लोटिंग रेट वाले पर्सनल रिटेल लोन और एमएसएमई को दिए लोन को एक्सटर्नल बेंचमार्क के साथ बेंचमार्क करने में विफल रहा है। ऐसे लोगों के करंट अकाउंट खोले गए जिसमें बैंकिंग सिस्टम का एक्सपोजर 5 करोड़ रुपये से ज्यादा था। ऐसे लोगों के नाम पर सेविंग डिपॉजिट अकाउंट्स खोले गए जो पात्रता नहीं रखते थे। कुछ अनक्लेम्ड फिक्स्ड डिपॉजिट वाले बैलेंस को डिपॉजिटर्स एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड




में एक्सपाइजरी की अवधि के तीन महीनों के भीतर ट्रांसफर करने में विफल रही है जिसके बाद ये 10 वर्षों से ज्यादा समय तक ये अनक्लेम्ड रहे। साथ ही फ्रॉड वाले मामलों को इंफोर्समेंट एजेंसियों को रिपोर्ट करने में बैंक ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। आरबीआई ने कहा कि मॉनिटरी पेनल्टी लगाने से बैंक के खिलाफ शुरू की जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ेगा।

# शेयर बाजार में निवेशकों की संपत्ति 9 दिन में 10 लाख करोड़ बढ़ गई




**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार में नौ दिनों की तेजी के दौरान निवेशकों की संपत्ति 10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 2 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और घरेलू निवेशकों की खरीदारी के समर्थन के बीच बाजार में तेजी रही। नौ दिनों की तेजी में बीएसई बेंचमार्क 1,941.09 अंक चढ़ा। लगातार नौवें सत्र में शुक्रवार को तेजी के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई का बेंचमार्क सेंसेक्स 231.16 अंक चढ़कर 82,365.77 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण नौ कारोबारी दिनों में 10,00,028 करोड़ रुपये बढ़कर 4,64,39,993.77 करोड़ रुपये (5.54 हजार अरब डॉलर) हो गया। बाजार के जानकारों ने कहा कि व्यापक आधार पर खरीदारी के समर्थन के कारण बेंचमार्क सूचकांकों ने सकारात्मक कारोबारी सत्र में नई ऊंचाई को छुआ, क्योंकि पिछले सप्ताह जैक्सन होल बैठक के बाद अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद ने निवेशकों की धारणा को और सकारात्मक कर दिया है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और पावर ग्रिड सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा और आईटीसी घाटे में रहीं।

# एलन मस्क ने एक्स अकाउंट को किया बंद, नफरत भरे कमेंट करता था



**नई दिल्ली ।**

एक जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, उसने हाल ही में भारतीय, अफ्रीकी और यहूदी पर जातिवादी और आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले अकाउंट को सस्पेंड कर दिया है। ट्विटर ने कहा कि प्लेटफॉर्म पर नस्लीय, सांप्रदायिक और अन्य भेदभावपूर्ण टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पिछले कुछ समय में कई अकाउंट्स पर भारतीय, अफ्रीकी और यहूदी लोगों के खिलाफ अपमानजनक और जातिवादी टिप्पणियां की गई थीं, जो न केवल इन समुदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही थीं, बल्कि प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और सम्मान को भी प्रभावित कर रही थीं। गौरतलब है दें कि यह अकाउंट यूके के कमीडियन बैरी स्टैनटन के नाम पर बना फर्जी अकाउंट था। इसके करीब 2 लाख फॉलोअर्स थे। ट्विटर ने अपनी नीतियों में बदलाव करते हुए स्पष्ट किया है कि जातिवादी और भेदभावपूर्ण सामग्री की कोई भी स्वीकृति नहीं होगी। इससे पहले ट्विटर ने अपनी कॉन्टेंट पॉलिसी को अपडेट किया था, जिसमें नफरत भरी टिप्पणियों और भेदभावपूर्ण स्पीच के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की गई थी। ट्विटर ने उन अकाउंट्स पर कार्रवाई की है जो बार-बार नफरत भरी टिप्पणियां कर रहे थे। इन अकाउंट्स को स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है और इनके पोस्ट और कमेंट्स को प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। ट्विटर ने यूजर्स को अपमानजनक सामग्री की रिपोर्ट करने की सुविधा प्रदान की है। इसके अतिरिक्त प्लेटफॉर्म पर बेहतर मॉडरेशन प्रणाली लागू की गई है, ताकि भेदभावपूर्ण कॉन्टेंट को जल्दी से हटाया जा सके।

# बिहार-यूपी सहित कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

**नई दिल्ली ।**

भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। जिसके बाद हर सुबह सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव जारी करती है। ऐसे ही तेल कंपनियों ने शे निवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक बिहार-यूपी सहित कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। बिहार में पेट्रोल 22 पैसे घटकर 107.09 रुपये प्रति लीटर और डीजल 21 पैसे घटकर 93.81 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं यूपी में पेट्रोल 31 पैसे घटकर 94.25 रुपये प्रति लीटर और डीजल 7 पैसे घटकर 87.57 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके इलावा महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 20 पैसे घटकर 104.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 20 पैसे घटकर 90.77 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं देश के महानगरों में पेट्रोल-डीजल की



कीमत इस प्रकार है- दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल की कीमत 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

# यूलर मोटर्स ने की स्मॉल कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में उतरने की घोषणा

**नई दिल्ली ।**

वाहन निर्माता कंपनी यूलर मोटर्स ने अब स्मॉल कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में उतरने की घोषणा की है। कंपनी का इरादा आगामी त्योहारी सत्र के दौरान 1,000 किलोग्राम से अधिक पेलोड वाला पहला चार पहिया वाहन उतारने का है। कंपनी ने कहा कि उसका नया एससीवी लागत प्रभावी और हाई परफॉर्मेंस वाले इंटर-सिटी ट्रांसपोर्टेशन सॉल्युशन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा। मौजूदा समय में, इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर सेक्टर के प्लेयर यूलर मोटर्स ने यह भी कहा कि उसका पहला चार पहिया वाहन लंबी ड्राइविंग रेंज, हाई पेलोड कैपिसिटी और बेहतर तत्काल आधार पर फ्लीट प्रबंधन प्रदान करेगा। यूलर मोटर्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौरव कुमार ने कहा, ''वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों को विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करना चाहिए। हमारा दृष्टिकोण ऐसे वाहन विकसित करने का है जो सभी उद्योग क्षेत्रों में सहज रूप से एकीकृत हो सके।''कंपनी ने बयान में कहा, ''यूलर मोटर्स ने छोटे वाणिज्यिक वाहन




(एससीवी) सेगमेंट में प्रवेश की घोषणा की है, जिसमें उसका पहला चारपहिया वाहन 1,000 से अधिक किलोग्राम पेलोड प्रदान करेगा।''

## जियो फाइनेंस जल्द शुरू करेगी आवास ऋण सेवा

**मुंबई ।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) जियो फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि वह जल्द ही आवास ऋण सेवा शुरू करने वाली है। इसे परीक्षण के




तौर पर (बीटा) शुरू किया गया है। इसके अलावा कंपनी संपत्ति पर ऋण और प्रतिभूतियों पर ऋण जैसे अन्य उत्पाद भी पेश करने जा रही है। हाल ही में पहली वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को से कंपनी के वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि हम आवास ऋण शुरू करने के अंतिम चरण में हैं, जिसे परीक्षण के तौर पर शुरू किया गया है। संपत्ति पर ऋण और प्रतिभूतियों पर ऋण जैसे अन्य उत्पाद भी प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि जियो फाइनेंस लिमिटेड ने पहले ही बाजार में आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण, म्यूचु



## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंचेगा देश का यूपीआई सिस्टम : दास

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) कई और देशों तक बढ़ेगा। गर्वनर दास ने कहा कि यूपीआई पहले ही क्यूआर कोड और फास्ट पेमेंट सिस्टम के जरिये कई देशों में मौजूद है और कई अन्य देशों के साथ इस पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह वैश्विक स्तर पर और बढ़ेगा और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंचेगा। दास ने कहा था कि इस दिशा में पहले से ही भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, यूएई, मॉरीशस, नामीबिया, पेरू, फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से दुनिया भर में भारत की पहलों को अपनाने के लिए सकारात्मक रुख का पता चलता है।

## जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1 फीसदी हुई

नई दिल्ली । जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1 फीसदी रह गई है। इसकी मुख्य वजह कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट बताई जा रही है। हालांकियह मासिक आधार पर जून के 5.1 फीसदी से ज्यादा है। हाल ही में जारी` किए गए आंकड़ों के मुताबिक जुलाई, 2023 में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट व बिजली क्षेत्र का उत्पादन 8.5 फीसदी की दर से बढ़ा था। जुलाई में कच्चे तेल के उत्पादन में 2.9 फीसदी और प्राकृतिक गैस में 1.3 फीसदी गिरावट रही। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.1 फीसदी बढ़ा है। बाजार के जानकारों ने कहा` कि विकास की रफ्तार मजबूत है। पहली तिमाही में वृद्धि दर इसलिए घटी, क्योंकि लोकसभा चुनाव सात चरणों में चला था। जून तिमाही में सकल स्थिर पूंजी निर्माण वास्तविक रूप से जीडीपी का 34.8 फीसदी रहा। यह दर्शाता है कि निजी निवेश अपनी भूमिका निभा रहा है। मानसून में अच्छी प्रगति हुई है। कॉरपोरेट और बैंकों का बही-खाता अच्छी स्थिति में हैं।

## सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को नवरत्न का दर्जा

**नई दिल्ली ।** सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने नवरत्न का दर्जा दिया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हाल ही में एक बयान में यह जानकारी दी। गौरतलब है कि कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एसईसीआई एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है। मंत्रालय के मुताबिक एसईसीआई एक अग्रणी सीपीएसई है जो भारत में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता के विकास और विस्तार के लिए समर्पित है, जिसमें 69.25 गीगावॉट उत्पादन की क्षमता है। यह प्रतिवर्ष 42 बिलियन यूनिट से ऊपर की व्यापार करती है तथा जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने और सतत विकास के लिए प्रयास करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 20.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 13,118.68 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार और वित्तीय वर्ष 2023-24 में 34.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कर के पश्चात 510.92 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है।



# देश के शेयर बाजारों में सप्ताह भर तेजी रही

**मुंबई ।**

अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और घरेलू निवेशकों की खरीदारी के समर्थन के दौरान बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी दर्ज की गई। सप्ताह की शुरुआत में बढ़त पर खुले शेयर बाजार शुक्रवार को भी तेजी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह भर के कारोबारी` दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी ` दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। भारतीय बेंचमार्क सूचकांक एसएंडपी सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने सोमवार को मजबूती के साथ शुरुआत की। बीएसई सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,304 पर खुला और 611.90 अंक चढ़कर 81,698 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 50 24,906 के स्तर पर 0.33 प्रतिशत बढ़कर खुला और 187.45 अंकों की मजबूती के साथ 25,010.60 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी ` दिन भारतीय प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 की सुस्त शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स .07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,640.15 पर खुला और 13.65 अंकों की बढ़त के साथ 81,711.76 पर बंद हुआ। निफ्टी 50, 25,024 के स्तर खुला और 7.16 की बढ़त के साथ 25,017.75 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 261.85 अंक मजबूत होकर 81,990.56 के स्तर पर खुला और 73.80 अंक मजबूत होकर 81,785.56 पर बंद हुआ। निफ्टी 84.71 अंक उछलकर 25,102.45 के स्तर पर खुला और 34.60 अंकों की बढ़त के साथ 25,052.35 पर बंद हुआ। एनवीडिया के नतीजों के बाद बुधवार की रात अमेरिकी बाजार में आई गिरावट का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी देखा गया। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत




गुरुवार को कमजोर रही। बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 लाल रंग में खुले। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत नीचे 81,717 पर खुला और 349.05 अंक उछलकर पहली बार 82,134.61 के नए स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 0.11 प्रतिशत नीचे 25,023 पर खुला और 99.60 अंक बढ़कर 25,151.95 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ। गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स से मिल रहे रुझानों और वैश्विक बाजारों में उछाल की वजह से घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार के कारोबारी` दिन तेजी के साथ शुरुआत की। बीएसई सेंसेक्स 324.46 अंक की बढ़त के साथ 82,459.07 पर खुला और 231.16 (0.28 फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 82,365.77 पर बंद हुआ। निफ्टी 50, 89.30 अंक की बढ़त के साथ 25,241.25 पर खुला और 83.96 (0.33 फीसदी) अंकों की मजबूती के साथ 25,235.90 के स्तर पर बंद हुआ।

## कोरोना के बाद प्रॉपर्टी पंजीकरण में वरिष्ठ लोगों की हिस्सेदारी बढ़ी



**मुंबई ।** मुंबई में 61 वर्ष और उससे अधिक की आयु वर्ग के लोगों द्वारा खरीदी जाने वाली प्रॉपर्टी में 204 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को` मिली है। जुलाई 2024 तक यह आंकड़ा 15,276 है, जो 2020 में 7,554 पर था। कुल प्रॉपर्टी पंजीकरण में वरिष्ठ लोगों की हिस्सेदारी 2023 में बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2020 में 12 प्रतिशत थी। एक रिपोर्ट में बताया कि 2023 में वरिष्ठ नागरिकों की ओर से 22,849 प्रॉपर्टी का पंजीकरण कराया गया था। 2024 में जुलाई तक यह आंकड़ा 15,276 था। रिपोर्ट में बताया कि वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कराए जाने वाले प्रॉपर्टी पंजीकरण की संख्या इस साल 23,000 जाने की उम्मीद है। प्रॉपर्टी खरीद बढ़ने की वजह 2020 के बाद लाइफस्टाइल में बदलाव आना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कोरोना के बाद वर्क फ्रॉम होम का चलन तेजी से बढ़ा है। इससे महामारी ने परिवारों को एकजुट किया है, जिसके कारण बड़े घरों की मांग में इजाफा हुआ है।

# आरबीआई के नाम से कॉल आए तो सतर्क रहें, नहीं तो साफ हो जाएगा बैंक खाता

**नई दिल्ली।**

आरबीआई के नाम से कोई भी फोन कॉल आए तो सतर्क हो जाएं, केंद्रीय बैंक ने अपनी कोई भी जानकारी किसी के साथ शेयर करने से साफ मना किया है। बैंक ने साइबर क्रिमिनल्स के ठगी करने के तरीकों को भी बताया। साइबर ठग आरबीआई के फर्जी लेटर हेड या ईमेल एड्रेस का इस्तेमाल करते हैं। खुद को केंद्रीय बैंक कर्मचारी बताते हैं। यूजर को भारी भरकम लॉटरी जीतने या सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनने जैसे लालच देकर फंसाते हैं। फिर उनका अकाउंट साफ कर देते हैं। आरबीआई के मुताबिक कई बार जालसाज खुद को सरकार या फिर केंद्रीय बैंक का अधिकारी बनकर संपर्क करते हैं। उनसे सरकारी कॉन्ट्रैक्ट या योजना की आड़ में सिक्योरिटी डिपॉजिट करने को कहते हैं। जालसाज कई बार डरा-धमकाकर भी ठगी की कोशिश करते हैं। इसमें पीड़ितों से कॉल, एसएमएसया मेल के जरिए संपर्क किया जाता है। उनके अकाउंट को फ्रीज या ब्लॉक करने की धमकी दी जाती है। उन्हें कुछ फर्जी किस्म के लिंक से ऐप भी डाउनलोड करने के लिए बहकाया या मजबूर किया जाता है। इसके जरिए यूजर्स की कई निजी जानकारियां उन ठगों के हाथ लग जाती है। आरबीआई का कहना है कि यूजर्स को अपनी कोई भी निजी जानकारी दूसरों के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। किसी भी बैंक या




बैंक कर्मचारी को यूजर्स से फोन या ईमेल के जरिए ओटीपी या कोई अन्य जानकारी मांगने की इजाजत नहीं है।

अगर कोई शख्स फोन कर खुद को सरकारी अधिकारी या बैंक कर्मचारी बताकर ऐसी जानकारी मांगता है, तो तत्काल इसकी शिकायत पुलिस को करनी चाहिए।

## एसएमई आईपीओ नियमों को सख्त बनाएगा सेबी

**मुंबई ।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक एसएमई आईपीओ की निगरानी करने वाले नियमों को कड़ा करेगा। यह टिप्पणी सेबी द्वारा निवेशकों को कई लघु एवं मझोले




उद्यमों (एसएमई) के भ्रामक कारोबारी अनुमानों के बारे में आगाह करने के कुछ दिन बाद आई है। उन्होंने यहां वार्षिक जीएफएफ (ग्लोबल फिनटेक फेस्ट) के मौके पर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि इस वर्ष के अंत से पहले इस पहलू पर एक परिचर्चा पत्र लाने की योजना है। इन बदलावों में बेहतर निगरानी और लेखा परीक्षकों के मोर्चे पर कड़ी जांच शामिल हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अपना काम लगन से करें तो समस्याओं से बचा जा सकता है। प्राथमिक निर्गम वित्त वर्ष के पहले पांच माह में ही दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं, जबकि पिछले पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 1.97 लाख करोड़ रुपये का था।

# अरबपति दानवीर भी बन जाएं तो कुछ बात बने



आर.के. सिन्हा

यह कहना सही नहीं है कि यूरोप और अमेरिका में भारत से ज्यादा दानवीर हैं।दानवीरता किसी भी देश या संस्कृति तक सीमित नहीं है। हर जगह अच्छे दिल वाले लोग होते हैं जो दूसरों की मदद करने को तैयार रहते हैं। हर देश के अपने-अपने दान करने के तरीके हैं और हर व्यक्ति की अपनी जरूरतें और सीमाएँ होती हैं. दानवीरता किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद और क्षमता पर निर्भर करती है, न कि किसी देश या संस्कृति पर।

अभी कुछ दिन पहले एक खबर मीडिया की सुर्खियों में थी कि भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई अब एशिया की 'अरबपतियों की राजधानी' बन गई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में चीन के राजधानी शहर बीजिंग से भी ज्यादा अरबपति व्यक्ति रहने लगे हैं। भारत में मुंबई के बाद सबसे ज्यादा अरबपति अब दो और महानगरों नई दिल्ली और हैदराबाद में ही रहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में अरबपतियों की तादाद देश में विकास की रफ़्तार के साथ बढ़ती ही रहेगी। अरबपति छोटे शहरों और कस्बों में भी बने। पर भारत को फिलहाल सैकड़ों-हजारों दानवीर भी तो चाहिए।

भारत, अपने युवा और विविध जनसंख्या के बावजूद , दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि, फि लहाल इसकी समृद्धि असमान रूप से वितरित है। लाखों लोग गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक की पहुँच से वंचित हैं। इस असमानता को कम करने और भारत को एक समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाने के लिए अधिक से अधिक दानवीरों की आवश्यकता है। हमें इस तरह के दानवीर चाहिएं जो हर साल बड़ी राशि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में खर्च करें।

यह संतोष का विषय है कि बिल गेट्स ने अपनी समृद्धि का उपयोग मानवता की सेवा में किया है। उनके द्वारा स्थापित बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बड़ी चुनौतियाँ हैं, जिसमें गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सीमित है। बेशक, दानवीर स्वास्थ्य सेवा में निवेश करके, नई तकनीकों और दवाओं को विकसित करने में मदद कर सकते हैं। वे गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों और क्लिनिकों का निर्माण कर सकते हैं।

भारत में शिक्षा प्रणाली में भी सुधार की बड़ी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में बहुत सारे दानवीरों को निवेश करना चाहिए।वे शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करके, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समृद्ध दानवीर शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों का आधुनिकीकरण और नए शिक्षण उपकरणों का विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। यह कोई नहीं कह रहा है कि हमारे यहां दानवीर शिक्षा या हेल्थ सेक्टर में निवेश नहीं करते। पर इन दोनों क्षेत्रों में शत प्रतिशत सरकार के भरोसे भी तो नहीं रहा जा सकता। सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं।

इसके साथ ही भारत में गरीबी और असमानता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर चहुँमुखी सामाजिक विकास की



आवश्यकता है। दानवीर गरीबों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आय बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वे ग्रामीण विकास, कृषि, स्वरोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं।

भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। इस स्थिति का सामना करने के लिए हमारे दानवीर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जल संरक्षण और ज्यादा पानी अवशोषित करने वाले गेहूँ, धान और गन्ना के उत्पादन को छोड़कर या कम करके परंपरागत मोटे और छोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का अभियान चला सकते हैं। एक किलो धान के उत्पादन में जहाँ 8000 लीटर , एक किलो गेहूँ उत्पादन में 10,000 लीटर पानी और एक किलो चीनी के उत्पादन में 28,000 लीटर पानी का व्यय होता है , वहीं एक किलो छोटे अनाज कोदो, कँगनी, कुटकी , साँवा और हरा सावाँ के उत्पादन में मात्र 100 से लेकर 300 तक ही पानी की आवश्यकता पड़ती है । इसीप्रकार, हर तरह के दूरगामी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए भी दानवीर अरबपति पर्यावरणीय संगठनों को समर्थन दे सकते हैं।

मैं अपना खुद का उदाहरण देना चाहूँगा । मैं 1966 से लेकर 1975 में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गाँधी द्वारा लगायी गई इमरजेंसी के पूर्व तक उस समय भारतवर्ष के दो बड़े मीडिया संस्थानों में से एक में विशेष संवाददाता था । तनख़्वाह थी मात्र 230 रुपए प्रतिमाह। संपादकीय पृष्ठ पर एक लेख लिखने पर प्रति लेख 10 रुपए अलग से मिल जाते थे । लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा और आशीर्वाद से भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिये एक छोटा सा सेवामूलक कार्य शुरू किया और तीन लाख भूतपूर्व सैनिकों और बेरोजगार युवक - युवतियाँ को रोजगार दिया । आज उन संस्थाओं का वार्षिक कारोबार लगभग 13,000 करोड़ का है । संतोषप्रद लाभ भी है । लेकिन , मैं अपने लाभाँश का लगभग 95% अपने पूज्य माता और पिताजी की स्मृति में स्थापित ह्ल अवसर ट्रस्ट ह्ल के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की शिक्षा , चिकित्सा , बिना दहेज विवाह , किसी भी तरह की समाज सेवा करने वाली संस्थाओं की सहायता में खर्च करता हूँ। इससे जो आत्मीय संतुष्टि मिलती है, उसका वर्णन करना संभव नहीं है । धन की गति या तो व्यभिचार के लिये होगी या सद्कार्यों के लिये ! अरबपतियों को एक ही रास्ता चुनना होगा । नोटों की गड्डी पर न तो आज तक कोई जला है , न जलेगा ।तब बुद्धिमत्ता पूर्वक सबको यह सूचना चाहिये कि संचित धन का सदुपयोग करना है या दुरुपयोग? नए-नए करोड़पतियों और अरबपतियों को अनुसंधान और विकास में भी निवेश करना चाहिए। ये दानवीर वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और नए क्षेत्रों में निवेश कर-के, भारत को वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में नेता बनने में मदद कर सकते हैं। वे नए उद्यमों को शुरू करने और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निवेश कर सकते हैं।

इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत दान देते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान किये। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटीळ बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को करीब 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं। दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्व विद्लायों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। नीलकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधार कार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ठ पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटीफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने का विचार उन्होंने ही सफलतापूर्वक चलाया था।

इसमें दो राय नहीं हो सकती कि भारत में नंदन नीलकेणी जैसे दानवीरों की संख्या को बढ़ाना होगा। अजीम प्रेमजी और शिव नाडर जैसे अरबपति दानवीर भी देश के युवाओं को सामाजिक उद्यमिता, सामुदायिक विकास और सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे भारत के संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके, गरीबी को दूर करने और मानवता की सेवा करने के लिए सहायता भी कर सकते हैं। कभी-कभी मन उदास हो जाता है कि भारत में दानवीरों की काफी कमी हैं। देखिए भारत में अब भी धनी लोग समाज के लिए धन देने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि उनका टैक्स देना ही काफी है। यह सोच बदलनी होगी। फिर भारत में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे लोगों को दान करने के लिए प्रेरित करने में कठिनाई होती है। उन्हें डर लगता है कि उनके दान का गलत उपयोग किया जाएगा। कई मामलों में यह होता भी है। फिर कई लोग दान के बारे में जानकारी नहीं रखते हैं या वे यह नहीं जानते कि वे दान कैसे कर सकते हैं।

इस बीच, यह कहना सही नहीं है कि यूरोप और अमेरिका में भारत से ज्यादा दानवीर हैं।दानवीरता किसी भी देश या संस्कृति तक सीमित नहीं है। हर जगह अच्छे दिल वाले लोग होते हैं जो दूसरों की मदद करने को तैयार रहते हैं। हर देश के अपने-अपने दान करने के तरीके हैं और हर व्यक्ति की अपनी जरूरतें और सीमाएँ होती हैं. दानवीरता किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद और क्षमता पर निर्भर करती है, न कि किसी देश या संस्कृति पर। हमारे यहां बहुत से लोग मशहूर खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों से शिकायत करते रहते हैं कि वे चैरिटी नहीं करते। हालांकि सच यह है कि कई सेलिब्रिटी अपने दानों के बारे में सार्वजनिक नहीं होना चाहते। उनका मानना हो सकता है कि दान करना एक निजी मामला है और इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की जरूरत नहीं है। कुछ सेलिब्रिटी किसी विशिष्ट कारण के प्रति सहानुभूति महसूस नहीं करते हैं । यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी सेलिब्रिटी एक समान नहीं होते हैं। कुछ बहुत दानवीर होते हैं, जबकि कुछ नहीं भी करते हैं। इसलिए, यह मान लेना गलत होगा कि सभी सेलिब्रिटी दान नहीं करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### अब नौकरी पर जोर

अगले दो साल के भीतर पुलिस विभाग में दो लाख से ज्यादा भर्तियां होंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में उपचुनाव के लिए आयोजित जनसभा में यह एलान किया। वर्तमान में पुलिस में साठ हजार भर्तियां होने व पचास लाख नौजवानों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा केंद्र व प्रदेश की अन्य योजनाओं के माध्यम से स्वतः रोजगार से जोड़ने की भी बात की। योगी ने कहा अगर किसी ने परीक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस भी किया तो उसे आजीवन कारावास व एक करोड़.रुपये जुमार्ने का प्रावधान रखा गया है। स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि पिछले कुछ समय से लगातार सरकारी परीक्षाओं के दरम्यान प्रश्नपत्रों के लीक या उत्तरपुस्तिकाओं में हेराफेरी के मामले उभर कर सामने आ रहे हैं। सभा में योगी ने विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर सीधा कटाक्ष किया कि उनकी टोपी लाल है, मगर कारनामे काले हैं। 2017 से पहले उप्र में अराजकता चरम पर होने व प्रदेश में दंगे होने के भी आरोप उन्होंने लगाए। सालों से बंद पड़ी लाल इमली मिल के पुनरुद्धार की बात कर उन्होंने वही चुनावी जुमला पुनः उछाला, जो हर विधानसभा चुनाव के दौरान यहां प्रयोग किया जाता रहा है। इसमें संदेह नहीं कि प्रदेश में आए दिन होने वाले सांप्रदायिक दंगों में कमी आई है। मगर प्रदेश में होने वाले अपराध, खासकर हत्या, आत्महत्या व महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों में कोई कमी नहीं आ रही है। बेरोजगारी निरंतर बढ़ती ही जा रही है, जिसे विपक्षी दलों द्वारा लोक सभा चुनाव के दौरान बड़ा मुद्दा बनाया गया था। मोदी व योगी सरकार बेरोजगारी को आने वाले विधानसभा चुनाव में मुद्दा नहीं बनने देना चाहते हैं। इसलिए आनन-फानन सरकारी नौकरियों का लोभ दिया जा रहा है। विभिन्न सरकारी योजनाओं व मदद के प्रचार को लेकर भी प्रदेश सरकार मुस्तैद नजर आ रही है। लोक सभा चुनाव में मिले झटकों के बाद इन उपचुनावों को भाजपा के खिसकते जनाधार के तौर पर देखा जा रहा है। इसलिए योगी को अपनी साख पर लगे बट्टे से जल्द से जल्द मुक्त होते हुए नजर भी आना होगा।

## चिंतन-मनन

### राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व

आर्थिक और सामाजिक असमानता राष्ट्रीय एकता में बहुत बड़ी बाधा है। उस असमानता का मूल है अहं और स्वार्थ। इसलिए राष्ट्र की भावात्मक एकता के लिए अहं-विसर्जन और स्वार्थ-विसर्जन को मैं बहुत महत्व देता हूं। जातीय असमानता भी राष्ट्रीय एकता का बहुत बड़ा विघ्न है। उसका भी मूल कारण अहं ही है। दूसरों से अपने को बड़ा मानने में अहं पुष्ट होता है और आदमी अपने-आप में संतोष का अनुभव करता है। अहं का विसर्जन किए बिना जातीय भेद का अंत नहीं हो सकता। मनुष्य जन्मना मनुष्य का शत्रु नहीं है। एक पेड़ की दो शाखाएं परस्पर विरोधी कैसे हो सकती हैं? फिर भी यह कहा जाता है कि धर्म-संप्रदाय मनुष्यों में मैत्री स्थापित करने के लिए प्रचलित हुए हैं। उनमें जन्मना शत्रुता नहीं है, फिर मैत्री स्थापित करने की क्या आवश्यकता हुई? मैं फिर इस विश्वास को दोहराना चाहता हूं कि मनुष्य-मनुष्य में स्वभावतः शत्रुता नहीं है। वह निहित स्वार्थ वाले लोगों द्वारा उत्पन्न की जाती है। उसे मिटाने का काम धर्म-संप्रदाय ने प्रारंभ किया, किंतु आगे चलकर वे स्वयं निहित स्वार्थ वाले लोगों से घिर गए और मनुष्य को मनुष्य का शत्रु मानने के सिद्धांत की पुष्टि में लग गए। इस चिंतन के आधार पर मुझे लगता है कि सांप्रदायिक समस्या का मूल भी अहं और स्वार्थ को छोड़कर अन्यत्र नहीं खोजा जा सकता। इसलिए सांप्रदायिक वैमनस्य की समस्या को सुलझाने के लिए भी अहं और स्वार्थ का विसर्जन बहुत आवश्यक है। भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, को भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है। अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है। पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है। राष्ट्रीय एकता के लिए इन विषयों पर गंभीर चिंतन करना आवश्यक है।

# राजनीति को नया आयाम देने के लिए जरुरी युवाओं की भागीदारी....



अतुल मलिकराम




राजनीति–यह शब्द सुनते ही अक्सर हमारे मन में नकारात्मक विचारों की बाढ़ आ जाती है। भ्रष्टाचार, सत्ता की भूख, और धोखाधड़ी जैसे शब्द हमारे दिमाग में घूमने लगते हैं। समाज में राजनीति और राजनेता दोनों को ही नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है। आज के समय में शायद ही कोई माता-पिता होंगे जो अपने बच्चे को राजनेता बनते देखना चाहते होंगे। राजनीति को लेकर आम जनता के मन में जो गलत धारणाएँ हैं। इसी के कारण आज के युवा राजनीति से दूर भागते हैं, क्योंकि वे किसी प्रपंच या झंझट में नहीं पड़ना चाहते। लेकिन राजनीति का क्षेत्र इतना ही गलत है, तो इसे सही कौन करेगा? क्या युवा, जो इस देश का भविष्य हैं, उन्हें इसमें सुधार करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए !!


मेरा मानना है कि अगर किसी जगह आपको कहीं कुछ गलत होता दिखाई दे, तो बजाय दूर खड़े होकर उसकी निंदा करने के, उसका समाधान करने के लिए उसकी जड़ तक जाना चाहिए। हमारे युवाओं को भी राजनीति के नकारात्मक दृष्टिकोण को बदलने के लिए कुछ ऐसा ही करना चाहिए। उन्हें राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। युवाओं की राजनीति में भागीदारी, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे सशक्त माध्यम बन सकती है। जब युवा राजनीति में कदम रखेंगे, तो वे अपने नए विचार, नई सोच, लीक से हटकर काम करने के तरीके, ऊर्जा, और उत्साह के साथ समाज की समस्याओं का समाधान नए दृष्टिकोण से खोजे सकेंगे। यही कारण है कि राजनीति में युवाओं की भागीदारी न केवल आवश्यक है, बल्कि अनिवार्य भी है। राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं है, बल्कि यह समाज की भलाई के लिए कार्य करने का सबसे प्रभावी साधन है। अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश प्रगति करे, तो हमें राजनीति में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना होगा।

राजनीति में आकर युवा समाज की भलाई के लिए काम कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी पेशे में हों–इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक, या उद्यमी–राजनीति में आकर वे समाज में बदलाव ला सकते हैं। राजनीति में कदम रखने का मतलब यह नहीं कि उन्हें अपना पेशा छोड़ना पड़ेगा। बल्कि, वे अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का उपयोग बड़े बदलाव लाने के लिए कर सकते हैं। मेरे विचार से युवाओं के राजनीति में आने से पारदर्शिता बढ़ेगी क्योंकि आज का युवा भ्रष्टाचार और धांधली से दूर भागता है। ये लोग जब राजनीति में आएँगे, तो समानता और न्याय का प्रसार होगा। आज का युवा टेक्नोलॉजी से अच्छी तरह परिचित है, इनके राजनीति में आने से टेक्नोलॉजी का सही उपयोग होगा, और देश को ग्लोबल लेवल पर पहचान मिल सकेगी।

आप सोच रहे होंगे कि मैं राजनीति में युवाओं को आगे आने के लिए इतना जोर क्यों दे रहा हूं, तो मैं आपको दुनिया भर के ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूँ, जहां युवाओं ने राजनीति में प्रवेश किया और अपने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उदाहरण के लिए, फिनलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री सना मारिन, जिन्होंने 34 साल की उम्र में प्रधानमंत्री का पद संभाला, और यह साबित किया कि युवा नेता भी बड़े निर्णय ले सकते हैं और उन्हें सफलतापूर्वक लागू कर सकते हैं। सना ने सामाजिक कल्याण, पर्यावरण सुरक्षा, और शिक्षा के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार किए, जो फिनलैंड के विकास में महत्वपूर्ण साबित हुए। इसी प्रकार, जैसिंडा अर्डर्न, न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्होंने मात्र 37 साल की उम्र में सत्ता संभाली और देश की राजनीति में नई सोच और संवेदनशीलता का परिचय दिया। जैसिंडा ने अपनी नीतियों से दिखाया कि कैसे युवा समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर निर्णय ले सकते हैं।

इन नेताओं की सफलता की कहानियाँ हमें यह बताती हैं कि जब युवा राजनीति में कदम रखते हैं, तो वे अपनी नई विचारधारा से बड़े बदलाव ला सकते हैं। बात करें भारत की, जहां सबसे बड़ा जनसंख्या वर्ग युवा है, वहां राजनीति में युवाओं की भागीदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। देश के विकास के लिए हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो न केवल वर्तमान समस्याओं को समझें, बल्कि उनके समाधान के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग भी कर सकें। साथ ही भविष्य में आने वाले बदलावों के लिए भी सजग रहें। अभी भी भारत में कई युवा नेता अपनी पहचान बना रहे हैं। अनुप्रिया पटेल, चंद्रशेखर रावण, तेजस्वी सूर्या और चिराग पासवान जैसे युवा नेताओं ने देश की राजनीति में नया आयाम जोड़ा है। ये साबित करते हैं कि युवाओं के पास भी समाज के ज्वलंत मुद्दों को समझने और उनका समाधान करने की क्षमता है। इन युवा नेताओं ने रोजगार, शिक्षा, और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर न केवल अपनी आवाज बुलंद की है, बल्कि इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम भी उठाए हैं। इसलिए, यही वह समय है जब युवाओं को राजनीति को करियर के रूप में चुनने पर विचार करना चाहिए। यही समय है जब हमें अपनी नकारात्मक सोच को बदलकर राजनीति को समाज में बदलाव लाने का साधन बनाने पर विचार करना चाहिए। राजनीति में युवाओं का आना न केवल देश के विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। राजनीति में आकर वे न केवल अपने भविष्य को बेहतर बनाएंगे, बल्कि पूरे समाज के लिए एक उज्जवल भविष्य की नींव रख सकेंगे।

# वैश्विकी: चुनाव के बीच अमेरिका में मोदी



डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिकी चुनाव में अब करीब दो महीने बाकी हैं। चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। चुनाव व्यूह रचना अंतिम रूप ले चुकी हैं। चुनाव के पहले सबसे बड़ा घटनाक्रम पूर्व राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की हत्या का प्रयास था। इस घटना ने अमेरिकी जनमानस को झकझोर दिया। हमले के समय ट्रंप ने जैसी दिलेरी दिखाई उससे आप अमेरिकी नागरिक बहुत प्रभावित हुआ। लोगों में यह धारणा बनी कि आज की अस्थिर और संघर्ष से जूझ रही दुनिया में ट्रंप जैसे दृढ़ संकल्प वाले नेता की जरूरत है। लोग जब ट्रंप और आयुजनित शस रोग का शिकार जो बाइड़न की तुलना करते थे तब पूर्व राष्ट्रपति ही उपयुक्त विकल्प के रूप में सामने आते थे। इसी समय दूसरा बड़ा घटनाक्रम यह हुआ कि बाइड़न चुनाव मैदान से हटे गए और उन्होंने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को कमान सौंप दी। कुछ समीक्षकों का तो यह भी मानना था कि वह बाइड़न से भी अधिक अलोकप्रिय हैं, लेकिन अमेरिका की राजनीति में मीड़िया और विभिन्न दबाव समूहों की बड़ी भूमिका रहती है। यही नेताओं की छवि बनाने और बिगाड़ने का काम करते हैं। उम्मीदवारी की घोषणा होते ही मुख्यधारा की अमेरिकी मीड़िया कमला हैरिस का प्राशस्ति-गान करने लगी। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में वह छा गइ्र। एक महिला और गैर-श्वेत व्यक्ति के राष्ट्रपति बनने की संभावना को अमेरिकी लोकतंत्र और समाज की बड़ी जीत के रूप में प्रचारित किया जाएगा।

चुनाव के अंतिम चरणों में एक बार फिर बदलाव आया तथा डेमोक्रेटिक पार्टी की दो बड़ी हस्तियों ने ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा की। जाने-माने कैनेड़ी परिवार के सदस्य रॉबर्ट एस. कैनेड़ी ने जो स्वयं चुनाव में एक उम्मीदवार थे, ट्रंप के समर्थन में आ गए। जनमत-सर्वेक्षणों के अनुसार वह पांच फीसद मतदाताओं की पसंद थे। उनके पाला बदलने से ट्रंप के चुनाव अभियान को मदद मिली है तथा वह कड़ी टक्कर वाले 'स्विंग स्टेट' में निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं। इसी तरह ड़ेमोक्रेटिक पार्टी की एक पूर्व नेता तुलसी गबार्ड.ने भी ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा की है। तुलसी अमेरिकी सेना की नेशनल गार्ड. शाखा में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। किसी समय उन्हें डेम़ोक्रेटिक पार्टी में उभरता हुआ सितारा माना जाता था। सैनिक होने के बावजूद वह युद्ध विरोधी हैं तथा हिलेरी क्लिंटन सहित डेम़ोक्रेटिक पार्टी के नेतृत्व पर युद्धोन्मादी होने का आरोप लगाती हैं। यह विडंब़ना है कि रिपब्लिकन पार्टी को पूर्व में साम्राज्यवादी रुझान वाली युद्ध समर्थक पार्टी माना जाता था। इसके विपरीत डेम़ोक्रेटिक पार्टी की छवि शांतिवादी और उदारवादी पार्टी की थी। लेकिन अब दोनों पार्टियों की भूमिका बदल गई है।

अमेरिका ने पर्यावरणवादी और युद्धविरोधी ग्रीन पार्टी का भी एक समर्थक वर्ग है। गाजा में इस्त्राइल के नरसंहार से मुस्लिम मतदाता नाराज हैं। वे इस बात का आकलन कर रहे हैं कि ट्रंप और कमला हैरिस में से कौन फिलिस्तीन में युद्ध रुकवा सकता है।

चुनावी दंगल के बीच ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र में संबोधन के लिए अमेरिका जाने वाले हैं। वह 22 सितम्बर को न्यूयार्क में भारतीय समुदाय के लोगों के एक बड़े. कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं जिसमें करीब 20 हजार भारतीय के शामिल होने की संभावना है। जाहिर है कि प्रधानमंत्री किसी खास



प्रत्याशी के पक्ष में कोई राय व्यक्त नहीं करेंगे लेकिन ट्रंप और कमला हैरिस दोनों को यह आशा होगी कि मोदी इशारों-इशारों में उनके पक्ष में पसंद जाहिर करें। वैसे घरेलू राजनीति में प्रधानमंत्री मोदी का एजेंड़ा ट्रंप जैसा है। मोदी 'सबसे पहले भारत' की बात करते हैं तो ट्रंप सबसे पहले अमेरिका की वकालत करते हैं। भारत में यदि एक बार फिर मोदी का नारा लगता है तो अमेरिका में एक बार फिर ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की बात होती है। ट्रंप खुलकर इस्लामिक आतंकवाद के खतरे की बात करते हैं जबकि कमला हैरिस ऐसी शब्दावली का प्रयोग नहीं करतीं। डेम़ोक्रेटिक पार्टी मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मुद्दों को तूल देकर मोदी सरकार को निशाना बनाती रही है। भारतीय मूल की कमला हैरिस डेम़ोक्रेटिक पार्टी के भारत विरोधी रवैये में किस हद तक बदलाव करती हैं, इससे तय होगा कि भारतीय मतदाता उन्हें कितना समर्थन देते हैं।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किल में राघव जुयाल की एक्टिंग देख डर गई थीं कृतिका कामरा



**पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस रहीं कृतिका कामरा अब फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी की दुनिया में भी छाई हुई हैं। वह एकदम हटकर किरदार निभा रही हैं और दर्शकों की चहेती बन चुकी हैं। हाल ही वह वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में नजर आईं, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया। इसमें कृतिका कामरा के अलावा राघव जुयाल और धैर्य करवा भी थे। कृतिका ने हाल ही खास बातचीत में पहाड़ों और मुंबई में शूट करने का एक्सपीरियंस शेयर किया।**

**आपने अपने को-स्टार राघव जुयाल की फिल्म किल देखी है क्या? फिल्म देखने के बाद राघव के साथ शूटिंग करते वक्त आपको डर नहीं लगा?**

बिल्कुल, हम अपनी सीरीज ग्यारह ग्यारह की शूटिंग खत्म कर चुके थे। उसके बाद किल फिल्म रिलीज हुई। हमने इसके प्रीमियर में जाकर तालियां बजाई और सीटी बजाई। बेशक राघव का काम इतना जबरदस्त था कि एक बार को मैं डर गई थी। स्क्रीनिंग के बाद मुझे राघव को गले मिलने में डर लग रहा था। बहुत ही कन्विंसिंग रोल था उनका।

**आपकी हालिया रिलीज वेब सीरीज एक फैंटसी थ्रिलर है, जिसमें अलग तरीके की घटनाएं घटती हैं। क्या असल जिंदगी में भी कभी आपने महसूस किया कि इस तरीके की घटनाएं आपके साथ कभी घटीं?**

यह फिलॉसफी बहुत फैसिनेटिंग है, लेकिन ह्यूमन माइंड बहुत ज्यादा फैसिनेटिंग है। अगर हम किसी चीज के बारे में ज्यादा सोचें, तो हमें वो चीजें ज्यादा दिखने लग जाती हैं। अब जैसे जब से हम लोग ग्यारह ग्यारह से जुड़े हैं और जब से हम शो की बातें कर रहे हैं, तब से बार-बार घड़ी में ग्यारह ग्यारह दिखता रहता है। बजता तो पहले भी दिन में दो बार था, पर अब ज्यादा दिखता है। तो अब लगता है कि कुछ स्पेशल है, एक अलग-सा कनेक्शन हो गया है। एक जिंदगी भर का कनेक्शन हो गया है। वही बात है कि मानो तो भगवान ना मानो तो पत्थर वो वाली बात है।

**जब आपको इस शो के लिए अप्रोच किया गया, तो आपकी फीलिंग क्या थी?**

मैंने, राघव और धैर्य तीनों ने इस शो के लिए ऑडिशन दिए। ऑडिशन देते वक्त आपके पास थोड़ी इंफॉर्मेशन होती है, लेकिन पूरी स्क्रिप्ट नहीं होती। मुझे शुरू में लगा कि ऐसे शो हम देख चुके हैं। लेकिन जब मैंने पढ़ना शुरू किया, तो मुझे महसूस हुआ कि इसके अंदर जो ये मिस्टिकल एंगल है, ये हमने अभी तक इंडियन सिनेमा में या ह्रअअ पर नहीं देखा है। इसके अलावा, जो मेरा कैरेक्टर था, वह भी मुझे बहुत पसंद आया। मैंने इससे पहले एक गैंगस्टर का रोल किया था। फिर मुझे पुलिस वाली का रोल करने का मौका मिल रहा था। मैं दोनों टाइमलाइंस में हूं, तो अलग-अलग उम्र के रोल प्ले करना। उसके बाद जब मैं उमेश सर से मिली, तो मुझे लगा कि उनके साथ मुझे काम करना ही करना है।



## अली गोनी ने किया खुलासा, क्यों नहीं की नताशा स्टेनकोविन से शादी

अली गोनी इन दिनों 'लाफ्टर शैफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' में नजर आ रहे हैं। इसमें सिंगर राहुल वैद्य उनके जोड़ीदार बने हैं। अली लंबे समय से एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन के साथ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि कई दफा उनके ब्रेकअप को लेकर खबरें आईं लेकिन ये सब झूठी साबित हुईं। अली हाल ही में कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट स्हृरुमें दिखाई दिए। वहां उन्होंने अपनी जिंदगी की कई अनसुनी बातें शेयर कीं।

अली ने कहा कि मेरा जो इससे पहले रिश्ता था, जो बहुत ही सीरियस था, वो मतलब, उसका कारण ही यही था कि कहीं ना कहीं उसने मुझे बोला कि यार हम जब शादी करेंगे ना फ्यूचर में, तो हम अलग रहेंगे। मैं एक ही लड़का हूं अपने परिवार में, तो इस वजह से मैं अपने परिवार को साथ लेकर चलूंगा। मैं नहीं छोड़ सकता उनको, दुनिया की कोई भी ताकत आ जाएगी। तो यही वजह रही कि हम एक-दूसरे से अलग हो गए।

माना जा रहा है कि अली यहां जिसकी बात कर रहे थे वो उनकी एक्स गर्लफ्रेंड सर्बियाई मॉडल व एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक थीं। अली और नताशा साल 2018 में डांस रियलिटी शो नच बलिए 9 में नजर आए थे। शो में अली ने कई बार नताशा के साथ ब्रेकअप के बारे में बात की थी। एक बार उन्होंने खुलासा किया था कि ब्रेकअप ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे उनका दिल टूट गया। तब अली ने यह भी बताया था कि उनकी एकमात्र गलती यह थी कि वे नताशा से बहुत प्यार करते थे और जब उनका ब्रेकअप हुआ तो वे तबाह हो गए। अली और नताशा अलग होने से पहले 5 साल तक साथ रहे थे। बता दें नताशा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ शादी कर ली थी। हालांकि पिछले महीने उनका तलाक हो गया। नताशा बेटे अगस्त्य को लेकर सर्बिया चली गईं।

## पैन इंडिया फिल्म कुबेर में बिजनेसमैन की भूमिका में नजर आएंगे जिम सर्भ

जिम सर्भ की अगली फिल्म कुबेर है। यह पैन इंडिया फिल्म है, जिसे नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्माता शेखर कम्मुला बना रहे हैं। इसमें जिम सर्भ एक बिजनेसमैन की भूमिका अदा करते दिखाई देंगे। फिल्म से एक्टर का लुक सामने आ चुका है। इस फिल्म की



स्टारकास्ट काफी धांसू है। इसमें नागार्जुन, धनुष, रश्मिका मंदाना जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।


फिल्म से जिम सर्भ का लुक उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज हुआ। कल मंगलवार को अभिनेता का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर फैंस को तोहफा मिला। सामने आई तस्वीर में जिम सर्भ कैश के बीच खड़े नजर आ रहे हैं। वे महत्वाकांक्षी बिजनेसमैन की तरह नजर आ रहे हैं। फिल्म में वे ऐसे बिजनेसमैन की भूमिका में हैं, जो अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ाता है। जिम ऐसे बिजनेसमैन के रोल में हैं, जो अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए राह में आने वाली हर चीज को हटाने में वह किसी भी हद तक जा सकता है। इस फिल्म को तमिल और तेलुगु दोनों में भाषाओं में व्यापक स्तर पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का साउंडट्रैक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक देवी श्री प्रसाद तैयार करेंगे। शानदार कहानी, धांसू स्टारकास्ट और नेशनल पुरस्करा विजेता निर्देशक, कुल मिलाकर कुबेर शानदार फिल्म होने वाली है। दर्शकों के बीच इसका उत्साह बन गया है। पोस्टर पर भी यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सकारात्मक कमेंट कर रहे हैं।

## कार्तिक सुब्बाराज की फिल्म में डांस नंबर में दिखाई देंगी श्रिया सरन



अभिनेत्री श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अब अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो वह फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में वह इसके मुख्य कलाकार सूर्या के साथ एक डांस नंबर में दिखाई देंगी। सूर्या और कार्तिक सुब्बाराज की अगली फिल्म सूर्या 44 का फिल्मांकन पूरे जोरों पर चल रहा है। हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि अभिनेत्री श्रिया सरन, सूर्या अभिनीत फिल्म में डांस नंबर पर थिरकती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कथित तौर पर ऊटी शेड्यूल के दौरान अपने हिस्से का फिल्मांकन पूरा कर लिया है और कार्तिक सुब्बाराज निर्देशित इस फिल्म में तमिल स्टार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। हालांकि, निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म में श्रिया की भागीदारी की घोषणा नहीं की है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब श्रिया सूर्या के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। फिल्म के लिए संगीत संतोष नारायणन तैयार कर रहे हैं। सूर्या 44 का फिल्मांकन तेजी से आगे बढ़ रहा है। टीम ने हाल ही में ऊटी में एक शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रोडक्शन अब एक छोटे शेड्यूल के लिए केरल चला गया है। लोकेशन से हाल ही में तमिल अभिनेता सूर्या की एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उनका विंटेज लुक देखने को मिला था।रिपोर्ट्स की मानें तो कुछ दिनों की शूटिंग के बाद टीम एक छोटा ब्रेक लेगी।

फिल्म सूर्या 44 की शूटिंग लगभग 70 प्रतिशत तक पहले ही हो चुकी है और पूरा प्रोडक्शन अक्तूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित सूर्या 44 सूर्या और निर्देशक के बीच पहला सहयोग है। फिल्म के एक्शन से भरपूर रोमांटिक कॉमेडी होने की उम्मीद है। हालांकि, टीम ने अभी तक कलाकारों और चालक दल के बारे में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी नहीं साझा की है।



## अपारशक्ति खुराना ने बांधे अक्षय कुमार की तारीफों के पुल



दंगल और स्त्री जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से अपारशक्ति खुराना ने लोगों के दिलों में अलग छाप छोड़ी है। वह इन दिनों स्त्री 2 की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में वह बिट्टू के किरदार के लिए खूब वाहवाही बटोर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने भी उनके साथ काम किया है। हाल ही में अपाशक्ति ने एक बातचीत में बॉलीवुड के खिलाड़ी की खुलकर तारीफ की है। फिल्म में अक्षय ने सरकटा वंश के आखिरी जीवित सदस्य की भूमिका निभाई है। हालांकि, उनके किरदार को लेकर अभी कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। बातचीत के दौरान अपारशक्ति खुराना ने अक्षय की हंसाने की कला पर बात करते हुए कहा कि कोई भी उनकी कॉमिक टाइमिंग से मेल नहीं खा सकता।

उन्होंने अमेरिका में शूटिंग के दौरान अक्षय के साथ बिताए 20 दिनों को याद करते हुए कहा कि वह वह असीम ऊर्जा, अनुशासन और इंडस्ट्री में उनके अब तक सफर से अचंभित हैं। स्त्री 2 के सेट पर अक्षय की ऊर्जा और काम के प्रति उनके समर्पण की तारीफ करते हुए अपारशक्ति ने कहा, 卐जब वह एक सीन भी करने आते हैं, तो भी उनमें ऐसी उर्जा होती है जैसे वह पूरी फिल्म का हिस्सा हों। वह बहुत दिल से काम करते हैं। अपारशक्ति ने अक्षय के कैमियो रोल में भी अपनी छाप छोड़ने पर आश्चर्य व्यक्त किया।

गौरतलब है कि स्त्री 2 में अक्षय कुमार को विशिष्ट भूमिका में देखकर फैंस भी हैरान रह गए थे। लोगों को उनकी कॉमिक टाइमिंग खूब पसंद आई थी।



## अभिनेता नानी ने कमल हासन को बताया सिनेमा के लिए उपहार

नानी साउथ के लोकप्रिय और मशहूर अभिनेता हैं। फैंस उन्हें प्यार से नैचुरल स्टार बुलाते हैं। नानी इन दिनों अपनी फिल्म सारिपोधा सानिवारम को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेता को साउथ में पसंद करने वाले फैंस की लंबी कतार है। हालांकि, उन्होंने हाल में ही एक अन्य दिग्गज अभिनेता कमल हासन की प्रशंसा की है। उन्होंने दिग्गज अभिनेता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की है। अभिनेता ने कहा कि वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं।

बातचीत के दौरान अभिनेता नानी से पूछा गया कि उन्हें सबसे ज्यादा किन अभिनताओं ने सबसे ज्यादा प्रेरित किया है। इसका जवाब देते हुए सारिपोधा सानिवारम अभिनेता ने कमल हासन का नाम लिया।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सिनेमा ने हमें और निर्देशकों को बहुत कुछ दिया है और अगर हमने सिनेमा को कुछ वापस दिया है, तो वह हैं कमल हासन, सर। मुझे लगता है कि वह सिनेमा के लिए ही एक उपहार हैं। उन्होंने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई चीजों में महारत हासिल की है। उन्होंने अपना जीवन सिनेमा को दे दिया है। नानी ने कमल हासन की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कई चीजों में महारत हासिल की है। इसके साथ ही कई तरह के नए-नए प्रयोग भी किए हैं। उन्होंने आगे कहा,जिस समय में उन्होंने काम किया है, उन्होंने हर चीज सबसे पहले देखी है। उन्होंने सबसे पहले डिजिटल, मेकअप ट्रायल देखा है। अब आगे से जो भी बदलाव होंगे, वो उस पैमाने पर नहीं होंगे। सिनेमा के इस पूरे विकास की प्रक्रिया में कमल सर का योगदान काफी ज्यादा है। अभिनेता नानी शुरू में बतौर निर्देशक ही फिल्मी करियर आगे बढ़ाना चाहते थे। इस इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि किस चीज ने उन्हें निर्देशन को लेकर प्रेरित किया, तो उन्होंने जवाब दिया कि अलग-अलग समय पर उन्हें अलग-अलग निर्देशकों ने प्रेरित किया। उन्होंने कहा, अलग-अलग समय पर अलग-अलग निर्देशकों ने मुझे प्रेरित किया, लेकिन अगर आप मुझसे मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा के बारे में पूछें, तो वह अमिताभ बच्चन सर हैं। उनकी



फिल्म अग्निपथ देखना एक प्रमुख कारण था, जिसके बाद मैं फिल्म निर्देशित करना चाहता था।

बताते चलें कि विवेक अथ्रेया द्वारा निर्देशित, सारिपोधा सानिवारम को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज किया जा रहा है। हिंदी में ये फिल्म सूर्या का सैटरडे शीर्षक से रिलीज हो रही है। फिल्म में उनके अलावा प्रियंका अरुल मोहन, एसजे सूर्या, मुरली शर्मा, प्रियंका अरुलमोहन, अदिति बालन और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसे विवेक अथरेया ने ही लिखा भी है। फिल्म का निर्माण डी.वी.वी. द्वारा किया गया है। फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## नागा चैतन्य ने अपनी दूसरी शादी पर तोड़ी चुप्पी

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने 8 अगस्त को सगाई कर ली थी। इसके बाद से ही दोनों की शादी की योजनाओं को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे अगले साल यानी 2025 में राजस्थान में सात फेरे ले सकते हैं। अब इन अफवाहों पर अभिनेता की प्रतिक्रिया सामने आई है। शादी को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर बात करते हुए उन्होंने हाल ही में कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कार्यक्रम में अभिनेता से पूछा गया कि क्या यह शोभिता के साथ उनकी आगामी शादी की रिहर्सल है, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, यह कहा जा सकता है कि मेरी शादी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वहीं, जब अभिनेता से यह सवाल किया गया कि वह भव्य तरीके से शादी करना चाहते हैं या फिर सादगी से? इस पर उन्होंने कहा कि यह एक भव्य शादी नहीं होगी, लेकिन लोगों को संस्कृतियों और परंपराओं को ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए मैं इसी तरह की शादी चाहता हूं।



संक्षिप्त समाचार



पेरिस पैरालंपिक : 2024

## भारत के मनु पुरुषों के शॉट पुट एफ-37 फाइनल में छठे स्थान पर रहे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक में भारत के लिए 30 अगस्त का दिन खास रहा। खिलाड़ियों ने कई पदक अपने नाम किए। हालांकि, भारतीय समयानुसार रात करीब 12.20 बजे से शुरु हुआ फाइनल मुकाबला आशा के अनुरूप परिणाम लेकर नहीं आया। भारत के मनु पुरुषों के शॉट पुट एफ-37 फाइनल में छठे स्थान पर रहे।


इसी के साथ मनु की पदक जीतने की आस खत्म हो गई। पैरालंपिक पदक तालिका में भारत 31 अगस्त के दिन सभी इवेंट समाप्त होने के बाद एक स्वर्ण पदक, एक रजत और एक कांस्य के साथ 17वें नंबर पर है।

### भारत की शानदार शुरुआत, एक ही दिन में चार पदक

शॉट पुट एफ-37 के फाइनल मुकाबले से पहले चार भारतीय एथलीट्स ने शानदार प्रदर्शन किए। खिलाड़ियों ने शानदार शरुआत करते हुए एक ही दिन में चार पदक अपने नाम किए।

पैरालंपिक शूटिंग स्पर्धा में अवनि लेखरा ने 10 मीटर एयर राइफल एस एच-1 इवेंट के फाइनल में स्वर्ण पर निशाना साधा। इसी इवेंट की पुरुषों की स्पर्धा में भारत की तरफ से मनीष नरवाल ने रजत पदक जीता। इसके अलावा राजस्थान की मोना अग्रवाल और उत्तर प्रदेश की प्रीति ने कांस्य पदक जीते।

## आंद्रे अगासी अगले साल जनवरी में भारत आएंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आठ बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस प्लेयर आंद्रे अगासी अगले साल जनवरी में भारत आएंगे। वह पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग का उद्घाटन करेंगे। इस इवेंट का उद्देश्य देश में पिकलबॉल को फेमस करना है। पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग की ओर से हाल ही में एक नए रैंकिंग स्ट्रक्चर की शुरुआत की गई। इसके तहत पीडब्ल्यूआर वर्ल्ड टूर और पीडब्ल्यूआर वर्ल्ड सीरीज के लॉन्च के बाद पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग का आयोजन हो रहा है। पीडब्ल्यूआर

अपने भारतीय फैंस के लिए एक वीडियो मैसेज जारी करते हुए अगासी ने कहा, 'मैं भारत आने और पिकलबॉल के रोमांच को फैंस तक पहुंचाने के लिए एक्साइटेड हूं। मैं पीडब्ल्यूआर पीडब्ल्यूआर इंडियन टूर एंड लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद करता हूं कि यह देश में एक बड़ी सफलता होगी।' अमेरिका के दिग्गज टेनिस प्लेयर आंद्रे अगासी ने 4 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब, 2 बार यूएस ओपन का खिताब, 1-1 बार फ्रेंच ओपन और विंबलडन का खिताब जीता है।

# सुर्यकुमार यादव के हाथ पर लगी चोट दलीप ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूर्याकुमार के लिए दोबारा टेस्ट क्रिकेट खेलने की सपना अभी पूरा नहीं होगा। दलीप ट्रॉफी से तुरंत पहले आयोजित बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेल रहे सूर्यकुमार ने खुद को जख्मी कर लिया है।

तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में वह श्रेयस अय्यर, ईशान किशन और सरफराज खान के साथ शामिल हुए थे। सूर्या टीएनसीए इलेवन के खिलाफ अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप-स्टेज गेम से पहले मुंबई टीम में शामिल हुए। पहली पारी में सूर्या और उनकी टीम दोनों का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन रहा।

स्काई ने 30 रन बनाए और टीएनसीए इलेवन के 379 रन के जवाब में मुंबई 156 रन पर आउट हो गई। मैच की तीसरी पारी में तीसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय सूर्या लेग स्लिप पर थे, तभी गेंद को ठीक से पकड़ नहीं पाए। सूर्या ने दर्द से अपना दाहिना हाथ मरोड़ लिया। मुंबई मेडिकल स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचा। उनका इलाज हुआ लेकिन कुछ ही समय बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया।

इस सप्ताह की शुरुआत में, सूर्या ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की अपनी इच्छा दोहराई थी। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से हैं और उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हालांकि, उनका एकदिवसीय रिकॉर्ड औसत रहा है और उन्होंने एक टेस्ट फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला है। उन्होंने 8 रन ही बनाए थे। पूर्व बीसीसीआई और अब-आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में अधिक भाग लेने के निर्देश के बाद, इस साल की दलीप ट्रॉफी में कई राष्ट्रीय टीम के सितारे एक्शन में दिखेंगे। शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, ऋषभ पंत, केएल राहुल, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रवींद्र जड़ेजा और मोहम्मद सिराज इसमें शामिल नहीं होंगे।



## भारत के स्टार खिलाड़ी परवेज खान को किया गया सस्पेंड

### लग सकता है 4 साल का बैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय एथलीट्स की ओर के कमाल का खेल देखने को मिल रहा है. वह अभी तक 4 मेडल जीत चुके हैं, जिसमें एक गोल्ड मेडल शामिल है.

खास बात है कि ये चारों मेडल एक ही दिन में आए हैं. इसी बीच भारत के टॉप मिडिल डिस्टेंस रनर परवेज खान को लेकर बुरी खबर सामने आई है. परवेज खान हाल ही में काफी सुर्खियों में आए थे, लेकिन अब खबर सामने आई है कि वह डोप टेस्ट में फेल हो गए हैं. ऐसे में उन्हें अस्थाई रूप से सस्पेंड कर दिया गया है. अब उन पर 4 साल का बैन लगने का खतरा भी मंडरा रहा है.

### भारतीय स्टार एथलीट पर बैन का खतरा

हाल ही में अमेरिका में एनसीएए सर्किट में अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले 19 साल के परवेज खान को अगर डोपिंग का दोषी पाया जाता है तो उन पर अधिकतम चार साल का बैन लग सकता है. इस घटनाक्रम से जुड़े एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'हां, परवेज खान को डोप जांच में फेल होने के बाद नाडा द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है.'

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने जो अस्थायी निलंबन लगाया है, उसके शुरू होने की तारीख की जानकारी नहीं मिली है. प्रतिबंधित पदार्थ किस तरह का है, इसकी भी पुष्टि नहीं की जा सकी है. यह लगभग तय है कि उनका डोप नमूना हरियाणा के पंचकुला में हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) के दौरान लिया गया था, जिसमें वह जून 2023 में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में खेलने के बाद पहली बार किसी घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे थे.

### कौन हैं रनर परवेज खान?

हरियाणा के नूंह जिले के रहने वाले परवेज खान भारत के उभरते हुए सितारे हैं. वह मेवात जिले के तावडू खंड के गांव चाहल्का के रहने वाले हैं. उन्होंने अमेरिका में इसी साल कॉलेजिएट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ जीती थी.

इससे पहले परवेज अंडर 16 में 800 मीटर में नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके है. जिसके बाद लगातार 202122 में परवेज नेशनल चैंपियन भी रह हैं. बता दें, परवेज को शुक्रवार (30 अगस्त) को बेंगलुरु में शुरू हुई ओपन नेशनल चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ में भाग लेना था, लेकिन इस रेस से भी उनका नाम हटा दिया गया. एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले खान के पास नाडा का पत्र मिलने के बाद 'बी' सैंपल टेस्ट करवाने के लिए सात दिन का समय है, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि एथलीट उस टेस्ट में रुचि नहीं रखता है. अगर आरोप साबित हो जाता है, तो उन्हें चार साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है.



## टीम इंडिया में राहुल द्रविड के बेटे की एंट्री

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलते आएंगे नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए अंडर 19 टीम का ऐलान किया है। ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम अगले महीने भारत आएगी। इस टीम में कर्नाटक के ऑलराउंडर समित द्रविड़ को भी चुना गया है जो कि पहली बार टीम इंडिया का हिस्सा बनेंगे। समित भारत के पूर्व कप्तान और हेड कोच राहुल द्रविड़ के बेटे हैं। समित ने हाल ही में कर्नाटक की महाराजा टी20 ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। वह मयसुरू वॉरियर्स स्क्वाड की ओर से खेले थे। यह उनका पहला सीनियर टी20 टूर्नामेंट था। उन्होंने सात पारियों में 114 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे। उन्हें गेंदबाजी का मौका नहीं मिला था।

18 साल के समित ने इस साल कर्नाटक को कूच बिहार ट्रॉफी जिताने में अहम रोल निभाया था।

## काउंटी चैम्पियनशिप में साई सुदर्शन का पहला शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सरे के लिए अपना पहला काउंटी चैंपियनशिप शतक बना लिया है। नॉटिंघमशायर के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु के बल्लेबाज ने 178 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए सुदर्शन ने सरे को पहली पारी में 525 रनों तक पहुंचा दिया।

सुदर्शन ने छक्का लगाकर शतक पूरा किया। तब 151वां ओवर चल रहा था। गेंद स्पिनर फरहान के हाथ में थी लेकिन साईं ने जोरदार शॉट लगाकर अपना रिकॉर्ड पूरा कर लिया। नॉटिंघमशायर के खिलाफ चल रहा मैच सुदर्शन की सरे के लिए दूसरी काउंटी चैम्पियनशिप उपस्थिति है, इससे पहले कि वह 5 सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी में भाग लेने के लिए घर लौटेंगे।

उन्हें टीम सी में नामित किया गया है, जिसकी कप्तानी महाराष्ट्र के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ करेंगे। वहीं, सरे के लिए



कप्तान रोरी बर्न्स ने 266 गेंदों में 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 161 रन बनाए। रेयान पटेल ने 77, विल जैक्स ने 59 रन बनाए जबकि जॉर्डन क्लार्क ने 53 रनों का योगदान दिया। नॉटिंघमशायर के लिए फरहान अहमद सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, जिन्होंने 140 रन देकर 7 विकेट लिए।

सरे वर्तमान में डिवीजन वन चार्ट में शीर्ष पर है और लगातार तीसरे काउंटी खिताब पर नजर गड़ाए हुए है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने जून में ओवल में एसेक्स के साथ सरे के आखिरी चैम्पियनशिप मैच में भाग लिया और साथ ही सितंबर 2023 में सरे के लिए दो बार प्रदर्शन किया।

## आईपीएल में गेंदबाजों से छिन सकता है ये बड़ा हथियार बीसीसीआई कर रही है विचार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में दो नियम चर्चा का विषय रहे थे. बीसीसीआई ने खेल को रोचक बनाने के लिए इम्पैक्ट प्लेयर और एक ही ओवर में दो बाउंसर डालने की अनुमति दी थी. इम्पैक्ट प्लेयर ने जहां टीम को एक्सट्रा प्लेयर खिलाने का विकल्प दिया था, वहीं दो बाउंसर के रूप में गेंदबाजों को बड़ा हथियार मिला था. इस नियम का सभी ने खूब स्वागत किया था. वहीं इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर पर खेल के बैलेंस को बिगाड़ने के आरोप लगे और लीग से हटाने की मांग की गई. अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड इन दोनों ही नियम का रिव्यू कर रहा है. अगर ये दोनों नियम हटाए गए तो बल्लेबाजों पर असर पड़े ना पड़े, लेकिन गेंदबाजों के हाथ से बड़ा हथियार जरूर छिन जाएगा.

### आईपीएल से हटेगा दो बाउंसर का नियम?

ऐसा माना जाता है कि टी20 बल्लेबाजों का फॉर्मेट है. गेंदबाजों के पास खुद को बचाने के लिए बहुत कम हथियार होते हैं. इसलिए बोर्ड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गेंदबाजों को एक ही ओवर में दो बाउंसर डालने की अनुमित देकर एक्सपेरिमेंट किया था, जिसका क्रिकेटर्स ने जमकर स्वागत किया था.

रिपोर्ट के अनुसार ये नियम खासतौर से इंटर स्टेट घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए लाया गया था. वहां सफलता मिलने के बाद इसे आईपीएल में भी लागू किया गया, जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ही बाउंसर की अनुमति होती है. इसलिए बीसीसीआई अब इसे हटाने पर विचार कर रही है. हालांकि, बोर्ड अभी दुविधा में है और कोई भी फैसला नहीं कर सका है.

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम का रिव्यू

एक तरफ जहां दो बाउंसर के नियम का स्वागत हुआ था, वहीं इम्पैक्ट प्लेयर के नियम पर बवाल मच गया था.

पैरालंपिक 2024

## निशानेबाज स्वरूप को लगा झटका, फाइनल में जगह बनाने से चूके, 14वें स्थान पर रहे



**पेरिस, एजेंसी।** टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से 10.5 अंक आगे रहे।

भारतीय पैरा निशानेबाज स्वरूप महावीर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 क्वालिफिकेशन में 613.4 अंक लेकर 14वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके। इस स्पर्धा में शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालिफाई करते हैं, लेकिन स्वरूप ऐसा करने से चूक गए। स्वरूप पदक के दावेदार थे। हालांकि, उनके हाथ निराशा लगी।

टोक्यो में भी पदक से चूक गए थे स्वरूप

टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से पूरे 10.5 अंक आगे रहे।

बचपन में पोलियो से हो गए थे पीड़ित

कोल्हापुर के इस निशानेबाज को बचपन में पोलियो का पता चला था जिससे उनके दोनों पैर में लकवा मार गया था। उन्होंने 101.8, 103.0, 101.7, 101.8, 102.4, 102.7 के स्कोर से 613.4 अंक बनाये। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने

# विराट कोहली और जो रूट की कर दी तुलना!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में 143 रनों की शानदार पारी खेली. यह रूट के टेस्ट करियर का 33वां शतक रहा. इस शतक से रूट चर्चाओं का विषय बन गए. कोई उन्हें फैब-4 में सबसे बेस्ट खिलाड़ी बताने लगा, तो किसी ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे. इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रूट और विराट कोहली की तुलना करके भारतीय फैंस को खूब चिढ़ाया.

सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाले माइकल वॉन ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की. पोस्ट में एक कागज दिख रहा है, जिसमें एक तरफ विराट कोहली के टेस्ट आंकड़े लिखे हुए हैं और दूसरी तरफ जो रूट के टेस्ट आंकड़े हैं.

### फैंस ने लगा दी लताड़

वॉन की यह पोस्ट फैंस को बिल्कुल भी पसंद नहीं आई और उन्होंने पूर्व इंग्लिश कप्तान को लताड़ लगा दी. एक यूजर ने लिखा, रूट को विराट कोहली के 80 अंतर्राष्ट्रीय शतक बराबर करने के लिए दो जन्म लेने पड़ेंगे. एक दूसरे यूजर ने लिखा, 75 पारियों में 3 शतक का फर्क.बाकी एक यूजर ने लिखा, कोहली तीनों फॉर्मेट और लीग में डॉमिनेट करते हैं.

### अब तक ऐसा रहा कोहली और रूट का टेस्ट करियर

विराट कोहलीः भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 113 मैच खेल लिए हैं. इन मैचों की 191 पारियों में बैटिंग करते हुए उन्होंने 49.16 की औसत से 8848 रन बना लिए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 29 शतक और 30 अर्धशतक निकले हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254* रनों का रहा है.

जो रूटः इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने अब तक अपने करियर में 145 टेस्ट खेल लिए हैं. इन मैचों की 264 पारियों में उन्होंने 50.72 की औसत से 12274 रन स्कोर कर लिए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 33 शतक और 64 अर्धशतक निकले हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254 रनों का रहा है.

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, एक ही परिवार के 12 सदस्यों की मौत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसमें एक घर ढह गया। इस हादसे में नौ बच्चों सहित एक ही परिवार के कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अपर दीर जिले के मैदान इलाके में घटी। पुलिस ने बताया कि सभी शवों को मलबे से निकाल लिया गया है और उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। मीडिया के अनुसार, मृतकों में दो महिलाएं, एक पुरुष और नौ बच्चे शामिल हैं। पाकिस्तान में इन दिनों भारी मौसमी बारिश हो रही है। जुलाई से सितंबर तक पाकिस्तान में मॉनसून का मौसम रहता है। पाकिस्तान मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में पूरे देश में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि सिंध, उत्तर-पूर्व/दक्षिण बलूचिस्तान, उत्तर-पूर्व/मध्य पंजाब, पोतोहर क्षेत्र, इस्लामाबाद, गिलगित-बाल्टिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी बारिश के कारण मुर्री, गलियात, मनसेहरा, कोहिस्तान, चित्राल, दीर, स्वात, शांगला, बुनेर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भूस्खलन की आशंका है। इसके अलावा सिंध के तटीय क्षेत्र और उत्तर-पूर्व अरब सागर में एक भीषण चक्रवाती तूफान आने की भी संभावना जताई गई है।

### इराक में इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों पर हमला में 15 की मौत, 7 अमेरिकी सैनिक घायल



**बगदाद, एजेंसी।** इराक के पश्चिमी इलाके में इराकी और अमेरिकी सैनिकों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के संदिग्ध आतंकवादियों पर हमला किया। इस हमले में 15 लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि इस हमले में सात अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए हैं। अमेरिकी सेना की इस्लामिक स्टेट से लड़ाई कई वर्षों से चल रही है। इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ाई के तहत इराक और सीरिया में कई हमले किए गए हैं। इस बार के हमले में शुक्रवार को मारे गए लोगों की संख्या बाकी हमलों की तुलना में ज्यादा है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने कहा कि आतंकवादी कई हथियारों, ग्रेनेड और आत्मघाती बेल्ट से लैस थे। इराकी बलों ने बताया कि यह हमला देश के अनबर रेगिस्तान में किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा कि इस अभियान का मकसद आईएस के शीर्ष आतंकवादियों की क्षमता को कम करना था, ताकि वे इराकी और अमेरिकी नागरिकों, सहयोगियों और साझेदारों के खिलाफ हमलों की योजना और उनका अंजाम देने की ताकत खो दें। इराकी सेना ने कहा कि हवाई हमलों के दौरान आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने बताया कि इस अभियान में सात अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। सभी घायल सैनिकों की हालत स्थिर है।

### इजरायल का दावा : वेस्ट बैंक के जेनिन में हमास के सैन्य प्रमुख को मार गिराया गया



**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायल ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने पश्चिमी तट के जेनिन में हमास के कमांडर को मार गिराया। यह इजरायली कब्जे वाले क्षेत्र में महीनों में उसके सबसे बड़े हमलों में से एक का तीसरा दिन है। इजरायली रक्षा बलों और शिन बेट घरेलू सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कमांडर की पहचान वासेम हेज़म के रूप में की। इजरायली सेना के अनुसार, हेज़म जेनिन में हमास का प्रमुख था और इजरायलियों के खिलाफ गोलीबारी और बमबारी हमलों की योजना बनाने में शामिल था, सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। हाजेम एक वाहन में हथियारों के साथ गोलीबारी के दौरान मारा गया था। वहीं, दो अन्य हमास आतंकवादी ड्रोन द्वारा उस वक्त मारे गए जब वे कार से भागने की कोशिश कर रहे थे। इस हमले में इजरायली सेना के किसी जवान के घायल होने की सूचना नहीं है। इजरायल ने बुधवार की सुबह उत्तरी पश्चिमी तट पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इसके साथ ही कहा कि इस अभियान का उद्देश्य इजरायल के खिलाफ भविष्य में होने वाले हमलों को रोकना है। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि सड़कों, घरों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि छापेमारी में 16 लोग मारे गए हैं।

# रूसी हमले में यूक्रेन का खतरनाक विमान एफ-16 हुआ टुकड़े-टुकड़े, जेलेंस्की ने वायु सेना प्रमुख किया बर्खास्त



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन-रूस युद्ध में अमेरिका से यूक्रेन को मिला आधुनिक युद्धक विमान एफ-16 क्रैश होने पर जहां दुनिया में अमेरिका पर उंगलियां उठने लगी हैं वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के फैसले ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। यूक्रेनी सेना ने कहा है कि अमेरिका से मिले इन विमानों में से एक विमान एफ-16 रूसी हमले में टुकड़े-टुकड़े हो गया जिसके बाद जेलेंस्की ने वायु सेना के चीफ को बर्खास्त कर दिया है। यह कदम उस समय आया जब यूक्रेन रूस के साथ चल रहे संघर्ष में पश्चिमी समर्थन के तहत प्राप्त एफ-16 विमानों का उपयोग कर रहा है।

**सैन्य अधिकारियों की चिंता बढ़ी :** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन ने हाल ही में अपने पश्चिमी सहयोगियों, विशेष रूप से अमेरिका, से अत्याधुनिक एफ-16 लड़ाकू विमान प्राप्त किए थे। ये विमान यूक्रेन की वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे थे। हालांकि, चार दिन पहले एक महत्वपूर्ण घटना घटी जब एक एफ-16 विमान रूसी बमबारी के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में विमान का पायलट मारा गया, जिससे यूक्रेनी नेतृत्व और सैन्य अधिकारियों के बीच चिंता बढ़ गई।

**जेलेंस्की ने त्वरित कार्रवाई की :** इस हादसे के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वायु सेना के चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मायकोला ओलेशचुक को बर्खास्त कर दिया। यह फैसला राष्ट्रपति की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह निर्णय यूक्रेनी सेना में सुधार और उसकी प्रभावशीलता को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया था।राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बर्खास्तगी के बाद दिए बयान में कहा कि यूक्रेन को अपनी सेना को मजबूत करने की जरूरत है, खासकर कमांड स्तर पर। उन्होंने जोर दिया कि सैनिकों की रक्षा और उनकी देखभाल प्राथमिकता होनी चाहिए। इस घटना के बाद लेफ्टिनेंट जनरल अनातोली क्रिवोनोज़्को को कार्यवाहक वायु सेना चीफ नियुक्त किया गया है।


**बेजुहला का विवादित बयान :** पूर्व एयर फोर्स चीफ मायकोला ओलेशचुक की बर्खास्तगी के पीछे एक और महत्वपूर्ण कारण सांसद मारियाना बेजुहला द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान को माना जा रहा है। बेजुहला, जो यूक्रेनी संसद की रक्षा समिति की उपाध्यक्ष हैं, ने दावा किया कि एफ-16 विमान को पैट्रियट वायु-रक्षा प्रणाली द्वारा गलती से मार गिराया गया था। उन्होंने अपने दावे के लिए अज्ञात स्रोतों का हवाला दिया और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को सजा देने की मांग की।

**ओलेशचुक की प्रतिक्रिया :** ओलेशचुक ने बेजुहला के इस दावे की तीखी आलोचना की और उन पर वायु सेना और अमेरिकी हथियार निर्माताओं को बदनाम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बेजुहला को अपने दावों के लिए कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इस विवाद के बीच बर्खास्तगी का आदेश आने के बाद बेजुहला ने सोशल मीडिया पर लिखा, सच्चाई की जीत होगी।

**रूस का हमला जारी :** इस बर्खास्तगी के अलावा, यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले भी जारी हैं। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, खार्किव में एक रूसी हमले में एक 14 वर्षीय लड़की सहित छह लोगों की मौत हो गई और 47 अन्य घायल हो गए। इस हमले में पांच स्थानों को निशाना बनाया गया, जिसमें एक 12 मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक भी शामिल था, जहां बम गिरने से इमारत में आग लग गई और कई लोग घायल हो गए।

**मिस्र और ग्रीस के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत, मध्य पूर्व में तनाव कम करने पर दिया जोर : काहिरा, एजेंसी।** मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और ग्रीस के विदेश मंत्री जॉर्ज गेरापेट्रिटिस के बीच मध्य पूर्व में जारी हिंसा को लेकर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच मध्य पूर्व में अस्थिरता को बढ़ने से रोकने के प्रयासों पर जोर दिया गया। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों मंत्रियों ने शुक्रवार को फोन पर बातचीत के दौरान मध्य पूर्व में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम की गंभीरता पर चर्चा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अब्देलती ने ग्रीस के विदेश मंत्री को बताया कि मिस्र इस क्षेत्र के कई देशों, अमेरिका और कई यूरोपीय देशों के साथ संपर्क कर रहा है, ताकि क्षेत्रीय तनाव और वृद्धि की मौजूदा स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। ग्रीस के विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर मिस्र और ग्रीस के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की है।इससे पहले मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली के बीच गाजा में युद्ध विराम को लेकर चर्चा हुई थी। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि फोन पर बातचीत के दौरान दोनों मंत्रियों ने मिडिल ईस्ट के घटनाक्रम, खासकर गाजा पट्टी की स्थिति पर चर्चा की।

## जर्मनी ने 28 अफगान नागरिकों को उनके वतन वापस भेजा



**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी ने शुक्रवार को 28 अफगान नागरिकों को वापस उनके वतन भेज दिया है. अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद यह पहली बार है, जब जर्मनी ने अफगान नागरिकों को अफगानिस्तान वापस भेजा है. सरकार के प्रवक्ता स्टीफन हेबेस्ट्रेट ने 28 अफगान नागरिकों को दोषी अपराधी बताया. हालांकि, जब उनसे उनके अपराधों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया. वहीं गृह मंत्री नैन्सी फेसर ने इस कदम को जर्मनी के लिए सुरक्षा का मुद्दा बताया. जर्मनी और तालिबान के बीच नहीं सुधरेंगे संबंध उन्होंने कहा कि जर्मनी के तालिबान के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं. इसलिए सरकार को अन्य माध्यमों से काम करना पड़ता है. शुक्रवार की कार्रवाई से जर्मनी और तालिबान के बीच संबंधों में व्यापक सुधार की संभावना नहीं है. जर्मनी ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है, जब हाल ही में तालिबान ने महिलाओं के लिए घर से बाहर अपना चेहरा, शरीर और आवाज छुपाना जैसे मुद्दों पर कानून बनाया है. चाकू हमले की घटना के बाद फैसला जानकारी के मुताबिक जर्मनी ने यह फैसला सोलिंगन शहर में एक घातक चाकू हमले की घटना के एक हफ्ते बाद लिया गया है. इस घटना में संदिग्ध एक सीरियाई नागरिक है जिसने जर्मनी में शरण के लिए आवेदन किया था. संदिग्ध को पिछले साल बुल्गारिया भेजा जाना था, लेकिन कथित तौर पर वह कुछ समय के लिए गायब हो गया और निर्वासन से बच गया. उसे रविवार को हत्या और एक आतंकवादी संगठन में सदस्यता के संदेह में आगे की जांच और संभावित अभियोग तक हिरासत में रखने का आदेश दिया गया था. इस्लामिक स्टेट ने बिना सबूत दिए पिछले शुक्रवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली थी. चरमपंथी समूह ने अपनी न्यूज साइट पर कहा कि हमलावर ने ईसाइयों को निशाना बनाया और उसने फिलिस्तीन और मुसलमानों का बदला लेने के लिए हमले किए. हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी।

## रवांडा के राष्ट्रपति ने रक्षा बल से 200 से अधिक सैनिकों को किया बर्खास्त

**किगाली, एजेंसी।** रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागमे ने रवांडा डिफेंस फोर्स (ऋश्रस्न) से 200 से ज़्यादा सैन्यकर्मियों को बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्त किए गए सैनिकों में 21 वरिष्ठ सैनिक और कई अधिकारी शामिल हैं। सेना ने शुक्रवार को एक बयान में इसकी घोषणा की। आरडीएफ द्वारा जारी बयान के अनुसार, बर्खास्त किये गये लोगों में मार्टिन नजारम्बा और एटियेन उविमाना के अलावा 19 अन्य वरिष्ठ और छोटे अधिकारी शामिल हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राष्ट्रपति ने आरडीएफ के 195 अन्य रैंकों के अनुबंधों को समाप्त करने की भी अनुमति दी। बर्खास्तगी के लिए कोई आधिकारिक कारण नहीं बताए गए, लेकिन रवांडा कानून के तहत, सैन्य कर्मियों को घोर कदाचार के लिए आरडीएफ से बर्खास्त किया जा सकता है। हालांकि, रवांडा में ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। 7 जून, 2023 को राष्ट्रपति पॉल कागमे ने रवांडा रक्षा बल (ऋश्रस्न) में व्यापक बदलाव किए और एक नए मंत्री और सेना प्रमुख की नियुक्ति की। परिवर्तनों की सूची के अनुसार, दो वरिष्ठ कमांडरों और 200 से अधिक सैनिकों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना पड़ा। उन्होंने आरडीएफ मेजर-जनरल एलोयस मुगांगा, ब्रिगेडियर-जनरल फ्रांसिस मुटिगांडा, साथ ही 14 कमीशन प्राप्त अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया। उनके कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है, उन्होंने (कागामे) 116 अन्य रैंकों की बर्खास्तगी को भी अधिकृत किया है और 122 अन्य रैंकों के सेवा अनुबंधों को रद्द करने को मंजूरी दी है।

## ट्रंप की विवादित फिल्म द अप्रेंटिस अमेरिकी चुनाव से पहले सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में अब कुछ महीने बचे हैं और इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की जीवनी पर आधारित विवादित फिल्म द अप्रेंटिस रिलीज होने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से कुछ हफ्ते पहले अक्टूबर में अमेरिकी और कनाडाई सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

द हॉलीवुड रिपोर्टर की रिपोर्ट के अनुसार, इस संवेदनशील फिल्म को ब्रियर क्लिफ एंटरटेनमेंट द्वारा 11 अक्टूबर को चुनाव से पहले रिलीज करने की तैयारी। ब्रियर क्लिफ एंटरटेनमेंट कैलिफोर्निया के सांता मोनिका, में स्थित एक इंडी डिस्ट्रीब्यूटर है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अली अब्बासी द्वारा निर्देशित और वैनिटी फेयर द्वारा लिखित इस फिल्म में एमी अवॉर्ड के लिए नामांकित अभिनेता सेबेस्टियन स्टेन ट्रम्प की भूमिका में हैं।

मई में कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुई द अप्रेंटिस 1970 और 1980 के दशक में न्यूयॉर्क में एक रियल एस्टेट बिजनेसमैन के रूप में ट्रंप के करियर का उल्लेख करती है। लॉस एंजिल्स टाइम्स के अनुसार, फिल्म कान्स प्रतियोगिता में पिछड़ गई और इस पर विवाद खड़ा हो गया था। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की रिलीज की घोषणा के बाद, ट्रंप के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने इसे कचरा और काल्पनिक बताया। साथ ही इस फिल्म को रिलीज से रोकने के लिए फिल्म निर्माताओं के खिलाफ मुकदमा दायर करने का भी फैसला किया।

कान्स फिल्म फेस्टिवल में फिल्म दिखाई गई थी। इसके बाद द अप्रेंटिस ने कनाडा, यूरोप और एशिया के कुछ हिस्सों में डिस्ट्रीब्यूटर्स मिल गए, लेकिन



फिल्म को अमेरिका में विरोध का सामना करना पड़ा, क्योंकि नर्वस स्टूडियो, स्ट्रीमर और इंडी डिस्ट्रीब्यूटर- ट्रम्प और उनके प्रशंसकों का समर्थन हासिल करने में नाकाम रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि महीनों की बातचीत के बाद, ब्रियरक्लिफ ने कदम बढ़ाया और फिल्म के घरेलू डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकार हासिल कर लिए।

बता दें कि अमेरिका में 10 सितंबर को चुनाव से पहले की आखिरी और सबसे बड़ी प्रेसिडेंट डिबेट होनी है। डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस राष्ट्रपति की प्रबल दावेदार मानी जा रही है।

## चोरी के इरादे से नेपाली छात्रा के फ्लैट में घुसा भारतीय मूल का व्यक्ति, पकड़ा गया तो गोली मारकर की हत्या

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के ह्यूस्टन में एक नेपाली छात्रा की उसके फ्लैट में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 52 वर्षीय बॉबी सिंह शाह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी चोरी के इरादे से नेपाली छात्रा के फ्लैट में घुसा था, लेकिन पकड़े जाने पर उसने छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी गिरफ्तार नेपाल मूल की छात्रा की पहचान मुना पांडे के रूप में हुई है। मुना ह्यूस्टन के सामुदायिक कॉलेज की छात्रा थी। सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मुना के ह्यूस्टन स्थित अपार्टमेंट से उसका शव बरामद हुआ। मुना के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे। हत्या की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। जांच के दौरान अपार्टमेंट से निकलते हुए आरोपी बॉबी सिंह शाह की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तस्वीर जारी की। जल्द ही पुलिस ने आरोपी को एक ट्रैफिक स्टॉप से गिरफ्तार कर लिया। मुना पांडे साल 2021 में नेपाल से ह्यूस्टन कम्युनिटी कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थी। नेपाली एसोसिएशन ऑफ ह्यूस्टन के एक सदस्य ने बताया कि मुना की मां अपनी बेटी से कई दिनों से संपर्क करने की कोशिश कर रहीं थी। उन्होंने बताया कि मुना अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी।

## सुनीता व विल्मोर के बिना छह सितंबर को उतरेगा स्टारलाइनर, दो महीने से अंतरिक्ष में फंसे हैं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरिक्ष में 12 सप्ताह बिताने के बाद बोइंग का स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से घर लौटने के लिए अब तैयार हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया कि स्टारलाइनर सुनीता विलियम्स व बुच विल्मोर के बिना छह सितंबर को अंतरिक्ष से धरती पर लौटेगा। अंतरिक्ष यान अमेरिका के स्थानीय समयानुसार छह सितंबर, शाम छह बजे के आसपास परिक्रमा प्रयोगशाला से अलग हो जाएगा। छह घंटे हवा में रहते हुए यह न्यू मेक्सिको के वॉइट सैंड्स स्पेस हार्बर में उतरेगा।

दोनों की सुरक्षित वापसी के लिए नासा ने घटाए दो अंतरिक्ष यात्री उधर नासा ने दोनों की सुरक्षित वापसी के लिए आगामी स्पेसएक्स उड़ान से दो अंतरिक्ष यात्रियों की संख्या भी कम कर दी है। अब नासा के निक हेग व रूसी अलेक्जेंडर गोरबुनोव सितंबर में स्पेसएक्स रॉकेट से आईएसएस जाएंगे। दोनों फरवरी 2025 में सुनीता व विल्मोर के साथ वापस लौटेंगे। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स से हटाए गए अंतरिक्ष यात्री जेना कार्डमैन और स्टेफनी विल्सन हैं। नासा की



भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ दो महीने से अधिक समय से अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं। फिलहाल सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर फिलहाल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। बोइंग स्टारलाइनर में खराबी के कारण अभी तक उनकी वापस नहीं हो पाई है। अंतरिक्ष यान बोइंग स्टारलाइनर 5 जून को सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को लेकर अंतरिक्ष में गया था। स्टारलाइनर में हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी नहीं हो पाई है। अंतरिक्ष और जमीन पर मौजूद इंजीनियर खराबी को ठीक करने और अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर की यह अंतरिक्ष यात्रा सिर्फ आठ दिन की थी, लेकिन स्टारलाइनर में खराबी के कारण अभी तक नासा उनकी वापसी का समय नहीं तय कर पाया है। उनकी वापसी को लेकर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की चिंताएं बढ़ रही हैं।

## ट्रंप की सुरक्षा में फिर चूक ?: रैली के दौरान शख्स ने जबरदस्ती मीडिया के बीच घुसने की कोशिश, पुलिस ने किया काबू

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मियां तेज हैं। राष्ट्रपति पद के लिए दोनों उम्मीदवार- डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस लगातार रैलियों में एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने शुक्रवार को पेंसिलवेनिया में रैली की, जहां एक बार फिर एक शख्स के हंगामे के बाद उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए। बता दें कि पिछले महीने पेंसिलवेनिया में रैली के दौरान ही ट्रंप पर एक शूटर ने हमला कर दिया था। इस हमले में गोली उनके कान को छूकर निकल गई थी और वे बाल-बाल बच गए थे। इस घटना के बाद ट्रंप की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हुए थे। बताया गया है कि पेंसिलवेनिया के जॉनटाउन में ट्रंप की रैली के दौरान एक शख्स प्रेस एरिया (मीडिया एरिया) में घुस आया था। इस दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कुछ मीडिया समूहों को अपने खिलाफ पक्षपाती रवैये के लिए खरी-खरी सुना रहे थे। इसी दौरान एक शख्स साइकिल रैक में सवार होकर मीडिया एरिया तक पहुंच गया और मंच के ठीक सामने उस जगह चढ़ने की कोशिश करने लगा, जहां चैनलों के कैमरे और टीवी रिपोर्टर तैनात होते हैं। शख्स की इस हरकत को देखते ही वहां मौजूद लोगों ने उसे नीचे घसीट लिया। इस दौरान पुलिस अफसर भी घटनास्थल पर पहुंच गए। एक पुलिसकर्मी ने इस दौरान शख्स पर काबू पाने के लिए उस पर टेजर (शॉक देने वाली बंदूक) से वार किए। बाद में




पुलिसकर्मी इस शख्स को बाहर ले गए। मजेदार बात यह है कि इस घटना को ट्रंप ने खुद देखा और कहा, क्या मेरी रैली से अलग कहीं और ज्यादा मजा आ सकता है? इस घटना के ठीक बाद पुलिस ने भीड़ में शामिल एक और व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। हालांकि, यह साफ नहीं है कि उसे किस वजह से पकड़ा गया है या उसका पहले गिरफ्तार किए गए शख्स से कोई संबंध है। इस घटना के बाद एक बार फिर ट्रंप की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल, ट्रंप की सुरक्षा के लिए तैनात सीक्रेट सर्विस और पुलिसकर्मियों पर लोगों की जांच के बाद ही उन्हें रैली में शामिल होने की अनुमति से जुड़ी जिम्मेदारी होती है। हालांकि, पेंसिलवेनिया में अचानक एक शख्स के घुस आने की घटना ने फिर से ट्रंप की सुरक्षा के मुद्दे को केंद्र में ला दिया है। पेंसिलवेनिया में 14 जुलाई को ट्रंप की रैली के दौरान हुई गोलीबारी हुई थी। इस घटना में एक व्यक्ति की जान गई थी।

## हूती विद्रोहियों 10 लाख बैरल तेल लेकर जा रहे जहाज को बारूद से उड़ाया, हिल गया अमेरिका

**दुबई, एजेंसी।** अदन की खाड़ी में शुक्रवार देर शाम 10 लाख बैरल तेल लेकर जा रहे एक जहाज को निशाना बनाकर दो मिसाइल दागी गईं, जो पास के जल क्षेत्र में गिरीं।अमेरिका ने इस हमले को लेकर चिंता जताई है। प्राधिकारियों ने इस हमले के पीछे यमन के हूती विद्रोहियों का हाथ होने की आशंका जताई है। इस हमले से पहले हूती विद्रोहियों ने यूनान के झंडे वाले एक तेल टैंकर में घुसकर उसमें विस्फोटक रखे थे, जिससे बाद में उसमें कई विस्फोट हुए थे। टैंकर में विस्फोट से लाल सागर में बड़े पैमाने पर तेल रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। जबकि विद्रोही संगठन हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने बताया कि सोनियन एक ऐसी कंपनी का जहाज है, जिसने लाल सागर में इजरायल जाने वाले जहाजों के खिलाफ यमनी गुट की ओर से घोषित नाकाबंदी का उल्लंघन किया था, में दुर्घटना का शिकार हो गया है। दरअसल, लाल सागर में तनाव की स्थिति लगातार बनी हुई है। हूती के लड़ाकों ने 10 लाख बैरल तेल लेकर जा रहे जहाज को बारूद से उड़ा दिया। इस खौफनाक मंजर का हूती ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें उनके लड़ाके तेल टैंकर सोनियन पर चढ़ते और उस जहाज पर विस्फोटक उड़ते दिखाई दे रहे हैं।हालांकि यह हमला इस महीने की शुरुआत में लाल सागर में हमला किया गया था।हूती विद्रोहियों द्वारा पिछले कुछ समय में पोत को निशाना बनाकर किए गए हमलों से एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर के उस सामान की आपूर्ति बाधित हुई है, जो इजराइल-हमास युद्ध के मद्देनजर हर साल गाजा पट्टी में लाल सागर के जरिये भेजा जाता है। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड



किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने बताया कि शुक्रवार को किए गए हमले के दौरान दो मिसाइल अदन से करीब 240 किलोमीटर पूर्व में जहाज के पास गिरीं। यूकेएमटीओ ने बताया कि जहाज ने सूचित किया है कि चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। मामले की जांच की जा रही है। हूती विद्रोहियों ने अभी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उन्होंने अक्टूबर में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से 80 से अधिक जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं। हूती विद्रोहियों ने एक जहाज का अपहरण भी किया और हमला कर दो जहाजों को जलमग्न कर दिया, जिसमें चार नाविक मारे गए। इस बीच, अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने शनिवार को कहा कि उसने यमन में हूती नियंत्रित क्षेत्र में दो ड्रोन नष्ट कर दिए।

## रिटायर्ड टीचर के घर में मिनी गन फैक्ट्री

बक्सर। बक्सर में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ। फैक्ट्री एक मकान में चल रही थी। मकान मालिक वीरेंद्र सिन्हा हैं। इन्होंने पुलिस को खुद की पहचान शिक्षक बताई है पर, परिवार वाले नवोदय विद्यालय के रिटायर ड्राइवर कह रहे। पुलिस ने छापेमारी में भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार बरामद किया है। इसके अलावा हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनों को भी जब्त किया है। मामला नया भोजपुर थाना क्षेत्र के चांद गांव का है। पुलिस ने मकान मालिक समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 मुंगेर निवासी हैं। पांचों का कहना है कि एक माह पहले यहां आए थे। हालांकि पुलिस को शक है कि तीन महीने से ये लोग हथियार बना रहे। वीरेंद्र के भाई सुरेंद्र ने बताया कि नवोदय में काम करने वाले एक मित्र ने भाई से कहा था कि एक रिलेटिव को किराए पर मकान दे दीजिए। वे लोग मशीन बिठाकर गाड़ी के पार्ट्स बनाएंगे। भाई ने घर का पिछला हिस्सा 5 हजार किराए पर सौंपा था। वेल्डिंग दुकान के नाम पर अलग से बिजली मीटर भी लगाया था। घर के आगे वाले हिस्से में भइया और भाभी रह रहे थे।

## बंगाल के 2 अस्पतालों में यौन शोषण

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर की घटना के 23 दिन बाद 2 अस्पतालों में छेड़छाड़ की 2 घटनाएं सामने आई हैं। पहला मामला बीरभूम के सरकार अस्पताल का है, जहां एक मरीज ने सलाइन ड्रिप लगा रही नर्स को गलत तरीके से छुआ। पुलिस शिकायत के बाद आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। उधर, हावड़ा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सीटी स्कैन कराने गई नाबालिग से लैब टेक्नीशियन ने छेड़छाड़ की। नाबालिग के परिवार ने पुलिस में शिकायत की, जिसके बाद आरोपी को पकड़ा गया। एक और घटना में मध्यमग्राम में हुई।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता ने परिवार समेत खाया जहर, सभी की मौत

### –घर में सामने से ताला डाला, पड़ोसी के पहुंचने पर घटना का हुआ खुलासा

जांजगीर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक कांग्रेस नेता ने अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ जहर खाकर खुदकुशी कर ली। बड़े बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कांग्रेस नेता, पत्नी और छोटे बेटे को गंभीर हालत में बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया जहां तीनों ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक कर्ज से परेशान कांग्रेस नेता ने यह कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांजगीर के बोंगापार निवासी कांग्रेस नेता पंचराम यादव (66) पत्नी दिनेश नंदनी यादव (55) पुत्र नीरज यादव बंटी (28) और सूरज यादव (25) ने विगत दिवस जहर खा लिया था। किसी को पता न चले इसलिए उन्होंने घर के बाहर से दरवाजे में ताला लगा दिया था और पीछे के दरवाजे से जाकर दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। इस खुलासा तब हुआ जब पड़ोस में रहने वाली एक लड़की उनके घर पहुंची। दो-तीन बार आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसे कुछ अनहोनी होने का शक हुआ और उसने आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। जब पड़ोसी और उसके रिश्तेदार घर के अंदर गए तो सभी गंभीर अवस्था में पड़े हुए थे। बड़े बेटे की तो मौके पर ही मौत हो गई थी। पंचराम और उनकी पत्नी और बेटे को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान रविवार सुबह इन तीनों ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बच्चा अपहरण की कोशिश मामले में पुलिसकर्मी व लाइफगार्ड गिरफ्तार

पणजी। क्या आप सोच सकते हैं कि जिनके कंधों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही अपहरण जैसा जघन्य अपराध कर सकते हैं। दरअसल ऐसा ही एक मामला गोवा से सामने आया है। उत्तरी गोवा के पेरनेम में फिरौती के लिए डेढ़ साल के बच्चे के अपहरण करने की कोशिश की गई। समय रहते अपहरण की कोशिश के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल और एक लाइफगार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दलवी ने जानकारी दी, कि राज्य पुलिस की भारतीय रिजर्व बटालियन से संबद्ध कांस्टेबल निकेश चारी और 'दृष्टि मरीन' के 'लाइफगार्ड' संजय नार्वेकर को शनिवार के दिन करगाव से गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल शुक्रवार रात को बच्चा अपने घर की गैलरी में खेल रहा था, तभी चारी और नार्वेकर दोनों ने ही उसे अगवा करने का प्रयास किया था। वारदात को अंजाम देने दोनों ही दोपहिया वाहन से वहां पहुंचे थे। चारी ने बच्चे को उठाया, इसी बीच बच्चे के दादा ने देखा तो शोर मचा दिया। शोर सुनकर पड़ोसी वहां पहुंच गए। उन्होंने चारी को पकड़ लिया, लेकिन तभी नार्वेकर घटनास्थल से भागने में सफल रहा। पुलिस उपाधीक्षक दलवी ने बताया कि महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में वेंगुर्ला के रहने वाले नार्वेकर को बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने कुबूल किया है कि उनका इरादा बच्चे के मॉ-बाप से फिरौती बसूलने का था। आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी गई है।

## कांस्टेबल भर्ती में हुई मौत मामले में बोले मरांडी- सीएम नौकरी बांट रहे हैं या मौत?

रांची। झारखंड के पलामू जिले में आबकारी विभाग की कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश हुए अभ्यर्थियों में से 10 की मौत हो गई। वहीं इसे लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम पर तंज कसते हुए पूछा है कि वे नौकरी बांट रहे हैं या मौत। बाबूलाल ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती की अधिसूचना 8 अगस्त को निकली और 14 अगस्त को एडमिट कार्ड दिया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए 22 अगस्त से दौड़ का आयोजन शुरू किया गया। ऐसे में महज 15 दिनों में अभ्यर्थी दौड़ की क्या तैयारी करेंगे? बाबूलाल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार की ओर से आपाधापी में भादो की उमस भरी गर्मी में दौड़ आयोजित कराने के कारण ही राज्य के 6 बेरोजगार युवक मौत के मुंह में समा गए। हेमंत सरकार ने भर्ती केंद्रों पर ना तो पीने के पानी की व्यवस्था है, ना शौचालय की और ना ही महिलाओं के छोटे बच्चों को स्तनपान कराने की कोई व्यवस्था है। ऐसी कुव्यवस्था से तो बेरोजगार युवा मरेंगे ही! बाबूलाल ने कहा कि हेमंत जी, लगता है आपने नौकरी नहीं देने के लिए ही मौत बांटने का इंतजाम पक्का कर दिया है। जनता को बताइए कि आखिर इन 10 बेरोजगार युवकों की मौत का जिम्मेवार कौन है? राज्य सरकार 6 बेरोजगार युवकों के मौत की न्यायिक जांच कराए और मृत युवकों के आश्रितों को उचित मुआवजा तथा सरकारी नौकरी उपलब्ध कराए।

## कारोबारी के यहां काम करने वाली महिला ने हनीट्रेप में फंसाया 50 लाख वसूले

जमशेदपुर। मुंबई के कारोबारी मेहुल प्रवीण शाह को हनी ट्रैप में फंसाकर अपहरण और 50 लाख ऐंठ लिए। आरोपी महिला श्वेता पहले शाह के यहां काम करती थी। उसने उन्हे ट्रेप में फंसाया और कुछ अश्लील तस्वीरें ले लीं। इसके बाद वो लगातार ब्लैक मेल कर पैसे ऐंठते रही। इससे भी उसका मन नहीं भरा तो उसने अपने पति के साथ मिलकर ब्यापारी के अपहरण की साजिश रचकर उसका अपहरण किया और एकमुश्त 50 लाख ऐंठ लिए। जानकारी के मुताबिक श्वेता ने कारोबारी को फांसकर रांची बुलवाया, वहां साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद कुछ समय के लिए जमशेदपुर लाया, श्वेता ने कारोबारी का अश्लील वीडियो बनाया। जमशेदपुर में डराने-धमकाने के बाद कारोबारी को चक्रधरपुर के गोइलकेरा की ओर अपहरणकर्ता ले गए। वीडियो वायरल कर देने और छोड़ने की एवज में करीब 50 लाख रुपये कारोबारी से मांगे। कारोबारी ने 50 लाख रुपये मुंबई से हवाला के जरिए मंगवाया और अपहरणकर्ताओं को दिए। रिहाई के बाद कारोबारी मुंबई वापस जाने के लिए रांची एयरपोर्ट पहुंचे, वहां थाने को सूचित किया। मुंबई पुलिस को भी मामले की सूचना मिली, इसके बाद झारखंड की पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को दबोचा। कारोबारी का अश्लील वीडियो बनाने के बाद श्वेता ब्लैकमेल कर कारोबारी से रुपये लेती थी। दस साल से वह कारोबारी के यहां काम कर रही थी। कारोबारी को जाल में फांसकर रुपये वसूल करती थी। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। कारोबारी से एक ही बार में 50 लाख रुपये वसूलने की योजना में वह सफल तो हुई, लेकिन फंस गई। अपहरण के बाद फिरौती के रूप में मिले 50 लाख रुपये का बंटवारा भी आरोपितों ने आपस में कर लिया था।

# जम्मू-कश्मीर में खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल करेंगे चुनाव प्रचार

### – विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम शामिल किया गया है।

जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए 18 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। कांग्रेस ने पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सूची में जयराम रमेश, अंबिका सोनी, अजय माकन, सलमान खुर्शीद और कन्हैया कुमार को भी शामिल किया है। इसके अलावा इस सूची में हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, चरणजीत सिंह चन्नी, सचिन पायलट को भी स्टार प्रचारक बनाया है।

### ये है स्टार प्रचारकों की सूची

मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रजनी पाटिल, राजीव शुक्ला, मनीष तिवारी, प्रियंका गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी, के.सी. वेणुगोपाल, किशोरी लाल शर्मा, अजय माकन, रंजीत रंजन, अंबिका सोनी, रमन भल्ला, भरत सिंह सोलंकी, ताराचंद, तारिक हमीद कर्रा, चौधरी लाल सिंह, सुखविंदर सिंह सुक्खू, पीरजादा मोहम्मद सईद, जयराम रमेश, इमरान मसूद, गुलाम अहमद मीर, पवन खेड़ा, सचिन पायलट, सुप्रिया श्रीनेत, मुकेश अग्निहोत्री, कन्हैया कुमार, चरणजीत सिंह चन्नी, मनोज यादव, सलमान खुर्शीद, शाहनवाज चौधरी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजेश लिलोठिया, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, अलका लांबा, सैयद नासिर हुसैन, श्रीनिवास बी.वी., विकार रसूल वानी, नीरज कुंदन को कांग्रेस ने स्टार प्रचारक बनाया है।

बता दें कि 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के तीन चरणों में चुनाव होंगे। 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे, जबकि वोटों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। जम्मू-कश्मीर में साल 2014 के बाद से यह पहला विधानसभा चुनाव होगा, क्योंकि 2019 में धारा 370 को हटा दिया गया था। इसके बाद से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए थे।

## कंगना ने फिर लिया पंगा, जया को बताया पैनिक अटैक वाली महिला



नई दिल्ली। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन का गुस्सेल मिजाज से सभी वाकिफ हैं जया छोटी सी बात पर भड़क जाती हैं और अपना गुस्सा जाहिर करती नजर आती हैं। पिछले दिनों वह पार्लियामेंट में उनके पति अमिताभ बच्चन के नाम से संबोधित किए जाने पर नाराज हो गईं थी। अब हाल ही में बीजेपी की सांसद कंगना रनौत ने जया बच्चन के इस रवैये पर टिप्पणी की है, जिसको लेकर वह चर्चाओं में हैं। जया बच्चन के उस रिएक्ट पर हाल ही में कंगना ने कहा कि वह पैनिक अटैक वाली महिला हैं। ये बहुत ही शर्म की बात है। प्रकृति ने महिला और पुरुष को अलग बनाया है और दोनों के बीच खूबसूरत अंतर है। आजकल फेमिनिज्म के नाम पर कुछ महिलाएं खराब डायरेक्शन में जाने से नहीं चूक रहीं हैं। हमारी सोसाइटी उस डायरेक्शन में जा रही है, जहां उन्होंने एरोगेंस को छोड़ा नहीं है। चीजें ऐसी होती हैं, जैसे कि लोगों को लगता है कि मेरी आइडेंटिटी कहीं छूट गई है, उनको पैनिक अटैक आ जाता है। लोग इतना डरे हुए हैं, जबकि ये कितनी बुरी बात है। बता दें, इससे पहले भी कंगना और जया बच्चन के बीच बहस हो चुकी है। कुछ समय पहले कंगना ने जया के थाली में छेद वाले बयान पर उन्हें जवाब दिया था, जिसके बाद दोनों के बीच ठनी गई थी। वहीं अब एक बार फिर कंगना ने जया बच्चन से पंगा ले लिया है और उनके ही बयान पर जवाब भी दिया है।

# मानसून का रुख बदला, अब गुजरात में नहीं, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पूर्वी-दक्षिणी राजस्थान होगी झमाझम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पश्चिम मध्य उत्तरी बंगाल की खाड़ी आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों कलिंगपट्टनम और गोपालपुर के पास एक भारी डीप डिप्रेशन यानी कि लो प्रेशर बनने कारण मानसून ने अपना रुख बदल लिया है। अब गुजरात में नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश के तटीय भाग, तेलंगाना, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पूर्वी-दक्षिणी राजस्थान के हिस्सों में मध्यम से अत्यंत भारी बारिश की संभावना है। वहीं, अगले 24 घंटो में मूसलाधार बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि 1 सितंबर को आंध्र प्रदेश की तटीय भाग, तेलंगाना, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पूर्वी-दक्षिणी राजस्थान के हिस्सों में मध्यम से अत्यंत भारी बारिश की संभावना है। वहीं, अगले 24 घंटो में मूसलाधार बारिश की संभावना है। उत्तरी भारत खासकर दिल्ली-एनसीआर में उतनी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि छिटपुट बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि गुजरात में अभी भारी बारिश की संभावना नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार, बिहार के मौसम काफी बदलाव होगा है। 1 सितंबर को राज्य में बिहार में बारिश की तो संभावना नहीं है, लेकिन आसमान में बादल छाए रहेंगे। बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के राज्यों का हाल भी यहीं रहने वाला है। हालांकि दिन का अधिकतम तापमान 35 तक रहा, मगर लोगों को भारी उमस का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में ऐसा ही हाल रहने वाला है। दिल्ली-एनसीआर ते कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है, मगर लोगों को उमस भी खासा परेशान करने वाली है। पिछली आधी रात से बंगाल की खाड़ी में आंध्र के तट के पास एक डीप डिप्रेशन डेवलप हो रहा है। इसके वजह से सेंट्रल इंडिया और साउथ सेंट्रल इंडिया के भागों में भारी बारिश हो सकती है। डिप्रेशन के चक्र को समझे तो भारत के पश्चिमी भागों में से बंगाल की खाड़ी तक डेवलप हो रही है। इसके रास्तों में पड़ने वाले भागों में भारी बारिश की संभावना है। तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, विदर्भ, रायलसीमा (आंध्र प्रदेश और तामिलनाडु के भाग) में भारी से अत्यंत भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों में भारी बारिश की वजह से रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक अगले 24 घंटों में तेलंगाना और विदर्भ में मूसलाधार बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इन भागों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, तटीय अंध्र प्रदेश, रायल सीमा, पूर्वी कर्नाटक, मराठवाड़ा, केरल और मध्य महाराष्ट्र में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, पूर्वी राजस्थान, पूर्वी गुजरात और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश हो सकती है। इन भागों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोतर राज्यों बारिश बनी रहेगी।

## किसी न किसी बहाने भारत पर निशाना साध रहा बांग्लादेश, अब बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में बनीं नई सरकार आए दिन किसी न किसी बहाने भारत पर निशाना साध रही है। इस बार यूनुस सरकार बांग्लादेश में आई बाढ़ के लिए भारत को जिम्मेदार बता रही है। स्थानीय खबर के मुताबिक बांग्लादेश के अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस की सरकार में कपड़ा एवं जूट मंत्रालय और जहाजरानी मंत्रालय के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन ने भारत सरकार से नाराजगी जाहिर की।जबकि भारत सरकार पहले ही यह साफ कर चुकी है कि पानी छोड़े जाने में उनकी कोई भूमिका नहीं हैं। यह आरोप बेबुनिया हैं।

बांग्लादेश के मंत्रालय के सलाहकार ने एक तरफ भारत पर बाढ़ का ठीकरा फोड़ा। दूसरी तरफ यह भी कहा कि देश में शेख हसीना सरकार के जाने के बाद कोई राजनीतिक सरकार नहीं होने के चलते राहत और बचाव काम में दिक्कत आ रही है। मौजूदा टिप्पणी शनिवार को कोमिला के बुरिचोंग उपजिला में मॉडल मस्जिद क्षेत्र में सेना द्वारा स्थापित चिकित्सा शिविर का निरीक्षण करने के बाद की गई। हुसैन ने कहा, सरकार ने एक महत्वपूर्ण क्षण में जिम्मेदारी ली है। बाढ़ से प्रभावित लोगों के पुनर्वास की प्रक्रिया जारी है। चूंकि वर्तमान में कोई राजनीतिक सरकार नहीं है, इसलिए हम इस काम के लिए ठेकेदारों की नियुक्ति करने में विफल रहे हैं। इसलिए, पुनर्वास के प्रयास जल्द से जल्द आगे बढ़ेंगे। सलाहकार हुसैन ने कहा कि यदि भारत ने बांग्लादेश को पहले से सचेत कर दिया होता तो बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता था। उन्होंने कहा, हम इस बाढ़ के लिए तैयार नहीं थे। इस समय बाढ़ आना आम बात नहीं है। हमारे पड़ोसी देश ने कोई चेतावनी जारी नहीं की और अचानक पानी छोड़ दिया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। हमें उम्मीद है कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। शेख हसीना सरकार के जाने के बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार लगातार भारत विरोधी अभियान को आगे बढ़ा रही है। भारत ही वो देश है जिसने बांग्लादेश को पाकिस्तान के चंगुल से मुक्त कराने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने मुक्ति वाहिनी का समर्थन किया था। जिसके बाद इंदिरा गांधी ने ईस्ट पाकिस्तान को अलग करवाकर बांग्लादेश का निर्माण करवाया था।

## असम विधानसभा में नमाज ब्रेक बंद करने पर भड़के जेडीयू नेता बोले क्या बलि बंद कराएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम विधानसभा में कार्यवाही के दौरान नमाज पढ़ने के लिए ब्रेक होने की परंपरा थी। लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने यह कहते हुए बंद करवा दिया कि इससे सदन की कार्यवाही में बाधा आती है। इसको लेकर अब जेडीयू नेता नीरज कुमार ने सीएम पर निशाना साधा है। एनडीए की सहयोगी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीरज कुमार ने नाराजगी जताई है। नीरज कुमार ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से राज्य में हिंदू धर्म में होने वाले रीति-रिवाजों पर भी कदम उठाने को कहा है। असम विधानसभा द्वारा शुक्रवार की नमाज के लिए विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करने के नियम में संशोधन पर जद-यू नेता नीरज कुमार ने कहा कि 'असम सरकार का यह फैसला संविधान के मानक के खिलाफ है। सभी धर्मों को अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को जिंदा रखने का अधिकार है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा कहते हैं कि इससे विधानसभा में काम करने की क्षमता बढ़ेगी। फिर मैं उनसे कामाख्या मंदिर में 'बलि प्रथा' को रोकने के लिए कहना चाहूंगाजकिसी को भी धार्मिक प्रथाओं पर हमला करने का अधिकार नहीं है। गौरतलब है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को राजद के तेजस्वी यादव की नमाज पढ़ने के नियम संबंधी टिप्पणी की आलोचना की और उन्हें उपदेश देने से पहले खुद करके दिखाने की सलाह दी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पूर्व नेता लोबिन हेम्ब्रम के बीजेपी में शामिल होने के अवसर पर सरमा पार्टी मुख्यालय रांची में मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। असम विधानसभा में दो घंटे का जुमा अवकाश रद्द किए जाने के बाद तेजस्वी यादव ने असम के सीएम सरमा पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का आरोप लगाया था। सरमा ने कहा कि 'मैं दो घंटे के जुमा ब्रेक को फिर से लागू करूंगा, अगर मुझे सलाह देने वाले लोग अपने-अपने राज्यों में चार घंटे के ब्रेक को लागू कर दें।' उन्होंने कहा कि असम विधानसभा को छोड़कर, लोकसभा या राज्यसभा सहित कहीं भी 1937 से ब्रिटिश विरासत की ऐसी प्रथा का प्रावधान नहीं है।

# शिवाजी की मूर्ति गिरने के खिलाफ महाराष्ट्र विकास अघाड़ी का प्रदर्शन

### उद्धव ने शिंदे-फडणवीस की फोटो पर चप्पल मारी



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के विरोध में आज रविवार को महाविकास अघाड़ी मुंबई में प्रदर्शन कर रही है। इसे जोड़े मारो (जूता मारो) आंदोलन नाम दिया गया है। एमवीए ने साउथ मुंबई के हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक पैदल मार्च निकाला। इसमें उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, शरद पवार, सुप्रिया सुले, नाना पटोले समेत एमवीए की तीनों पार्टियों के बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान उद्धव ने सीएम शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के पोस्टर पर चप्पल मारी। उन्होंने कहा- मोदी की माफी अहंकार से भरी थी। वहीं, शरद पवार ने कहा- मूर्ति गिरना भ्रष्टाचार का उदाहरण है।

इधर, सीएम शिंदे ने कहा कि विपक्ष मामले पर राजनीति कर रहा है। जनता सब देख रही है। आने वाले चुनाव में महाराष्ट्र की जनता इन्हें जूतों से पीटेगी। भाजपा ने भी विपक्ष के प्रदर्शन के खिलाफ मुंबई में प्रोटेस्ट किया है। एमवीए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेता प्रसाद लाड बोले कि हम छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त कर रहे हैं। महा विकास अघाड़ी एक नैरेटिव बना रहा है। हम उस नैरेटिव के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। विपक्ष चुनावों को लेकर लाभ उठाना चाहता है।

### भाजपा का गेट आउट ऑफ इंडिया करना है

उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र जो कुछ भी चल रहा है कि इसे मैं राजनीति नही मानता हूं। इस गलती को माफी नही है। अपना दुख व्यक्त करने के लिए हमने गेट वे ऑफ इंडिया चुना है। यहां से भाजपा का गेट आउट ऑफ इंडिया करना है। मोदी ने माफी क्यों मांगी? पुतला गिरे इसके लिए या प्रतिमा में भ्रष्टाचार हुआ इसके लिए माफी मांगी है। मोदी किस-किस के लिए माफी मांगेंगे। जल्दबाजी में चुनाव के लिए राम मंदिर का उद्घाटन किया, संसद भवन का उद्घाटन किया सब से पानी टपक रहा है।

# जाति जनगणना और आरक्षण की मांग को लेकर पटना में धरने पर बैठे तेजस्वी यादव




**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पटना में राजद नेताओं ने रविवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। राजद नेता देश में जाति आधारित जनगणना और 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'मुद्दा यह है कि महागठबंधन की सरकार में जब हम बिहार के उपमुख्यमंत्री थे तो हमने पिछड़े, अति-पिछड़े, दलित समाज के लिए आरक्षण की सीमा को बढ़ाया। हम लोगों ने आरक्षण बढ़ाया जिसे हम सुरक्षित करना चाहते थे।'

तेजस्वी ने आगे कहा, 'कई दिन हो गए, संसद में हमारे सांसद मनोज झा ने सवाल पूछा तो भारत सरकार के लोगों ने गोल-मटोल जवाब देते हुए राज्य सरकार पर डाल दिया। नौंवी अनुसूचि का मामला राज्य सरकार नहीं देखती है। यह साफ है कि इनकी (NDA) मंशा ही नहीं, ऐसा समाज जो अंतिम पायदान पर खड़ा है वो आगे आए, सबके साथ बैठे, सब बराबर रहें, यह भाजपा के लोग नहीं चाहते। भाजपा के लोग चाहते हैं कि कचड़ा उठाने वाले की आने वाली पीढ़ी जिंदगी भर वही काम करे। भूमिहीन को जमीन न मिले, भिखारी को जीवन भर भिखारी बनाकर रखो यानी जो चंद लोग हैं मलाई खाने का अधिकार केवल उन्हीं को है।'

तेजस्वी ने कहा, 'हम लोगों ने तय किया कि हम लोग आरक्षण को बढ़ा दें क्योंकि जितनी जिसकी आबादी उसी हिसाब से उसे उसका उतना अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन इतने में हमारे चाचा जी (नीतीश कुमार) पलट गए। हम लोग नौकरी दे रहे थे, आरक्षण बढ़ा रहे थे, जाति आधारित जनगणना करवा रहे थे। उन्हीं के मंत्री ने मेरे साथ बैठकर प्रेस वार्ता की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बार-बार कहते थे कि जब हम जातिगत जनगणना करवा रहे थे तो भाजपा वाले कोर्ट चले गए।'

जाति आधारित जनगणना पर तेजस्वी ने कहा, 'आखिर क्यों सभी बड़े समाजवादी नेताओं ने समय-समय पर जाति आधारित जनगणना की बात की? आज भी समाज में भेदभाव होता है। जाति का नाम लेकर गाली दी जाती है। दलित के बेटे की शादी में वे मंदिर में पूजा नहीं करेगा। यह क्या व्यवस्था है? आज जब हम लोग गिनती की बात करते हैं तो वो लोग कहते हैं कि हम बाटने की बात कर रहे हैं। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि लोग अपने नाम के आगे नाम लिखते हैं। ये क्या तेजस्वी, लालू या राष्ट्रीय जनता दल ने बनाया? किसने यादव, मिश्रा, दास या कुशवाहा बनाया। हम तो कह रहे हैं कि चाहें कोई भी जाति के लोग हों आज उनकी स्थिति क्या है यह पता करो। यह पता करो कि गरीबी सबसे ज्यादा किस जाति में है उसका पता करो और फिर उस जात को गरीबी से निकालो। हम केवल इतना ही चाहते हैं।'